सुविचार
पूर्णतया निंदित या पूर्णतया प्रशंसित पुरुष न था, न होगा, न आजकल है।
धम्मपद

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
Published from Ranchi

Ranchi ● Thursday, 22 February 2024 ● Year : 01 ● Issue : 36 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : 3 ● www.thephotonnews.com
E-Paper : epaper.thephotonnews.com

नो फिल्टर नेहा टॉक शो में नजर आएंगी...

SHARE

सेंसेक्स	:	72,623.09
निफ्टी	:	22,055.05

SARAFA

सोना	:	5,920
चांदी	:	77.02

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

BRIEF NEWS

नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल की सजा

RANCHI : पॉक्सो के विशेष न्यायाधीश आसिफ इकबाल की अदालत ने बुधवार को नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी मांडर निवासी आफताब अंसारी को 20 साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर अभियुक्त को छह माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी। इस घटना को लेकर पीड़ित के परिजनों ने अप्रैल, 2022 में मांडर थाना में अपहरण का मामला दर्ज कराया था। हालांकि, बाद में अदालत में पीड़ित ने दुष्कर्म की बात बताई थी। आरोप पत्र दाखिल होने पर अदालत ने मामले में संज्ञान लिया था।

मराठा आरक्षण पर पेंच फिर आंदोलन की तैयारी

MUMBAI : मराठा आरक्षण आंदोलन के नेता मनोज जरांगे ने 24 फरवरी को फिर से राज्य में आंदोलन करने का ऐलान किया है। उन्होंने कहा यह सरकार निजाम और अंग्रेजों से भी बुरी है। इसलिए इस बार बच्चे और बुजुर्ग भी आंदोलन में शामिल होंगे। अगर एक भी बुजुर्ग की मौत होती है तो सरकार इसके लिए जिम्मेदार होगी। जरांगे ने चुनाव आयोग से इलेक्शन न करवाने की विनती की है। उन्होंने आगे कहा कि अगर कोई नेता लोकसभा चुनाव के लिए प्रचार करने आता है तो उसकी गाड़ी कब्जे में ले लो। दरअसल, महाराष्ट्र विधानसभा में मंगलवार 20 फरवरी को मराठाओं को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का बिल पास हो गया। सीएम शिंदे अब इस बिल को विधान परिषद में पेश करेंगे। वहां से पास होने के बाद यह कानून बन जाएगा। मराठा आरक्षण बिल पारित होने से मराठाओं को शिक्षा और सरकारी नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

बगैर जातीय जनगणना के जनता को न्याय मिलना असंभव : राहुल गांधी

KANPUR : भाजपा पर तीखा प्रहार करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कानपुर के घंटाघर चौराहे पर जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि देश में जातीय जनगणना के बाद ही न्याय मिल पाएगा। चाहे जितना चिल्लाओ इस सरकार में रोजगार नहीं मिलेगा। आपको सताया जा रहा है। भर्ती परीक्षा के पेपर लीक हो रहे हैं। मोदी एवं योगी सरकार में युवाओं को रोजगार, महिलाओं एवं किसानों को न्याय पुलिस और न्यायालयों से नहीं मिल रहा है। पिछड़ो, दलितों एवं आदिवासियों को किनारे कर दिया गया है। राम मंदिर के उद्घाटन के मौके पर देश के राष्ट्रपति को नहीं जाने दिया गया।

रांची, गुमला, लोहरदगा के 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का हुआ वितरण

ईडी पॉलिटिकल एजेंट के रूप में काम कर रही, हेमंत को जबरदस्ती फंसाया : चंपाई

PHOTON NEWS RANCHI : मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने रांची के मोरहाबादी मैदान में अबुआ आवास योजना के 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया। सीएम ने 83 गाड़ियों को रवाना कर मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी शुभारंभ किया। जल्द ही 250 से गाड़ियां ग्रामीण इलाकों में दौड़ने लगेंगी, जिसमें विद्यार्थी, आंदोलनकारी, दिव्यांग, बुजुर्ग और विधवा माता-बहनें मुफ्त में सफर कर सकेंगी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी ईडी केंद्र सरकार के इशारे पर भेदभावपूर्ण तरीके से काम कर रही है। किसी बही-खाते में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का नाम ही नहीं है, लेकिन केंद्र के इशारे पर उन्हें जबरदस्ती फंसा दिया गया। ईडी पॉलिटिकल पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रही है। सीएम ने कहा कि भाजपा के लोग अबुआ आवास को बबुआ आवास कह कर मजाक उड़ा रहे हैं। वे लोग थोड़ा तो शर्म करें। केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास का आवंटन रोक दिया था, तब हेमंत सरकार को अबुआ आवास योजना शुरू करना पड़ा। पूर्व की रघुवर सरकार पर हमला करते हुए चंपाई ने कहा कि सीएनटी-एसपीटी एक्ट में छेड़छाड़ करने चले थे, इसलिए जनता ने गद्दी से उतार दिया।

- 2027 तक 20 लाख परिवारों को अबुआ आवास देगी सरकार : चंपाई सोरेन
- मोरहाबादी मैदान में मुख्यमंत्री ने किया ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ
- सीएम ने हरी झंडी दिखाकर 83 गाड़ियों को किया रवाना
- दिव्यांग, आंदोलनकारी, छात्र, बुजुर्ग बसों में करेंगे मुफ्त सफर

रांची के मोरहाबादी मैदान में महिला लाभुक को अबुआ आवास योजना का स्वीकृति पत्र सौंपते सीएम चंपाई सोरेन।

29 लाख आवेदन मिले, 20 लाख को स्वीकृति दी गई, शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे जो बुझेगा नहीं

लाभुकों को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि सरकार 2027 तक राज्य के 20 लाख गरीब परिवारों को अबुआ आवास के तहत पक्का मकान देगी। वहीं अगले तीन महीने में 9 लाख परिवारों को योजना का लाभ दिया जाएगा। सीएम ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों से अनुमंडल और जिला तक के आवागमन की सुविधा को सुलभ करने के लिए मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का शुभारंभ किया गया है। सरकार ग्राम गाड़ी योजना को मजबूत करने के लिए 15000 किलोमीटर सड़क भी बनाने जा रही है। सीएम चंपाई ने कहा कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम के तहत लगे शिविरों में अबुआ आवास के लिए 29 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त किए गए। सरकार ने 20 लाख अबुआ आवास योजना के आवेदनों पर स्वीकृति दी है। कहा कि हमारी सरकार ने झारखंड के आदिवासी, मूलवासी, दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक सहित सभी वर्ग समुदाय की पीड़ा को समझा है। झारखंड खनिज संपदा वाला प्रदेश रहा है, लेकिन यहां के खनिज संपदाओं का लाभ गुजरात, यूपी और दिल्ली के लोगों ने उठाया है। यहां के गरीब, मजदूर, किसान को खनिज संपदाओं के हक-अधिकार से दूर रखा गया। डबल इंजन की सरकार में खनिज संपदाओं का दुरुपयोग हुआ है। हमारी सरकार एक-एक झारखंड वासियों को उनका हक-अधिकार देने का कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि भाजपा की सरकार नहीं चाहती थी गरीब, आदिवासी, पिछड़े, किसान और मजदूरों के बच्चे पढ़ें। हम शिक्षा का ऐसा दीप जलाएंगे, जो कभी बुझेगा नहीं।

लाभुकों के खाते में 72 करोड़ रुपये ट्रांसफर

रांची, गुमला और लोहरदगा के चयनित 24117 लाभुकों के बीच स्वीकृति पत्र का वितरण किया। इनमें रांची जिला के 13626, गुमला जिला के 7663 और लोहरदगा जिला के 3228 लाभुक शामिल हैं। डीबीटी के जरिये इन लाभुकों के खाते में 72 करोड़ 35 लाख 10 हजार की राशि दी गई। ग्राम गाड़ी योजना के लाभार्थियों के चयन में एसटी, एससी और अन्य पिछड़ा वर्ग के लोगों को प्राथमिकता दी जाएगी। लाभुकों को नये वाहन खरीदने पर 5 वर्षों तक 5 प्रतिशत ब्याज सब्सिडी मिलेगा। परमिट शुल्क, रजिस्ट्रेशन शुल्क, फिटनेस टेस्ट शुल्क और परमिट आवेदन सिर्फ एक रुपये में होगा।

केंद्र ने पीएम आवास का नहीं दिया आवंटन

सीएम चंपाई सोरेन ने कार्यक्रम में भाजपा और ईडी पर जमकर हमला बोला। सीएम ने कहा कि ईडी केंद्र के इशारे पर काम कर रही है। हेमंत सोरेन का किसी खाता बही में नाम नहीं है। उन्हें जान बुझकर फंसाया गया है। केंद्रीय एजेंसी भाजपा के इशारे पर भेदभाव पूर्ण तरीके से काम कर रही है। सीएम ने कहा कि भाजपा वाले अबुआ आवास को बबुआ आवास कह कर मजाक उड़ा रहे हैं। उन्हें शर्म आनी चाहिए। केंद्र की सरकार ने हेमंत सरकार के समय पीएम आवास का आवंटन नहीं दिया, इसलिए हमें अबुआ आवास योजना शुरू करना पड़ा। चंपाई ने कहा कि भाजपा कहती है कि हमने क्या किया है। राज्य की जनता को पता है, हमने क्या किया है। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं घर घर तक पहुंच चुकी है। रघुवर सरकार ने 5000 से ज्यादा प्राइमरी स्कूलों को बंद कर दिया था और 11 लाख राशन कार्ड रद्द कर दिये थे। हमारी सरकार ने राज्य में संचालित सरकारी स्कूलों को स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल के रूप में अपग्रेड किया और गरीबों को राशन देने के लिए 20 लाख हरा कार्ड बनाया। सीएम ने कहा कि सरकार की सोच है कि सभी वर्ग-समुदाय के बच्चे पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी ऑफिसर बन सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब हमारी सरकार झारखंड वासियों को 125 यूनिट तक मुफ्त बिजली उपलब्ध कराएगी। इससे पहले हेमंत सोरेन के नेतृत्व में हमारी सरकार ने 100 यूनिट बिजली नि:शुल्क उपलब्ध कराने का कार्य कर दिखाया है। हेमंत सोरेन की सोच को आगे बढ़ते हुए हमारी सरकार ने यह निर्णय लिया कि अब 125 यूनिट बिजली राज्य वासियों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।

मैच से पहले दोनों टीमों ने जमकर बहाया पसीना

वार्मअप, फील्डिंग और कैच प्रैक्टिस किया

ओवल ग्राउंड में प्रैक्टिस के दौरान भारतीय टीम के खिलाड़ी।

PHOTON NEWS RANCHI : 23 से 27 फरवरी तक रांची के जेएससीए स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड के बीच सीरीज का चौथा टेस्ट मैच मुकाबला खेला जाना है। भारत 2-1 की लीड के साथ इंग्लैंड पर दबाव बनाए हुए है। मुकाबले के लिए दोनों टीमें मंगलवार को रांची पहुंचीं। बुधवार को दोनों टीमों ने अभ्यास सत्र में जमकर पसीना बहाया। भारत और इंग्लैंड दोनों टीमों ने बारी-बारी से ओवल ग्राउंड में नेट में प्रैक्टिस करती दिखी।

- रोहित, शुभमन, यशस्वी ने नेट में बिताया अधिक समय
- दोनों टीमों बारी-बारी से नेट में प्रैक्टिस करती दिखी

इंग्लैंड ने सुबह में 3 घंटे तक अभ्यास किया। वहीं भारतीय टीम ने दोपहर में प्रैक्टिस किया। इस दौरान जेएससीए के ओवल मैदान में बने प्रैक्टिस नेट में बल्लेबाजों और गेंदबाजों ने पसीना बहाया। वहीं मुख्य मैदान में वार्मअप, फील्डिंग और कैच प्रैक्टिस भी किया।

कांग्रेस का आरोप- आईटी डिपार्टमेंट ने अकाउंट से पैसे निकाले

NEW DELHI : कांग्रेस ने बुधवार को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक खातों से 65 करोड़ रुपए निकालने का आरोप लगाया है। पार्टी पर 115 करोड़ रुपए का टैक्स बकाया था। कांग्रेस ने कहा कि टैक्स रिटर्न का मामला इनकम टैक्स अपीलेट ट्रिब्यूनल (आईटीएटी) में लंबित है। आईटी डिपार्टमेंट ने गैर लोकतांत्रिक तरीके से मंगलवार (को पैसे निकाले हैं। कांग्रेस ने इसको लेकर आईटी अपीलेट ट्रिब्यूनल में शिकायत की है। कांग्रेस ने मामले का निपटारा होने तक मामले में कोई कार्रवाई न करने की अपील की है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने कहा कि अगर जांच एजेंसियों की कार्रवाई अनियंत्रित हो गई तो लोकतंत्र खत्म हो जाएगा। कांग्रेस को न्यायपालिका पर पूरा भरोसा है। इससे पहले 16 फरवरी को कांग्रेस ने इनकम टैक्स डिपार्टमेंट पर पार्टी के बैंक अकाउंट फ्रीज करने का आरोप लगाया था। कांग्रेस के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा था कि इनकम टैक्स ने यूथ कांग्रेस और कांग्रेस पार्टी से 210 करोड़ रुपए की रिकवरी मांगी है।

रांची के ओझा मार्केट में अपराधियों ने दंपती को मारी गोली, दोनों की गई जान

बुधवार देर शाम की घटना, बाइक पर सवार होकर पहुंचे थे अपराधी

CRIME REPORTER RANCHI : राजधानी रांची में अपराधियों ने एक बड़ी घटना को अंजाम दिया है। बुधवार की देर शाम बाइक सवार अपराधियों ने दंपती को गोली मार दी। यह घटना जिले के पंडरा ओपी क्षेत्र के ओझा मार्केट स्थित जनक नगर में हुई है। गोली मारने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गए। वहीं घटना की सूचना मिलने के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की जानकारी दी। आनन-फानन में पुलिस ने दंपती को पास के अस्पताल भेजा, जहां दोनों को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस मौके पर पहुंचकर मामले की जांच में जुट गई है।

- घायल पति-पत्नी को पुलिस ने जसलोक अस्पताल भेजा, डॉक्टरों ने किया मृत घोषित
- अपराधियों ने पांच राउंड की फायरिंग, खेत के रास्ते हो गए फरार
- अवैध संबंध के शक में बिरसा ने पहली पत्नी को कांके डैम में डुबाकर मार दिया था

जमीन विवाद को लेकर हत्या की आशंका

अपराधियों की गोली से घायल पति बिरसा उरांव और पत्नी सोनी मुंडा को पुलिस ने इटकी रोड स्थित जसलोक भेजा। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि बिरसा उरांव घटना से कुछ देर पहले अपने घर लौटा और उसकी पत्नी घर के बाहर खाना बना रही थी। इसी दौरान दो अपराधी बगल के खेत के रास्ते मौके पर पहुंचे और दोनों को गोली मार दी। बिरसा उरांव का किसी से जमीन का विवाद भी चल रहा था। इससे आशंका जताई जा रही है कि जमीन विवाद में उसकी हत्या हुई है।

नौ साल जेल में रहकर बाहर निकाला था बिरसा

बिरसा उरांव हत्या के मामले में जेल से सजा काटकर, कुछ दिनों पहले ही बाहर निकला था। बिरसा ने तीन शादी की थी। सोनी मुंडा बिरसा उरांव की तीसरी पत्नी थी। इसके अलावा बिरसा उरांव का पूर्व से आपराधिक इतिहास रहा है। हजारीबाग पुलिस ने उसे हत्या के मामले में जेल भेजा था। आसपास के लोगों से पूछताछ के दौरान यह भी बात सामने में आ रही है कि बिरसा उरांव ने अपनी पहली पत्नी को अवैध संबंध के शक में कांके डैम में डुबाकर मार दिया था।

42 साल तक सुपरहिट शो गीतमाला को होस्ट किया

अमीन सयानी नहीं रहे, 91 की उम्र में आया हार्ट अटैक

AGENCY MUMBAI : नमस्कार भाइयो और बहनो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं। 42 साल तक अपने इस शानदार अंदाज और आवाज से लोगों को रेडियो का दीवाना बनाने वाले अमीन सयानी नहीं रहे। अमीन सयानी का 91 साल की उम्र में मुंबई में निधन हो गया। बेटे रजिल ने बताया कि अमीन सयानी को मंगलवार शाम को हार्ट अटैक आया था, जिसके बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया था, लेकिन उन्हें बचाया नहीं जा सका। रजिल ने कहा कि पिता का अंतिम संस्कार गुरुवार को होगा। अमीन सयानी ने 1952 से 1994 तक रेडियो शो गीतमाला को होस्ट किया। अमीन सयानी की वजह से इस रेडियो शो को देशभर में लोकप्रियता मिली।

जन्म : 21 दिसंबर 1932
निधन : 20 फरवरी 2024

5 हजार रेडियो प्रोग्राम्स में अपनी आवाज दी

एक वॉयस ओवर आर्टिस्ट के तौर पर अमीन सयानी ने रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने 54 हजार से ज्यादा रेडियो प्रोग्राम होस्ट किए और उनमें अपनी आवाज दी। लिम्का बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में उनके नाम सबसे ज्यादा 19000 जिंगल्स और वॉयस ओवर का रिकॉर्ड है। सयानी कई फिल्मों में भी रेडियो अनाउंसर के तौर पर नजर आए। इनमें 'भूत बंगला', 'तीन देवियां', 'बॉक्सर' और 'कत्ल' जैसी मूवीज शामिल हैं। लता मंगेशकर, मोहम्मद रफी, किशोर कुमार और राजकपूर जैसी हस्तियों के साथ उनके इंटरव्यूज ने भी उनकी फैन फॉलोइंग में बहुत ही ज्यादा इजाफा किया था।

30 मिनट का रेडियो शो, तीन नाम बदले

सयानी का शो बिनाका गीतमाला पहले रेडियो सीलोन पर ब्रॉडकास्ट होता था। ये 30 मिनट का प्रोग्राम था। 1952 में शुरू हुआ ये शो सेंसेशन बन गया। बिनाका गीतमाला से ये सिबाका गीतमाला हुआ और बाद में हिट परेड नाम से भी ब्रॉडकास्ट हुआ, लेकिन कभी भी इसकी लोकप्रियता कम नहीं हुई। इसके बाद गीतमाला शो ऑल इंडिया रेडियो और विविध भारती पर ब्रॉडकास्ट हुआ। गीतमाला शो रेडियो पर बुधवार रात 8 बजे ब्रॉडकास्ट होता था। आलम यह था कि हर कोई इस शो का इंतजार करता था। घर, दुकान, बाजार हर जगह लोग सयानी को सुनने के लिए बेकरार रहते थे। फिर गूंजती थी एक आवाज- बहनो और भाइयो, मैं आपका दोस्त अमीन सयानी बोल रहा हूं। और अब इस बरस बिनाका गीतमाला की वार्षिक हिट परेड का सरताज गीत। इसके बाद बिगुल की आवाज गूंजती और फिर अमीन सयानी कहते, फिल्म सूरज का गाना है ये बहनो और भाइयो। इसे गाया है मोहम्मद रफी ने।

शादी के आधार पर महिला को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता : सुप्रीम कोर्ट

NEW DELHI : सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि शादी के आधार पर महिलाओं को नौकरी से नहीं निकाला जा सकता है। शादी करने की वजह से महिलाओं को नौकरी से निकाल देने वाले नियम असंवैधानिक और पितृसत्तात्मक हैं। ये नियम इंसानी गरिमा और निष्पक्ष व्यवहार के अधिकार को कमजोर करता है। दरअसल, आर्मी नर्स सेलिना जॉन को आर्मी नर्सिंग सर्विस ने शादी करने की वजह से नौकरी से निकाल दिया गया था। सेलिना को बर्खास्त किए जाने को सुप्रीम कोर्ट ने जेंडर भेदभाव और असमानता का बड़ा मामला करार दिया। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 60 लाख रुपए का मुआवजा याचिकाकर्ता सेलिना जॉन को देने का भी आदेश दिया है। जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने कहा कि ऐसे नियम असंवैधानिक हैं जिनके आधार पर महिला अधिकारियों को उनकी शादी की वजह से नौकरी से बर्खास्त किया जाए।

हेमंत के आवेदन पर कोर्ट में हुई सुनवाई

हेमंत बजट सत्र में शामिल होंगे या नहीं, फैसला आज

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन बजट सत्र में शामिल होंगे या नहीं, इस पर ईडी की स्पेशल कोर्ट गुरुवार को अपना फैसला सुनाएगी। हेमंत सोरेन की ओर से स्पेशल कोर्ट में दिए गए आवेदन पर सुनवाई हुई। पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की ओर से महाधिवक्ता राजीव रंजन ने पक्ष रखा। जहां उन्होंने कोर्ट को बताया गया कि बजट सत्र में मनी बिल पास होता है, इसलिए हेमंत सोरेन का रहना जरूरी है। झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से शुरू हो रहा है। अदालत को दिए आवेदन में पूर्व सीएम की ओर से बताया गया था कि बजट सत्र काफी महत्वपूर्ण होता है। इसमें होने वाले निर्णय उनके विधानसभा क्षेत्र के

लिए काफी जरूरी है। ऐसे में कर्तव्यों के निर्वहन के लिए कार्यवाही में उनका भाग लेना आवश्यक है।

31 जनवरी को ईडी ने किया था गिरफ्तार : झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जमीन घोटाला मामले में पूछताछ के बाद 31 जनवरी को ईडी ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद से ईडी ने 13 दिनों तक रिमांड में लेकर उनसे पूछताछ की। इसके बाद से वे न्यायिक हिरासत में जेल में बंद हैं।

BRIEF NEWS

हथियारबंद बदमाशों ने बाइक सवार को लूटा

RAMGARH : जिले के भुरकुंडा ओपी क्षेत्र में हथियारबंद अपराधियों ने एक बाइक सवार को लूट लिया। इस मामले की पुष्टि करते हुए पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र कुमार राम ने बताया कि छिनतई गिरोह ने आतंक मचा रखा है। हथियार बंद बाइकर्स लुटेरे गैंग ने तीन दिन पूर्व इसी जगह के आसपास जवाहर निवासी को निशाना बनाया था और नकदी सहित मोबाइल छीन लिया था। घात लगाए तीन बदमाशों ने बंदूक के बल पर मनीष राजवार न्यू बैरक निवासी को निशाना बनाया। पिस्तौल के कुंदे से मार-पीट कर नकदी पैसे और मोबाइल लूटपाट कर फरार हो गए। जानकारी अनुसार मनीष राजवार सेंट्रल सौंदा से घर भुरकुंडा आ रहा था। इस बीच बदमाशों ने बड़ा आफिस के पास उन्हें रोककर मारपीट करते हुए पैसे और मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना के बाद भुक्तभोगी ने भुरकुंडा थाना में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस घटना की जांच-पड़ताल कर रही है।

सड़क दुर्घटना में महिला की मौत

HAZARIBAGH : जिला के हजारीबाग केरेडारी मार्ग के भदईखाप (लोयसुकवार) चौक के पास बुधवार को सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौत हो गई। बताया जाता है कि महिला अपने पति और दुधमुंहे बच्चे के साथ टडवा बाजार जा रही थी। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे बारह चक्का ट्रक बाइक को अपने चपेट में ले लिया। इससे महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मृतक राजेंद्र गंझू की पत्नी पूनम देवी केरेडारी थाना क्षेत्र के निरी गांव की रहने वाली थी। घटना के बाद हजारीबाग केरेडारी मार्ग को जाम कर दिया गया है। इधर घटना की सूचना मिलते ही केरेडारी पुलिस घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में कर ली है। समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम है।

खूंटी जिले में छह थानों को मिले नए थाना प्रभारी

KHUNTI : जिले के पुलिस अधीक्षक अमन कुमार ने छह थाना प्रभारियों की पदस्थापना की है। विकास कुमार जायसवाल को रनिया थाना प्रभारी बनाया गया है। मुकेश कुमार यादव अड़की के थाना प्रभारी बनाये गये हैं। जितेंद्र कुमार को कर्रा थाना प्रभारी, आदित्य कुमार को जरियगढ़. थाना प्रभारी, नायल गोडवीन को मुरहू थाना प्रभारी और शंकर विश्वकर्मा को मारंगहदा थाना प्रभारी बनाया गया है। इनके अलावा मणिदीप को मुरहू थाना और बीरबल करमाली को खूंटी थाना भेजा गया है।

यज्ञ के नगर भ्रमण में शामिल हुए हजारीबाग सदर विधायक

HAZARIBAGH : शहर के जयप्रभा नगर कॉलोनी में आयोजित माता संतोषी प्राण-प्रतिष्ठा पंच दिवसीय महायज्ञ के तीसरे दिन बुधवार को नगर भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें विशेष रूप से हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल स्थानीय श्रद्धालुओं संग शामिल हुए। यज्ञ समिति के लोगों ने विधायक का स्वागत व सम्मान किया। इस मौके पर कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, अखौरी ब्रजेश सहाय, भाजयुमो नेता आशीष गुप्ता सहित अन्य कई गणमान्य लोग मौजूद थे।

फाइनेंस कर्मी से छिन्नतई मामले में दोषी को दो साल की कैद, एक लाख जुर्माना

DUMKA : व्यवहार न्यायालय के प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी विजय कुमार यादव की अदालत ने बुधवार को फाइनेंस कंपनी के कर्मी से नगद राशि छिन्नतई करने के मामले में दोषी को दो साल के कारावास और मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपए भुगतान करने का फैसला सुनाया है। न्यायालय में बुधवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई हुई। दोनों पक्षों की ओर से बहस सुनने के बाद न्यायालय ने उस्मान अंसारी को भादवि की धारा 392 के तहत दोषी ठहराया और दो साल के कारावास और मुआवजे के तौर पर एक लाख रुपए भुगतान करने का फैसला सुनायी। सरकार की ओर से सहायक लोक अभियोजक खुशबुद्दीन अली ने पैरवी की और बहस में हिस्सा लिया। अभियोजन पक्ष की ओर से विचारण के दौरान कोर्ट में छह गवाह पेश किये गये तथा प्रतिपरीक्षण कराया गया।

जेजेएमपी उग्रवादियों ने तोड़ डाली पोकलेन, मचाया उत्पात

भंडरिया में चल रही पुल निर्माण की साइट पर की तोड़फोड़, मजदूरों को पीटा

PHOTON NEWS GARHWA : जिले के भंडरिया थाना क्षेत्र में नक्सली संगठन झारखंड जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के उग्रवादियों ने मंगलवार रात उत्पात मचाया। छह नक्सली भंडरिया थाना क्षेत्र के उस स्थान पर पहुंचे, जहां पुल निर्माण रहो रहा था। नक्सली वहां लेवी मांगने गए थे। निर्माण स्थल पर नक्सलियों ने तोड़फोड़ की और मजदूरों के साथ मारपीट भी की।

तोड़फोड़ की घटना के बाद बिखरे पड़े सामान। ● फोटोन न्यूज

भंडरिया थाना क्षेत्र के अड़ा महुआ और कंजिया गांव को जोड़ने वाले सरस्वती नाला पर पुल निर्माण चल रहा है। इस बीच आधी रात को नक्सली लेवी वसूलने कंस्ट्रक्शन साइट पर पहुंचे। वे वहां हथियार के साथ आए थे। हथियार के बल पर उन्होंने साइट पर तोड़फोड़ शुरू कर दी। नक्सलियों ने पोकलेन मशीन में तोड़फोड़ किया। साथ ही वहां मौजूद मजदूरों से मारपीट भी की। नक्सली तीन मोबाइल और एक मोटरसाइकिल भी अपने साथ ले गए। घटना की जानकारी मिलते ही भंडरिया थाने की पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों से इस क्षेत्र में नक्सली काफी सक्रिय हैं। वे लेवी की मांग को लेकर लगातार निर्माण कार्य को बाधित कर रहे हैं। कुछ दिन पहले भी नक्सलियों ने क्षेत्र में पर्चा चस्पा कर दहशत फैलाई थी। रंका में इसी दस्ते के साथ पुलिस की मुठभेड़ भी हो चुकी है, जिसमें पुलिस को सफलता भी मिली है लेकिन आतंक का पर्याय बना

पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की हो रही साजिश : विहिप

RANCHI : विश्व हिन्दू परिषद रांची ग्रामीण जिला मंत्री रोबिन कुमार महतो और बजरंग दल जिला संयोजक बिनोद विश्वकर्मा ने कहा है कि विगत दिनों नगड़ी में सरस्वती पूजा विसर्जन जुलूस में एक समुदाय के जरिये सुनियोजित तरीके से मस्जिद के पास घात लगाकर पथराव की गई थी। इस हमले में कई लोग गंभीर रूप से जख्मी भी हुए हैं, जिनका इलाज अब भी चल रहा है। इस घटना से हिंदू समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है। दोनों पदाधिकारियों ने कहा है कि पथराव की घटना से जनता का ध्यान भटकाने की साजिश एक जमात कर रहा है। क्योंकि, नगड़ी पुलिस उन उपद्रवियों को गिरफ्तार करने के बजाय संरक्षण देने में लगी है। इस मामले में नगड़ी पुलिस की भूमिका संदिग्ध है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर बजरंग दल का नाम मंदिरों की मूर्ति चोरी से जोड़ा जा रहा है। जबकि संगठन से कोई लेना-देना नहीं है। कुछ कथित लोग झूठ परोसने में लगे हैं, जबकि ये दोनों घटनाएं अलग-अलग हैं। संबंधित समाचार का विहिप और बजरंग दल ने खंडन किया है।

बंद ट्रेनों को चालू कराने की मांग को लेकर रेल उपभोक्ता समिति का धरना

PHOTON NEWS PALAMU : सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड की यात्री ट्रेनों को तत्काल चालू करने समेत पांच सूत्री विभिन्न मांगों को लेकर जपला रेलवे स्टेशन परिसर में बुधवार को रेल उपभोक्ता समिति जपला व हैदरनगर इकाई ने संयुक्त रूप से एक दिवसीय धरना दिया।

मौके पर समिति के अध्यक्ष गुप्तेश्वर पांडेय ने बताया कि बंद पैसेंजर ट्रेन, शटल सवारी गाड़ी, सभी एक्सप्रेस गाड़ी को तत्काल चालू करने, कोरोना कल के समय पैसेंजर ट्रेन का भाड़ा वृद्धि को वापस लेने, पैसेंजर ट्रेनों में डिब्बों की संख्या 15 करने, भविष्य में विकास कार्यों की वजह ट्रेनों को बंद करने के पूर्व समिति के साथ बैठक करने आदि मांगें शामिल है।

प्रेमतोष सिंह ने कहा कि रेलवे का मनमाना रवैया बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। यात्री ट्रेनों को बीच बीच में बंद करना लोकहित के खिलाफ है। मनोज शर्मा ने कहा कि रेलवे के मनमाने रवैए से रेल खंड के लोग तंग आ चुके हैं। रेलवे यात्री ट्रेनों को बंद कर माल गाड़ी का धड़ल्ले से परिचालन किया जा रहा है। यह आम लोगों के साथ खिलवाड़ जैसा है।

राज अली ने कहा कि भविष्य में इस तरह की समस्या होने पर जोरदार आंदोलन चलाया जायेगा। सोननगर-गढ़वा रोड रेलखंड पर आवागमन को ठप्प कर दिया जाएगा। पांच सूत्री मांग पत्र स्टेशन अधीक्षक के माध्यम डीआरएम मुगलसराय (पंडित दीन दयाल) को दिया गया।

भोजन परोसते समय ऐप्रन, ग्लब एवं हेड कवर का करें प्रयोग : डॉ. मांझी

सिविल सर्जन, खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी व अन्य। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS KHUNTI : सिविल सर्जन डॉ. नागेश्वर मांझी और खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने बुधवार बिरहू स्थित जवाहर नवोदय विद्यालय तथा नेताजी सुभाष चंद्र बोस आवासीय विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय में छात्र-छात्राओं के भोजन के लिए पकाये गये भात, दाल, सब्जी सहित अन्य खाद्य सामग्री की जांच की गई।

जांच के पश्चात खाद्य सामग्रियों की गुणवता संतोषजनक पाई गई। स्कूलों के किचन की साफ-सफाई संतोषजनक थी। मौके पर सिविल सर्जन ने निर्देश दिया कि रसोईया खाना बनाते और भोजन परोसते समय ऐप्रन, ग्लब एवं हेड कवर का प्रयोग करेंगे। उन्होंने कहा कि किचन के बेसिन की साफ-सफाई का ध्यान रखना जरूरी है। उन्होंने खाद्यान्न के स्टोर रूम में खाद्य सामग्री का रख-रखाव सही तरीके से करने का निर्देश दिया।

निर्देशित किया गया कि प्रथम एक्सपायरी, प्रथम आउट के तहत खाद्य सामग्रियों का उपयोग करना है। एक ही तेल का प्रयोग दो बार से ज्यादा नहीं करना है। फूड सेफ्टी ऑफिसर मनोज कुमार ने प्रधानाध्यापक से कहा कि किसी प्रकार की खाद्य पदार्थ को खरीदने से पहले उसमें अंकित फूड लाइसेंस नंबर, मैन्युफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट को देखने के बाद ही उसका उपयोग करना चाहिए।

प्रेमी के ठुकराने के बाद युवती ने की आत्महत्या

DHANBAD : धनबाद के भूली ओपी क्षेत्र स्थित रेलवे ट्रैनिंग स्कूल के समीप धनबाद कोलकाता ग्रेंड कोड लाइन पर बुधवार की सुबह एक युवती ने ट्रेन से कटकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर भूली ओपी पुलिस और धनबाद जीआरपी मौके पर पहुंच मामले की तफ्तीश में जुटी गई है। मृत युवती की पहचान वासेपुर मटकुरिया बस्ती निवासी कलाम अंसारी की बेटी सिमा परवीन (20) के रूप में हुई है। घटना के संबंध में मृत युवती के पिता कलाम अंसारी ने बताया कि मंगलवार शाम करीब छह बजे से ही उनकी बेटी घर से गायब थी। इसके बाद सुबह रेलवे ट्रैक पर उसकी लाश मिली। उन्होंने बताया कि पिछले छह महीने से पास के ही शोएब कुरैशी नामक एक युवक से उनकी बेटी का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। इस दौरान युवक ने उनकी बेटी को बहला फुसलाकर कई बार उसका यौन शोषण भी किया। जब उनकी बेटी ने युवक पर शादी का दबाव बनाया तो उसने शादी करने से साफ इंकार कर दिया। जिससे उनकी बेटी डिप्रेशन में चली गई। और उसके बाद उसने यह खौफनाक कदम उठा लिया। वहीं मौके पर पहुंची भूली ओपी की पुलिस और जीआरपी पूरे मामले की तफ्तीश करने में जुटी हुई है।

नोडल पदाधिकारी की अध्यक्षता में स्वीप कार्यक्रम को लेकर बैठक का हुआ आयोजन, बोले-

लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य सभी मतदाताओं को मतदान करना आवश्यक

PHOTON NEWS PALAMU : नगर निगम के आयुक्त सह स्वीप कोषांग के नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन की अध्यक्षता में बुधवार को स्वीप कार्यक्रम को लेकर डीडीसी कार्यालय के सभागार में बैठक हुई। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को मतदाता जागरुकता को लेकर कई टास्क सौंपे। उन्होंने सभी से इस बार 80 प्रतिशत मतदान पार के संकल्प के साथ स्कूली बच्चे, युवा, बुजुर्ग, महिला एवं पुरुषों को मताधिकार के उपयोग के लिए जागरूक करने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि मजबूत लोकतंत्र में प्रत्येक जन की भागीदारी अनिवार्य है। इसके लिए यह आवश्यक है कि सभी पात्र मतदाता मतदान करें। जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्रों में सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता (स्वीप) गतिविधियों के माध्यम से सभी पात्र मतदाताओं को इस दिशा में जागरूक किया जाएगा। प्रत्येक पात्र मतदाता का मत लोकतंत्र को मजबूत करने में सहायक बनता है।

बैठक में शामिल नोडल पदाधिकारी जावेद हुसैन व अन्य। ● फोटोन न्यूज

नगर आयुक्त ने कृषि पदाधिकारी को विभाग के एटीएम व बीटीएम का सहयोग लेते हुए उनके माध्यम से लोगों के बीच मतदान संबंधित जागरूकता कराने पर बल दिया। इस तरह श्रम अधीक्षक को प्रवासी श्रमिकों से संपर्क स्थापित करते हुए उन्हें मतदान करने हेतु प्रेरित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि प्रवासी श्रमिकों से ई-कार्ड, टेलीफोन, एसएमएस के जरिए संपर्क स्थापित किया जा सकता है।

इसी तरह सभी पीडीएस डीलरों के माध्यम से भी सभी कार्डधारियों को शत-प्रतिशत मतदान कराने पर बल दिया गया। इसके अलावा पोस्ट ऑफिस से आनेवाले सभी डाकों पर मतदान संबंधित स्लोगन, एमएमसीएच के सभी पर्ची में भी जागरुकता संदेश लिखवाने और अन्य सभी सरकारी दैनिक चिट्ठी पर भी मतदान करने संबंधित स्लोगन लिखवाने पर बल दिया गया।

मतदान के दिन पिंक मुफ्त सिटी बस सेवा

नगर आयुक्त ने कहा कि पलामू में जिस दिन भी मतदान होगा, उस दिन निगम क्षेत्र में मतदाताओं को बूथ तक निःशुल्क पिक एंड ड्राप किया जायेगा। उन्होंने अन्य नगर परिषद व नगर पंचायत के पदाधिकारी को इसी तरह के योजना पर काम करने पर बल दिया। इसके बाद उन्होंने समाज कल्याण पदाधिकारी व जेएसएलपीएस की दीदियों को आपस में बेहतर समन्वय स्थापित करते हुए अपने-अपने स्तर से मतदाता जागरूकता से संबंधित विभिन्न कार्यक्रम कराने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने व लाने में मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना का भी लाभ लिया जायेगा। उन्होंने उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु को सभी स्थानों पर पर्याप्त मात्रा में मतदाता जागरुकता से संबंधित बैनर व पोस्टर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार, श्रम अधीक्षक एतवारी महतो, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ असीम कुमार, समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान समेत अन्य उपस्थित रहे।

कांके पत्रकार संघ का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने सुनील गुप्ता, वसीम अकरम सचिव

PHOTON NEWS RANCHI : कांके चौक स्थित शिव मंदिर परिसर में कांके पत्रकार संघ की बैठक राम मनोहर मिश्र की अध्यक्षता में हुई। बैठक में कांके पत्रकार संघ का पुनर्गठन किया गया। जिसमें अध्यक्ष सुनील कुमार गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष राम मनोहर मिश्र, उपाध्यक्ष गुलाम रब्बानी, विजय गोप, तौकीर अहमद, सचिन गोस्वामी, मुकेश रंजन, सचिव वसीम अकरम, सह सचिव रविंद्र साहू, कोषाध्यक्ष अफरोज आलम, सह कोषाध्यक्ष आकाश तिवारी बनाए गए। बैठक में सभी ने सर्वसम्मति से निर्णय लिया कि संघ से जुड़े सभी पत्रकार पत्रकारिता की मूल भावना को ध्यान में रखकर ही प्रखंड क्षेत्र के संस्थानों कार्यालय में कार्य करेंगे और समाचारों का संकलन करेंगे। पत्रकारिता करते

पत्रकार संघ के नवनिर्वाचित सदस्य। ● फोटोन न्यूज

समय किसी की भावना आहत न हो इसका ध्यान रखेंगे। बैठक में पत्रकार हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए। जिससे पत्रकारों का भविष्य सुरक्षित रहे।

कांके पत्रकार संघ के पुनर्गठन होने पर समाजसेवी अख्तर हुसैन, पूर्व मुखिया अमित तिर्की, मो. मेराज, झामुमो नेता मो. फुरकान, अब्दुल इमरान, बबलु आलम, प्रखंड मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, आजसू पार्टी के जिला कार्यकारी अध्यक्ष हकीम अंसारी, उपाध्यक्ष सफीउल्लाह अंसारी, मोजिबुल अंसारी, कोषाध्यक्ष वीरेंद्र नारायण तिवारी, प्रखण्ड प्रमुख सोमनाथ मुंडा, उप प्रमुख अंजय बैठा, प्रदेश भाजपा कार्य समिति सदस्य सह पूर्व जिला परिषद सदस्य अनिल महतो टाइगर, विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता प्रभात भूषण, राजकुमार महतो, कांग्रेस पार्टी के मदन कुमार महतो, महेश कुमार मनीष, अशोक गोप सहित कई गणमान्य लोगों ने पत्रकारों को बधाई दी है।

विधायक ढुल्लू के विरुद्ध दुकानदारों ने फूंका बिगुल, 27 से देंगे अनिश्चितकालीन धरना

PHOTON NEWS DHANBAD : जिले के बाघमारा विधायक ढुल्लू महतो एक बार फिर विवादों में है। चिटाही स्थित रामराज मंदिर ट्रस्ट के नाम पर रैयतों की जमीन कब्जा करने का आरोप विधायक पर लग रहा है। आधा दर्जन रैयत बुधवार को धनबाद के गांधी सेवा सदन पहुंचे और ढुल्लू महतो पर जमीन कब्जा करने के नियत से दुकान की बिजली काटने, त्रिपाल से दुकान को घेर कर दुकान बंद करवाने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

रैयतों ने मुख्यमंत्री, उपायुक्त, एसएसपी, अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर कहा कि 27 फरवरी से बाघमारा विधायक के



आवेदन की कॉपी के साथ स्थानीय लोग। ● फोटोन न्यूज

जुल्म के खिलाफ समाहरणालय के समक्ष अनिश्चितकाल के लिए धरना पर बैठेंगे। पीड़ित परिवारों के समर्थन में पहुंचे कांग्रेस नेता अशोक लाला ने कहा कि बाघमारा विधायक रैयतों की जमीन को कब्जा करने में लगे हैं। मंदिर के समीप दर्जनों लोग छोटी-मोटी दुकान लगाकर अपना रोजी-रोटी कमाते हैं, जिस पर विधायक ढुल्लू महतो की नजर है। उनका जमीन वो कब्जा करना चाहते हैं। इसलिए दुकान को त्रिपाल से घेर दिया गया और दुकान की बिजली भी कटवा दी गई, जिससे दुकानदारों के समक्ष रोजी-रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है।

पीड़ित महिला दुकानदारों ने कहा कि विधायक हम लोगों पर अत्याचार कर रहे हैं। हमारी पुश्तैनी और रैयत जमीन को कब्जा कर रहे हैं। पहले भी हम लोग मंदिर ट्रस्ट के नाम पर जमीन दिए हैं। अब दुकान वाली जमीन चला जाएगा तो हम लोगों का रोजी-रोटी भी छिन जाएगा। इसे लेकर राज्य के मुख्यमंत्री, जिले के उपयुक्त और एसएसपी से न्याय की गुहार लगाने आए हैं। यदि कोई सुनवाई नहीं हुआ तो 27 फरवरी के बाद हम लोग धनबाद समाहरणालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठेंगे।

इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन भी सजी सुरों की महफिल, स्थानीय कलाकारों ने भी जलवा बिखेरा

सिंगर बिनोद राठौर संग खूब जमी डीसी-एसपी की जुगलबंदी

PHOTON NEWS CHATRA : झारखंड के राजकीय इटखोरी महोत्सव के दूसरे दिन भी सूरों की महफिल सजी। बॉलीवुड, झॉलिवुड समेत स्थानीय कलाकारों ने भी जलवा बिखेरा। महोत्सव के दूसरे दिन बॉलीवुड गायक बिनोद राठौर ने समा बांधा। अपनी कई फिल्मों के गीत गाकर उन्होंने लोगों को खूब झुमाया। खलनायक फिल्म का गाना, नायक नहीं खलनायक हूं मैं... मुन्ना भाई एमबीबीएस..., अगर तुमसे मोहब्बत है जताना... समेत कई गानों पर लोग जमकर थिरके।

झारखंड की शालिनी दुबे समेत इन कलाकारों ने भी जमाया रंग

वहीं झारखंड की शालिनी दुबे ने तेरे नाम से मरजाना..., जवानी जानेमाने..., तेरे रसके कमर..., समेत कई भोजपुरी और नागपुरी

महोत्सव में गीत प्रस्तुत करते कलाकार। ● फोटोन न्यूज

गीतों के साथ जमाया। साक्षी प्रिया ने छाप तिलक..., दमादम मस्त कलंदर..., हम तेरे शहर में आये हैं मुसाफिर बनकर... समेत शास्त्रीय संगीत प्रस्तुत किया। झॉलीवुड कलाकार किस्सू राहुल ग्रुप ने रिकॉर्डिंग डांस प्रस्तुत किया।

बॉलीवुड सिंगर बिनोद राठौर के साथ की जुगलबंदी

बिनोद राठौर के गीत के आगे चतरा डीसी अबू इमरान और एसपी राकेश रंजन भी अपने आप को रोक नहीं पाये। डीसी ने सबसे पहले, वो बारिश का पानी, वो कागज की कश्ती... गाकर दर्शकों का दिल जीत लिया। उसके बाद डीसी और एसपी की जोड़ी ने बिनोद राठौर का साथ दिया। दोनों ने अगर तुझसे मोहब्बत है जताना... गाना गाया।

ईटखोरी महात्सव में काफी उत्साहित थी भीड़, सांसद-विधायक भी पहुंचे

महोत्सव के दूसरे दिन भी दर्शकों की काफी भीड़ थी। कार्यक्रम के दौरान भीड़ काफी उत्साहित थी। लोग मेला का भी लुत्फ उठातो दिखे। सांसद सुनील कुमार सिंह और विधायक किशुन दास कार्यक्रम देखने पहुंचे। दोनों ने संगीत का पूरा आनंद उठाया। महोत्सव में देर रात तक मेला आयोजित हो रहा है। ऐसे में सुरक्षा का भी खास ख्याल रखा जा रहा है। पुलिस के जवान मुस्तैदी के साथ ड्यूटी संभाल रहे हैं।

आज की रात 11 बजे होगा महोत्सव का समापन

मालूम हो कि राजकीय इटखोरी महोत्सव को शुभारंभ 19 फरवरी को हुआ। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने तीन दिवसीय इटखोरी महोत्सव का उद्घाटन किया था। आज, 21 फरवरी को महोत्सव का समापन होगा। महोत्सव के आखिरी दिन झारखंड की जानी-मानी गायिका मृणालिनी अखौरी के बाद प्रकाश कुमार एवं ग्रुप, रजत आनंद एवं ग्रुप, सिमरन साह एवं ग्रुप, पूजा चटर्जी एवं ग्रुप की ओर से बारी-बारी से कार्यक्रमों की प्रस्तुति देंगे। महोत्सव 2024 का समापन रात के 11 बजे होगा। महोत्सव की पहली रात को भी गीत संगीत की महफिल सजी। दर्शकों ने क्षेत्रीय, भोजपुरी व फिल्मी गीतों का जमकर आनंद उठाया। बॉलीवुड गायक अल्ताफ राजा, भोजपुरी गायिका अक्षरा सिंह व पाइका नृत्य के मुकुंद नायक ने अपनी प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया।

अंधविश्वास समाज को खोखला करता जा रहा : डॉ.अब्दुल कदिर

PHOTON NEWS DHANBAD : धनवार प्रखण्ड क्षेत्र के खोरीमहुआ में शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उस्मानिया एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित ऑल झारखंड एजुकेशन अवेयरनेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन जेयूए पब्लिक स्कूल जामिया नगर खोरीमहुआ के प्रंगन में बड़ी धूमधाम से किया गया। जिसमें बतौर मुख्यातिथि शाहीन एंड ग्रुप के चेयरमैन डॉ. अब्दुल कदिर, तौहीद शेख अल-हदीस जामिया रशीद उलूम चतरा व सदस्य ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनेल बोर्ड उपस्थित थे। कार्यक्रम अध्यक्षता अमीरे शरीयत झारखण्ड के मुफ्ती नजर तोहिद ने किया।

सभा को संबोधित करते हुए डॉ. अब्दुल कादिर ने कहा कि आजादी के 75 वर्षों बाद भी मुस्लिम समाज शिक्षा के क्षेत्र में काफी पिछड़ा हुआ है। यही कारण है कि विकास के साथ-साथ देश

के कानून व्यवस्था से अनभिज्ञ है। लोग शिक्षा को बढ़ावा देने के बजाय फिजूल खर्ची पर विशेष ध्यान दे रहें है। अंधविश्वास समाज को दीमक की तरह खोखला करते जा रही है। अगर हम समाज की चिंता करते हैं तो पहले हमें फिजूल खर्ची बर्थडे पार्टी, निकाह के दावत से बचना होगा। कहा हमें अपनी संस्कृति को नही भूलना चाहिए। आज पश्चमी सभ्यता को अपना कर छोटे-छोटे कपड़े पहन कर अपनी इज्जत आबरू को भी दांव पर लगा रहें है इससे बचने की जरूरत है। और इन सबसे बचने तथा समाज को विकशित बनाने के लिए शिक्षा को बढ़ावा देने की जरूरत है।

BRIEF NEWS

पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को किया गिरफ्तार

RANCHI : पुलिस ने भू-माफिया आनंद महतो को बुधवार को गिरफ्तार किया है। कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय को मिली गुप्त सूचना के आधार पर सुखदेव नगर थाना की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए जमीन माफिया आनंद महतो को कचहरी के पास से गिरफ्तार किया है। आनंद महतो मूल रूप से पुंदाग इलाके का रहने वाला है। इसके ऊपर एक करोड़ से अधिक की रंगदारी मांगने का आरोप है। गिरफ्तार जमीन माफिया से सुखदेव नगर थाने की पुलिस फिलहाल पूछताछ कर रही है।

बिनोद गंझू की जमानत पर सुनवाई 28 को

RANCHI : झारखंड हाई कोर्ट में टेरर फंडिंग केस के आरोपित और प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के कमांडर बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू की जमानत याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। इस मामले में अब अदालत 28 फरवरी को सुनवाई करेगा। इस दौरान कोर्ट में याचिकाकर्ता की ओर से बचाव में दलील दी गयी। इसके बाद जस्टिस सुजीत नारायण प्रसाद और जस्टिस प्रदीप कुमार श्रीवास्तव की बेंच ने इससे संबंधित आदेश कोर्ट में दाखिल करने का निर्देश दिया। चतरा जिले के टंडवा थाना में वर्ष 2017 में बिंदेश्वर गंझू उर्फ बिनोद गंझू के खिलाफ कांड संख्या सात दर्ज की गयी थी, जिसे एनआईए ने टेकओवर कर जांच की है। विनोद गंझू पर एनआईए ने आईपीसी की धारा 147, 148, 149, 307, 427, 3, 4, आर्म्स एक्ट की धारा 27 और क्रिमिनल लॉ एमेंडमेंट एक्ट की धारा 17(1),(2) के तहत चार्जशीट दाखिल की है।

विकास कार्यो को आगे बढ़ाया जायेगा : बसंत

RANCHI : पथ निर्माण, भवन निर्माण व जलसंसाधन विभाग के मंत्री बंसत सोरेन ने कहा कि पूर्व की हेमंत सोरेन की सरकार में काफी विकास कार्य हुए हैं। ऐसे में वर्तमान चंपाई सोरेन की सरकार में भी उन्हीं विकास कार्यो को आगे बढ़ाया जायेगा। राज्य में सड़क-भवन निर्माण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण योजनाएं चल रही हैं। इसे पूरा करने का लक्ष्य अधिकारियों को दिया है। लंबित योजनाएं प्राथमिकता से पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बसंत सोरेन ने ये बातें प्रोजेक्ट भवन स्थित अपने कार्यालय में पत्रकारों से कही। उन्होंने कहा कि जल्द ही विकास की नई सड़क- ब्रिज की कई परियोजनाओं की भी स्वीकृति दी जायेगी।

झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक आज

RANCHI : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन के जेल जाने और राज्य में बदले राजनीतिक हालात के बीच झामुमो केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक 22 फरवरी को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवास पर होगी। यह जानकारी देते हुए पार्टी महासचिव सुप्रियो भट्टाचार्य ने बताया कि यह बैठक कई मायने में अहम होगी। हमलोग जल्द से जल्द अपने नेता हेमंत सोरेन को अपने बीच देखना चाहते हैं। पार्टी द्वारा जो कार्यक्रम-आंदोलन अभी चल रहा है, वह जारी रहेगा। आगे के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी। इसके साथ ही गठबंधन को लेकर दिल्ली में हुई चर्चा, लोकसभा चुनाव की तैयारी, सांगठनिक मजबूती, तैयारी, सरकार द्वारा पेश किए जाने वाले बजट और कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक जाने सहित कई मुद्दों पर चर्चा होगी।

बजट सत्र में मुख्यमंत्री के विभागों के प्रश्नों का उत्तर देंगे छह कैबिनेट मंत्री

RANCHI : झारखंड विधानसभा का बजट सत्र 23 फरवरी से आहूत है। बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन के विभागों के सवालों के उत्तर देने व विधायी कार्यों के लिए छह कैबिनेट मंत्रियों को प्राधिकृत किया है। इस संबंध में बुधवार को मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है।

atom美 ATOMY INDIA
RANCHI TEAM WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24 Roshpa Roshpa Tower, Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

झामुमो ने फिर ईसी और ईडी की नियत पर उठाया सवाल, भाजपा पर साधा निशाना, कहा

भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ काले धन पर ईसी और ईडी ने क्या कदम उठाया

- घूसखोर-बैलेट चोर भाजपा का नया नाम
- चुनाव के पहले रिजल्ट बताने वाले भाजपा और मोदी पर इलेक्शन कमीशन ने एक्शन क्यों नहीं लिया
- सुप्रीम कोर्ट ने अपने दो अहम फैसले में देश और लोकतंत्र को बचाया, भाजपा को किया बेनकाब

प्रेस कांफ्रेंस कर पत्रकारों से बातचीत करते सुप्रीयो भट्टाचार्य।

PHOTON NEWS RANCHI : झामुमो ने सुप्रीम कोर्ट के दो अहम निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि अब भाजपा का नया नामकरण हुआ है। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने मुहर लगा दी है। सुप्रीम कोर्ट ने केवल लोकतंत्र को बचाने का काम नहीं किया, बल्कि भाजपा के लोकतंत्र और तानाशाही रवैया का पदार्फाश कर दिया है। चंढ़ीगड़ मेयर चुनाव एक छोटा चुनाव नहीं था। यह चुनाव एनडीए के खिलाफ पहला दो अहम विपक्षी दलों का ज्वाइंट इलेक्शन था। जिसे भाजपा ने बैलेट की चोरी के जरिए अनैतिक तरीके से जीतने का प्रयास किया था। इस अनैतिक काम में भाजपा मुख्य रूप से अहम भूमिका में थी, वहीं मसीह नहीं मोदी पर्दे के पीछे से थे। इसलिए सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद भाजपा का अब नया नाम घूसखोर-बैलेट चोर हो गया है। उक्त बातें पार्टी के महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने पार्टी कार्यालय में आयोजित एक प्रेस वार्ता में कही। भट्टाचार्य ने इलेक्ट्रोल बांड पर इलेक्शन कमीशन और ईडी की नियत पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि इन्हें यह बताना चाहिए कि काले धन के जरिए भाजपा के खाते में आए 6500 करोड़ रुपए पर इलेक्शन कमीशन और ईडी ने क्या कदम उठाए। यह देश की जनता जानना चाहती है। यह देश के सामने भी स्पष्ट हो गया, ये दोनों एजेसियां कैसे और किसके इशारे पर काम रही है।

क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहनना गुनाह है : सुप्रियो भट्टाचार्य ने बंगाल में भाजपा नेता के द्वारा एक सिख आईपीएस अधिकारी का पगड़ी पहने रहने के कारण उन्हें खालिस्तानी करार देने पर कड़ा एतराज जताया है। उन्होंने कहा कि क्या इस देश में पगड़ी पहनने से कोई खलिस्तानी हो जाता है, टोपी पहनने से वह पाकिस्तानी हो जाता है। क्या इस देश में पगड़ी और टोपी पहना गुनाह है। भाजपा देश में अजीब

इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है कई सवाल, स्पष्ट करें

इलेक्शन कमीशन ने पीएम मोदी के चुनाव के पूर्व चुनाव रिजल्ट का दावा करने वाले बयान पर क्या एक्शन लिया। पटना में राजनीतिक दलों की मीटिंग के बाद पत्रकारों का वीवीपैड वोट को लेकर उठाए गए सवालों पर सही-सही जवाब क्यों न दे पाए। लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम मोदी की लैंडिंग और फिर उड़ान भरने के दौरान आधा घंटा पहले और बाद में नो फ्लाईंग जोन घोषित करने पर क्या इलेक्शन कमीशन ने एक्शन लिया। क्या इस दौरान अगर उसी शहर या क्षेत्र में विपक्षी नेताओं को चुनावी सभा करनी है तो उसे अनुमति नहीं मिलेगी। यह सारे सवाल इलेक्शन कमीशन के साख से जुड़ा है। जिस पर इलेक्शन कमीशन को अपनी स्थिति स्पष्ट करनी होगी।

हेमंत को जेल भेजे जाने के विरोध में 7वें दिन भी उपवास, बोले

हमारे नेता हेमंत सोरेन के बाहर आने तक हम नहीं मनाएंगे होली व दिवाली

7वें दिन के उपवास कार्यक्रम के शामिल झामुमो के कार्यकर्ता।

PHOTON NEWS RANCHI : पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के खिलाफ झामुमो का उपवास कार्यक्रम 7वें दिन भी जारी रहा। रांची के मोरहाबादी मैदान के बापू वाटिक के समक्ष जारी इस कार्यक्रम के 7वें दिन का नेतृत्व झामुमो जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने किया। कार्यक्रम में रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम भी उपस्थित थे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हेमंत सोरेन द्वारा चलाए जा रहे विकास कार्यों से अपनी जमीन खिसकता देख भाजपा ने षड्यंत्र के तहत फंसाया है। जब तक हमारे नेता नहीं आएंगे, हम होली-दिवाली कोई त्योहार नहीं मनाएंगे। हजारीबाग जिला संयोजक मंडली के मुख्य संयोजक संजीव बेदिया ने कहा कि जब राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार बनी थी, तब भाजपा ने खजाना खाली कर दिया था। उसके बाद से ही हेमंत सोरेन ने किस तरीके से व्यवस्था को देखा। कोविड में भी देखा कि हवाई जहाज से भी हमारे मजदूर भाइयों को लाने का काम किया और कई तरह की योजनाओं से लोगों को जोड़ने का काम किया। इसी सभी कारणों से भाजपा अपनी जमीन खिसकती देख साजिश के तहत हेमंत सोरेन को जेल भेजने का काम किया है। इसके विरोध में गांव-गांव में लोगों में बहुत आक्रोश है। रांची जिला अध्यक्ष मुश्ताक आलम ने कहा कि गांव-गांव में भी पंचायत स्तर पर हमारे कार्यकर्ता न्याय यात्रा व पंपलेट के माध्यम से लोगों को जागरूक कर बताने का भी प्रयास कर रहे हैं। एक लोकप्रिय मुख्यमंत्री जो लोगों को योजनाओं से जोड़ रहे थे विकास कार्य कर रहे थे, उन्हें केंद्र की भाजपा सरकार ने जेल में डालकर विकास कार्यों को बाधित करने का प्रयास किया है।

पकड़ मजबूत करने के लिए भीखन गंझू खरीद रहा था विदेशी हथियार

एनआईए जांच में खुलासा, चार्जशीट दाखिल

CRIME REPORTER RANCHI : एनआईए जांच में खुलासा हुआ है, कि टीपीसी उग्रवादी भीखन गंझू झारखंड में पकड़ और हिंसा फैलाने के लिए विदेशी हथियार और गोला बारूद खरीद रहा था। नागालैंड आर्म्स डील केस में मामले एनआईए ने केस संख्या आरसी-05/2019 दर्ज किया था। इस मामले में एनआईए ने नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में चतरा जिले का रहने वाला भीखन भी शामिल है। एनआईए ने इस मामले को लेकर आरोपी भीखन गंजू पर चार्जशीट दाखिल किया है। एनआईए की जांच से पता चला है कि भीखन गंझू टीपीसी का जोनल कमांडर है। वह कोयला ट्रांसपोर्टरों और ठेकेदारों को धमकी देकर लेवी वसूलने का काम करता है। जांच से पता चला कि भीखन गंझू झारखंड में टीपीसी की पकड़ मजबूत करने, आतंक और हिंसा फैलाने के लिए हथियार और गोला-बारूद खरीद रहा था। भीखन गंझू ने हथियारों की खरीद के लिए आरा के शाहपुर के रहने वाले संतोष कुमार से मध्यस्थता की थी। हथियारों की डील के बाद पटना के चंद्रविजय प्रताप उर्फ सुशील को पैसों का भुगतान किया गया था। एनआईए की पूर्व की चार्जशीट में जिक्र है कि हथियारों का जखीरा बांग्लादेश और म्यांमार के रास्ते बिहार और झारखंड के टीपीसी उग्रवादियों तक पहुंचाया गया था। नागालैंड के एन सांगथम को एनआईए हथियार तस्करी गिरोह का मास्टरमाइंड मानती है।

तुपुदाना में ताला तोड़कर लाखों के सामान की चोरी

RANCHI : तुपुदाना ओपी क्षेत्र में चोरी की घटना रुकने का नाम नहीं ले रही है। लगातार बढ़ती चोरी की घटनाओं से लोग त्रस्त हैं। व्यवसायी सह समाजसेवी धीरज मिश्रा के डुंडी गड़ा स्थित बाउंड्री के अंदर रखे गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने लाखों रुपए का समान चोरी कर लिया। इस संबंध में धीरज मिश्रा ने तुपुदाना ओपी में लिखित आवेदन दिया है, अपने लिखित आवेदन में धीरज मिश्रा ने लिखा है, कि डुंडी गड़ा अस्पताल के सामने स्थित अपने जमीन के बाउंड्रीवाल के अंदर रखें गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने मंगलवार की रात चोरी कर लिया है। धीरज मिश्रा ने लिखा है कि मंगलवार की शाम अपने गोदाम में ताला बंद कर घर चले गए थे । बुधवार को शाम 4 बजे जब गोदाम पहुंचे तो देखा की रूम का ताला टूटा है, और रूम के अंदर रखे इनवर्टर के बैटरी, बिजली के कीमती तार और सीसी कैमरा का राउटर अज्ञात चोरों ने चोरी कर लिया है।

जेएसएससी के चेयरमैन नीरज सिन्हा ने दिया इस्तीफा, मुख्य सचिव को भेजा अपना त्यागपत्र

नीरज सिन्हा

झारखंड के डीजीपी भी रह चुके हैं नीरज

नीरज सिन्हा झारखंड के डीजीपी भी रह चुके हैं। वे साल 1987 बैच के आईपीएस अधिकारी रहे हैं। बतौर झारखंड डीजीपी उन्होंने 12 फरवरी 2021 से लेकर 11 फरवरी 2023 तक सेवा दी है। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग में उनका कार्यकाल छह माह का रहा। बतौर जेएसएससी अध्यक्ष उन्होंने अपने कार्यकाल में स्नातक स्तरीय परीक्षा कराई, जो विवाद में घिर गई।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड स्टेट सर्विस कमीशन (जेएसएससी) के चेयरमैन नीरज सिन्हा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के रिटायर्ड ऑफिसर नीरज सिन्हा ने झारखंड सरकार के मुख्य सचिव को अपना इस्तीफा भेज दिया है। बुधवार को उन्होंने अपना इस्तीफा मुख्य सचिव को प्रेषित किया। इसमें नीरज सिन्हा ने कहा है कि वह व्यक्तिगत कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे रहे हैं। साथ ही उन्होंने झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) के पदभार का स्वतः परित्याग करने की भी बात चिट्ठी में कही है। महज चार लाइन के इस्तीफे में जेएसएससी के चेयरमैन ने लिखा है कि व्यक्तिगत कारणों से मैं आज दिनांक 21.02.2024 के अपराह्न में अध्यक्ष, झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के पद से त्याग-पत्र समर्पित करता हूं। और पदभार का स्वतः परित्याग करता हूं। बता दें कि इसी साल जनवरी महीने में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) की ओर से कंबाइंड ग्रेजुएशन लेवल परीक्षा हुई थी। परीक्षा का पेपर लीक हो जाने की वजह से 28 जनवरी 2024 को हुई जेएसएससी-सीजीएल परीक्षा का पेपर लीक होने के बाद स्टूडेंट्स ने काफी हंगामा किया था। बाद में 28 जनवरी को हुई परीक्षा को रद्द कर दिया गया। इसके बाद 4 फरवरी की परीक्षा को भी स्थगित कर दिया गया। स्टूडेंट्स यूनियन के नेताओं ने परीक्षा पेपर के लीक होने के लिए जेएसएससी को जिम्मेदार ठहराया था। आरोप लगाया था कि कोचिंग संस्थानों के साथ सांठगांठ करके पेपर को लीक किया गया है। नाराज अभ्यर्थियों ने जेएसएससी कार्यालय का घेराव भी किया था। इस दिन गुस्साए अभ्यर्थियों ने जेएसएससी के अध्यक्ष नीरज सिन्हा की कार पर हमला कर दिया था। कार में तोड़फोड़ की थी। हालांकि, पुलिस बलों ने उन्हें स्टूडेंट्स के बीच से सुरक्षित निकाल लिया था। इस मामले में 15 लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था।

भारतीय टीम टेस्ट मैच जीतने की पूरी कोशिश करेगी : शुभमन गिल

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम में भारत और इंग्लैंड की टीमें 23 से 27 फरवरी तक चौथा टेस्ट खेलेंगी। ऐसे में टीम इंडिया बुधवार को जेएससीए ग्राउंड में अभ्यास के लिए पहुंची। टीम में मुख्य बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा, शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल समेत बल्लेबाज और गेंदबाज शामिल थे। नेट प्रैक्टिस से पहले बुधवार को टीम इंडिया के खिलाड़ी शुभमन गिल ने प्रेस कांफ्रेंस किया। उन्होंने कहा कि टीम जीतने के लिए पूरी कोशिश करेगी, हम पूरी तरह से तैयार हैं। यहां धोनी के बगैर खेलने और टीम उनको यहां कितना मिस करेगी? के सवाल पर उन्होंने कहा कि रांची में ही नहीं, हम चाहें भारत में कहीं भी खेलें, हर जगह हर कोई उन्हें मिस करता है। गिल ने कहा कि टीम इंडिया इस समय बेहद संतुलित है। रांची में ही सीरीज जीतने की उसकी पूरी कोशिश होगी। टीम के शानदार प्लेयर विराट कोहली को टीम इंडिया जरूर मिस कर रही है। अभी टीम में जो यंग स्टार हैं, वे लगातार अपने परफॉर्मेंस से छाप छोड़ रहे हैं।

आतंकी पन्नू की धमकी के बाद बढ़ायी गयी सुरक्षा

RANCHI : आतंकी गुरपतवंत सिंह पन्नू से रांची के जेएससीए स्टेडिमय में 23 से 27 फरवरी तक भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले टेस्ट मैच को रोकने की धमकी मिलने के बाद पुलिस अलर्ट मोड में आ गयी है। होटल रेडिसन ब्लू से लेकर जेएससीए स्टेडियम तक सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। रेडिसन ब्लू में इंग्लैंड और भारत के खिलाड़ी रूके है। जिसकी वजह से होटल के बाहर भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गयी है। मैच के दौरान खिलाड़ियों को तीन लेयर में सुरक्षा व्यवस्था दी जायेगी। एयरपोर्ट, होटल और स्टेडियम में 1500 से अधिक पुलिस जवान तैनात होंगे। टेस्ट मैच के दौरान छह आईपीएस, 10 से ज्यादा डीएसपी और 1500 से ज्यादा पुलिस बल सुरक्षा व्यस्था संभालेंगे।

दो मैच हारने के बाद इंग्लैंड की टीम सीरीज में वापसी करेगी : ओली पोप

PHOTON NEWS RANCHI : इंग्लैंड के प्लेयर ओली पोप ने कहा कि उनकी टीम यहां सीरीज में वापसी करेगी। टीम की तैयारियों के साथ जडेजा और आर अश्विन को बढ़िया प्लेयर बताया। उन्होंने कहा कि उनकी टीम भले इस सीरीज का पहला मैच जीतने के बाद बाकी दो मैच लगातार हार चुकी है लेकिन उन्हें भरोसा है कि उनकी टीम वापसी करेगी। टीम एकजुट है। इंग्लिश टीम पूरी तरह से तैयार है। ओली पोप बुधवार को झारखंड राज्य क्रिकेट संघ (जेएससीए) स्टेडियम के प्रेस कॉन्फ्रेंस रूम में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। ओली पोप के मुताबिक रांची की पिच को देखते लगता है कि यहां स्पिनर को मदद मिलेगी। पिच में काफी दरार है। ओली ने ऐसी पिच पर जडेजा और अश्विन को घातक खिलाड़ी बताया। साथ ही कहा कि वे खुद भी बाएं हाथ के बॉलरों के खिलाफ खेलने को अपनी तैयारियों को और बेहतर कर रहे हैं। जडेजा जैसे बाएं हाथ के प्लेयर ऐसी पिचों पर अपनी काबिलियत और बेहतर तरीके से दिखाएंगे। ऐसे में उनके सामने खेलना और भी कठिन होगा।

चेक बाउंस केस में दर्ज होगा बयान, एक्ट्रेस ने पैसे लौटाने के लिए मांगा था समय

27 फरवरी को रांची कोर्ट में पेश होंगी अमिषा पटेल

PHOTON NEWS RANCHI : अभिनेत्री अमिषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रुमर को 27 फरवरी को रांची सिविल कोर्ट में हाजिर होंगे। अदालत इस दिन इनसे चेक बाउंस मामले में सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज करेगी। आज अदालत में इस मामले की सुनवाई न्यायिक दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां बयान दर्ज करने का समय तय करते हुए सशरीर हाजिर होने को कहा है। पिछली सुनवाई के दौरान अभिनेत्री अमिषा पटेल ने पैसे लौटाने की बात कही थी। जिसके लिए अदालत से समय मांगा गया था। जिस पर प्रार्थी अजय कुमार सिंह ने वकील ने आपत्ति दर्ज की थी। प्रार्थी के वकील ने कहा था कि कि वह ऐसा बात टालने के लिए कह रही हैं। इससे पहले अदालत में चेक बाउंस मामले में दोबारा गवाही के लिए बुलाए गए गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का क्रॉस एग्जामिनेशन हो चुका है। वहीं दोनों पक्षों की ओर से गवाही भी पूरी हो चुकी है। अब केवल इस मामले के आरोपी अमिषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल ग्रूमर का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज होने की प्रक्रिया होनी है। अभिनेत्री अमीषा पटेल के चेक बाउंस मामले की रांची सिविल कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अभिनेत्री अमिषा पटेल की ओर से कहा गया कि वह पैसे लौटाने के लिए तैयार है, लेकिन इसके लिए समय दिया जाए। अभिनेत्री के वकील की ओर से ऐसा कहे जाने का शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के वकील विजय लक्ष्मी ने विरोध किया। शिकायतकर्ता के वकील की ओर से अदालत को कहा गया कि अभिनेत्री अमिषा पटेल मामले को टालने की कोशिश में लगी हुई है। इसलिए इस तरह की बात कह रही है।

रतन हाइट्स मामले में लैंड ऑनर की ओर से बहस पूरी

RANCHI : मोरहाबादी स्थित रतन हाइट्स मामले में एकल पीठ के आदेश के खिलाफ बिल्डर वीकेएस रियलिटी और लैंड ऑनर की अपील की सुनवाई बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में लैंड ऑनर की ओर से बहस पूरी हो गई। अब मामले की सुनवाई गुरुवार को फिर होगी। प्रतिवादी रतन हाइट्स रेसीडेंशियल सोसायटी की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। फ्लैट ऑनर की ओर से अधिवक्ता सुमित गड़ोदिया ने पैरवी की। यहां बता दें कि रतन हाइट्स की ओर से पूर्व में बताया गया था कि मामले में एकल पीठ ने उनके पक्ष में फैसला दिया है, लेकिन बिल्डर एवं लैंड ऑनर ने कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया है। कोर्ट को यह भी बताया गया कि एकल पीठ के आदेश के बावजूद भी बिल्डर ने रतन हाइट के बहु मंजिला इमारत के बगल में स्थित गड्ढे को नहीं भरा है। जिससे इस बहुमंजिला इमारत का अस्तित्व खतरे में है, यहां रहने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

टीएसपीसी के तीन उग्रवादियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

CRIME REPORTER RANCHI : पुलिस ने बुढ़मू और चकमे में हवाई फायरिंग करने, छेड़खानी करने व मारपीट करने के आरोप में टीएसपीसी संगठन के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपी हरीनाथ गंझू, प्रमोद कुमार बैठा और छन्नू उर्फ सोनालाल महतो ने अपने कई साथियों का नाम पुलिस को बताया है। पुलिस का कहना है कि घटना में प्रयुक्त किया गया मोटरसाईकिल और मोबाइल जप्त किया गया है। टीएसपीसी के राहुल गंझू उर्फ खलील , विक्रम उर्फ मुनेश्वर गंझू, कृष्ण गंझू, अमरदीप कुमार महतो उर्फ सुमित, लेलो उर्फ छोटु गंझू, रूबी लाल गंझू, हरिनाथ गंझू उर्फ बहुरा गंझू, छन्नू उर्फ सोनालाल महतो और प्रमोद कुमार बैठा 17 फरवरी को तीन मोटरसाईकिल में सवार होकर बुढमू इलाके में आए थे। पेट्रोल पंप पर 200 रूपया का पेट्रोल भरवाकर बगैर पैसा दिये साप्ताहिक बाजार में जाकर दो किसान के साथ मारपीट किया था। इसके बाद चकमे में मोटर साइकिल सवार एक युवती से छेड़छाड़ के बाद हवाई फायरिंग करते हुए दो लोगों के साथ मारपीट किया था। सूचना मिलने के एसएसपी रांची द्वारा थाना प्रभारी रामजी कुमार के नेतृत्व में छापामारी दल का गठन किया गया और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करते हुए टीएसपीसी संगठन के उग्रवादियों की गिरफ्तारी हुई।

BRIEF NEWS

भाजपा ने मोदी के नौ वर्ष की उपलब्धियों की दी जानकारी

ROURKELA : भारतीय जनता पार्टी की ओर से बूथ नंबर-151, 152, 153, 154 क्षेत्र में मोदी जी ने 9 साल के सत्र के उपलब्धियों के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। मोदी की गारंटी की गारंटी के बारे में जनता को बताने के सहित इस बार आम चुनावों में भाजपा को भारी मतों जीतने की अपील की। इस कार्यक्रम में भाजपा के पूर्व विधायक प्रत्याशी निहार राय, राउरकेला मिड टाउन मंडल अध्यक्ष बिंदर सिंह, संग्राम महंती,मनोज जीतू, केशरी भाई ज्योति दीदी, अभय बेहरा एवं भारतीय जनता पार्टी के सभी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

पुस्तकालय में बढ़ रही पाठकों की संख्या

ROURKELA : राउरकेला महानगर निगम ने डिजिटल युग में किताबें पढ़ने में रुचि पैदा करने के लिए विभिन्न स्थानों पर पुस्तकालय स्थापित किए हैं। इसी क्रम में आरएमसी द्वारा निर्मित महानगर नगरीय पुस्तकालय में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में छात्र आते हैं। पाठकों की बढ़ती संख्या से निगम भी काफी उत्साहित है।

सैटेलाइट प्रशिक्षण केंद्र का व्यावहारिक सत्र आयोजित

ROURKELA : एसईपी के कक्षा प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद, एसटीपी, राउरकेला के परिसर में सैटेलाइट प्रशिक्षण केंद्र में कोर स्वच्छता कार्यकताओं के लिए प्रदर्शन और व्यावहारिक सत्र आयोजित किए गए। एसईपी को ईआरएसयू प्रक्रिया और सीमित स्थान में एसओपी के लिए पालन किए जाने वाले प्रोटोकॉल के बारे में अच्छी तरह से गरिमा योजना के तहत प्रशिक्षित किया जा रहा है।

ट्रक-बस की टक्कर में 10 यात्री घायल

ROURKELA : भुवनेश्वर से राउरकेला आ रही 'अनुपमा' बस और ट्रक की टक्कर में 10 बस यात्री घायल हो गये। हादसा बुधवार सुबह हुआ। बस जब राउरकेला आ रही थी तो वह टिकायतपाली थाना क्षेत्र अंतर्गत यात्रखमन के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 143 में यह दुर्घटना हुआ। घायल यात्रियों को इलाज के लिए बणईगड़ अस्पताल लाया गया, जबकि कुछ अन्य यात्रियों को इलाज के लिए राउरकेला भेजा गया। मौके पर पहुंची पुलिस जांच कर रही है।

मिसेज केपीएम वोकेशनल कॉलेज में छात्रों को मिली उद्यमिता की जानकारी

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के बिष्टुपुर स्थित को मिसेज केपीएम वोकेशनल कॉलेज के बीबीए विभाग की ओर से बुधवार को उद्यमिता पर एक ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के वक्ता हेल्दी स्कूप प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक और सीईओ निखिल शारदा थे। उन्होंने उद्यमशीलता परिदृश्य में अंतर्दृष्टि, रणनीतियों और वास्तविक दुनिया के अनुभवों को साझा किया। इंटरैक्टिव चचाओं के माध्यम से श्री शारदा ने उद्यमशीलता प्रयासों में नवाचार, लचीलेपन और अनुकूलनशीलता के महत्व पर जोर दिया। सत्र के दौरान कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मीता जखनवाल ने वक्ता की सराहना की और छात्रों को आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ अपनी उद्यमशीलता की आकांक्षाओं को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित किया। शशि किरण तिवारी ने छात्रों के संवर्धन में उनके बहुमूल्य योगदान के लिए वक्ता के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त की।

अरका जैन यूनिवर्सिटी : मातृभाषा ही शब्द और संप्रेषण कौशल का उद्गम होता है : पद्मा मिश्रा

अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर माई भाषा कार्यक्रम के तहत हुआ काव्य-पाठ, व्याख्यान व फैशन शो

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : अरका जैन यूनिवर्सिटी के अंग्रेजी विभाग की ओर से बुधवार को माई भाषा कार्यक्रम के माध्यम से अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस का आयोजन किया गया। इसमें मातृभाषा की महत्ता और बहुभाषीय शिक्षण पर व्याख्यान के अलावा कई मातृभाषाओं में काव्य-पाठ, व्याख्यान व फैशन शो की प्रस्तुति की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि व वक्ता के रूप में लेखिका पद्मा मिश्रा उपस्थित थीं। कार्यक्रम का संयोजन डॉ राजकुमारी घोष तथा समन्वयन डॉ मनोज पाठक व प्रो सुनीता झा ने किया। बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के अध्यक्ष डॉ एसएस रजी, कुलसचिव डॉ अमित कुमार श्रीवास्तव, निदेशक परिसर सह छात्र कल्याण संकायाध्यक्ष डॉ अंगद तिवारी, वित्त पदाधिकारी ऋचा गर्ग ने सभी को मातृभषा दिवस की शुभकामनाएं दीं।

मातृभाषा की महत्ता बताते हुए पद्मा मिश्रा ने कहा कि मातृभाषा ही किसी भी व्यक्ति के शब्द और संप्रेषण कौशल का उद्गम होती है।

कार्यक्रम में उपस्थित लोग। ● फोटोन न्यूज

मातृभाषा व्यक्ति के संस्कारों की परिचायक है। उन्होंने कहा कि मातृभाषा से ही सभ्यता एवं संस्कृति पुष्पित-पल्लवित और सुवासित होती है। कुलसचिव डॉ अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मातृभाषा न केवल व्यक्ति को अपनी संस्कृति और धरोहर से जोड़ती है, ।बल्कि उसे आगे ले जाने में भी सहायक होता है।

बहुभाषीय शिक्षा पर प्रकाश डालते हुए डॉ मनोज पाठक ने कहा कि बहुभाषी शिक्षा भाषा के विकास और अधिग्रहण को बढ़ावा देती है, जिससे छात्रों के भाषाई कौशल का विकास होता है। अतिरिक्त भाषाओं को सीखना शिक्षा के अंतर-सांस्कृतिक आयाम को बढ़ाता है, जो अधिक व्यापक विश्व दृष्टि प्रदान करता है। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने बांग्ला, भोजपुरी, मैथिली, गुजरती, पंजाबी, उर्दू, संताली समेत अन्य भाषाओं में काव्य-पाठ किया। वहीं फैशन शो के माध्यम से अपनी संस्कृति को प्रस्तुत किया। अनीषा मिश्रा ने कार्यक्रम का संचालन एवं प्रो सुनीता झा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

ग्रेजुएट कॉलेज में मातृभाषा दिवस पर दिखी भारतीय भाषाओं की बहुरंगी छटा

JAMSHEDPUR : जमशेदपुर के साकची स्थित द ग्रेजुएट स्कूल कॉलेज फॉर वीमेन के हिंदी विभाग में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर मातृभाषा के महत्व विषय पर लेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय एवं पांचवें सेमेस्टर की छात्राओं ने हिस्सा लिया। इससे पूर्व मातृभाषा दिवस के बारे में बताते विभागाध्यक्ष राकेश कुमार पांडेय ने कहा कि मातृभाषा भावनाओं को अभिव्यक्त करती है। जिस सहज ओर सरल तरीके से व्यक्ति अपनी मातृभाषा में अपने को अभिव्यक्त कर सकता है उतना किसी और भाषा में नहीं।

राकेश पांडेय ने कहा कि मातृभाषा जहां जोड़ों से जोड़कर रखती है वहीं समाज को एकता के सुत्र में भी बांधे रखती है। इसलिए अपनी अपनी मातृभाषा को समृद्ध करने तथा विस्तारित करने का

कार्य करें, ताकि लोग अपनी बातों को बेहतर तरीके से रख सकें। कार्यक्रम में श्रुति चौधरी ने मैथिली भाषा में गीत प्रस्तुत किया तो सुनीता गिरि ने ओड़िया भाषा में कविता सुनायी। काजल सिंह ने भोजपुरी भाषा में कजरी गायन किया, तो संचिता ने बांग्ला भाषा के गीत गाए। कार्यक्रम का संचालन प्रथम सेमेस्टर की छात्रा साईका परवीन तथा धन्यवाद ज्ञापन श्रुति कुमारी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से शकुंतला सरदार, जयश्री महतो, हेमलता कुमारी, खुशी मंडल, पूजा कुमारी, संगीता कुमारी, पद्मावती कुमारी, काजल कुमारी, रचना कुमारी, खुशी कुमारी समेत अन्य छात्राएं उपस्थित थीं।

ओडिशा हॉकी टीम के विजेताओं को नकद पुरस्कार की घोषणा

PHOTON NEWS BHUBANESHWAR : राज्य सरकार ने राज्य के हॉकी खिलाड़ियों की उत्कृष्ट उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए नकद पुरस्कार की घोषणा की है। यह पुरस्कार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करके ओडिशा की खेल विरासत की मान्यता के रूप में प्रदान किया जाएगा।

चेन्नई में आयोजित 2023 पुरुष एशियाई चैम्पियनशिप ट्रॉफी और झारखंड में आयोजित 2023 महिला एशियाई चैम्पियनशिप ट्रॉफी में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, अमित रोहिदास और दीपग्रेस एक्का को क्रमशः 3,750,000 रुपये से सम्मानित किया जाएगा। एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी हर दो साल में आयोजित होने वाली एक महादेशियो प्रतियोगिता है। ओमान के मस्कट में आयोजित एफआईएच हॉकी 5एस महिला विश्व कप 2024 के पहले संस्करण में रजत पदक जीतने वाली भारतीय महिला हॉकी टीम में रजत पदक जीतने वाली मारियाना कुजूर, ज्योत छत्री और अजमीना कुजूर को 12,50,000रुपये दिए जाएगा। एफआईएच हॉकी विश्व कप हर चार साल में आयोजित किया जाता है

नक्सलियों की साजिश नाकाम, आईईडी बरामद

PHOTON NEWS CHAIBASA : सुरक्षाबलों ने नक्सलियों की साजिश को नाकाम कर दिया है। नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में बुधवार को टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में सुरक्षाबलों निशाना बनाने के लिए नक्सलियों द्वारा लगाये गये एक आईईडी को सुरक्षाबलों ने बरामद किया है। बम निरोधक दस्ता ने उसी स्थान पर आईईडी को नष्ट कर दिया।

गौरतलब है, कि गोईलकेरा थाना क्षेत्र के कुईडा, छोटा कुईडा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू,

बरामद आईईडी। ● फोटोन न्यूज

तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र और टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान शुरू किया गया है।

ज्ञानचंद कॉलेज में आयकर जागरूकता पर कार्यक्रम

PHOTON NEWS CHAIBASA : ज्ञानचंद जैन कॉमर्स कॉलेज में बुधवार को आयकर विभाग चाईबासा द्वारा एक आउट रिच (आयकर जागरूकता) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में सभी अतिथियों द्वारा माँ सरस्वती की तस्वीर पर माल्यर्पण और दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से चाईबासा के आयकर अधिकारी सुखदेव सिंह और संजय कुमार पूर्ति शामिल हुए। इनके साथ ही आयकर विभाग के इंस्पेक्टर और अन्य कर्मचारी शामिल हुए।

महाविद्यालय के प्रचार्य डॉ संजीव कुमार सिंह ने सभी अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए आयकर अधिकारी सुखदेव सिंह ने कहा कि आयकर के इस आउट रिच प्रोग्राम का यह उद्देश्य है कि सभी के बीच आयकर की

कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि व उपस्थित अन्य। ● फोटोन न्यूज

जागरूकता लाया जा सके। क्योंकि यदि आप जागरूक रहेंगे तभी आयकर के महत्व को समझेंगे। उन्होंने कहा कि अभी आपलोग पढ रहें है। आपलोग देश की युवा पीढ़ी है इसलिए आने वाले समय मे देश को चलाने की जिम्मेवारी आपलोगों पर ही रहेगी। इसलिए जब आपलोग आय करेंगे तो आयकर का भुगतान समय से और नियम से अपने भी करें और सभी को आयकर भुगतान के लिए प्रेरित भी करें।

उन्होंने आयकर भरने से होने वाले लाभों को विस्तृत रूप से बताया और कहा कि हमारे देश के निर्माण में आयकर की भूमिका बहुत ही महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए आयकर अधिकारी संजय पूर्ति ने कहा कि सभी को अग्रिम आयकर समय से भर देना चाहिए उन्होंने कहा कि आयकर विभाग से डरने की जरूरत नही है हम भी इंसान ही है और हमेशा आयकरदाता की मदद करने को तैयार है। उन्होंने कहा कि आयकर विभाग अब आपसे हमेशा दोस्ताना व्यवहार करता है। इसलिए इससे डरने की जरूरत नही है। बस आप समय से कर के नियमों का पालन करें और भारत के अच्छे नागरिक होने का फर्ज अदा करें।

उन्होंने कहा कि आयकर संबंधित कोई भी परेशानी हो तो कार्यालय में आकर हमलोगों से निःशनकोच बात करें समस्या का समाधान जरूर होगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ संजीव कुमार सिंह ने कहा कि आयकर का बहुत बड़ा योगदान है देश के निर्माण में उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं से कहा कि कॉमर्स का एक विषय आयकर होता है।

ओडिशा गृह मजदूर सभा ने संयुक्त श्रमिक कार्यालय के समक्ष किया विरोध प्रदर्शन

PHOTON NEWS ROURKELA : निखिल ओडिशा गृह मजदूर एसोसिएशन, राउरकेला ने आज संयुक्त श्रमिक पदाधिकारी कार्यालय के सामने विरोध प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री और श्रम मंत्री के उद्देश में संयुक्त श्रमिक पदाधिकारी को मांग पत्र सौपा। इसमे घरेलू कामगारों के लिए एक व्यापक कानून बनाना और एक त्रिपक्षीय बोर्ड का गठन करना शामिल है जिसमें सरकार, नियोक्ता और श्रमिकों के 50 प्रतिशत सदस्य शामिल हों। नियोक्ताओं, प्लेसमेंट एजेंसियों और श्रमिकों का अनिवार्य पंजीकरण और घरेलू श्रमिकों के लिए वार्षिक सामाजिक सुरक्षा योगदान का संग्रह करना, घरेलू कामगारों की पहचान उनके कार्यस्थल, प्रतिष्ठान और

विरोध प्रदर्शन करते एसोसिएशन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

कार्यस्थल के की जानकारी, ईएसआई, भविष्य निधि की सुविधा जैसी मांग है।

संघ ने आवास अधिकार एवं शहरी आवास योजनाओं में शामिल करने की मांग की है। घरेलू कामगारों के लिए न्यूनतम वेतन तय किया जाना चाहिए।अगर सरकार चुनाव से पहले घरेलू कामगारों को स्व-पहचान पत्र जारी नहीं करती है तो संघ ने परिवारो वोट नहीं करने की चेतावनी दी है। इस विरोध प्रदर्शन में हिंद मजदुर सभा के संपादक दिगंबर मोहंती के साथ निखिल ओडिशा गृह मजदुर सभा के अध्यक्ष चंदन राव, मुक्ता बेज, प्रमिला किंडो, सुरबली बाग, बृंदा बारिक, जयलक्ष्मी सिंह, चंद्रकांति भोई, तुस्सी नाग, सविता बाग प्रमुख रूप से शामिल थे।

विस्थापित संघ ने नौकरी के लिए किया एडीएम कार्यालय का घेराव

PHOTON NEWS ROURKELA : मौजा विस्थापित संघ द्वारा राउरकेला के अतिरिक्त जिलापाल कार्यालय का घेराव बुधवार को किया गाय। घेराव का नेतृत्व मौजा विस्थापित संघ के अध्यक्ष खादा कुजूर ने किया। बाद में एक प्रतिनिधि समूह नये एडीएम से मिला और संघ पिछले कुछ वर्षों से आरएसपी में नौकरी के लिए हो रहे आंदोलन की जानकारी दी। संघ की ओर से विस्थापितों का दस्तावेज एडीएम कार्यालय के माध्यम से आरएसपी को भी भेजा गया था, लेकिन अभी तक एक भी विस्थापित को नौकरी दी गयी है। आरएसपी और जिला प्रशासन की ओर से सिर्फ वादे पर वादे किये जा रहे हैं। आरपीडीसी की तीन बार बैठक हो चुकी है।

संघ के प्रतिनिधि मुख्यमंत्री व राज्य के अन्य राज्य के मंत्रियों से

धरने पर बैठे विस्थापित संघ के लोग। ● फोटोन न्यूज

मिल चुके हैं। लेकिन नौकरी के संबंध में कोई लिखित वादा नहीं किया गया।आज एडीएम ने विस्थापित संघ के पदाधिकारियों से वार्ता की। उन्होंने तुरंत वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा की और इस मामले को समाधान करने पर जोर देने को कहा। वहीं, यूनियन की ओर से शीघ्र आरपीडीसी की बैठक कर इस समस्या का समाधान कैसे किया जाये, इस पर जोर दिया जाये। अन्यथा विस्थापितों की खाली जमीन वापस की जाये। सभी मौजा विस्थापित संघ के खादा कुजूर, संपादक पूरन खलको, संयुक्त संपादक योगिया कुजूर, सुनीता मिंज, सफरिया ऐन, विजय लकड़ा, लक्ष्मी ह्वीविज, अनिल लकड़ा, शंकर नाग, शंकर महतो, बसंत खिलार, शंकर ओराम सहित सैकड़ों विस्थापित शामिल थे।

हनुमान वाटिका चैरिटेबल ट्रस्ट की 30वीं वर्षगांठ की शुरूआत

PHOTON NEWS ROURKELA : जय हनुमान वाटिका चैरिटेबल ट्रस्ट की 39वीं वर्षगांठ 21 से 23 फरवरी तक मनाई जा रही है। ट्रस्ट के अध्यक्ष दिलीप राय के नेतृत्व में हर साल वार्षिक उत्सव मनाया जाता है। यज्ञ समेत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किये जाते हैं। इस वर्ष भी इस तीन दिवसीय आयोजन के दौरान कई सामाजिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। यह तीन दिवसीय कार्यक्रम से हनुमान वाटिका परिसर में आध्यात्मिक एवं आनंदमय वातावरण का माहौल बना रहता है।

यह यज्ञ समारोह में ट्रस्ट के संपादक शुभ पटनायक और उनकी पत्नी सुलता पटनायक कर्ता के रूप में भाग लेंगे। ट्रस्ट के संपादक शुभ

। ● फोटोन न्यूज

पटनायक ने बताया कि इस तीन दिवसीय अखंड यज्ञ में पांच हजार बार माला का जाप किया जायेगा, जो विश्व शांति के लिए कारगर हो सकता है। यज्ञ का समापन 23 फरवरी को सायं 5 बजे होगा। इसके बाद शाम 6 बजे प्रसाद सेवन कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें सभी श्रद्धालु आमंत्रित हैं। 23 फरवरी सुबह से 24 फरवरी सुबह 5 बजे तक अस्टप्रहरी नामयज्ञ का आयोजन होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में वाटिका के अन्य सभी पंडितों मुख्य रूप से अजय मिश्र एवं जयदेव मिश्र ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई तथा सूचना पदाधिकारी प्रमोद कुमार नातुलिया, प्रबंधक रामश्रय पांडे, वरुण माझी, लक्ष्मण एवं बिवु, चितरंजन ने महत्वपूर्ण भूमिका है।

गोरखपुर : भोजपुरी भाषा के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास के लिए कार्यशाला

कहानी लिखने के लिए पाठक होना जरूरी : अतिथि

AGENCY GORAKHPUR : अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर भोजपुरी के पहला कहानी वाला ऐप यायावरी वाया भोजपुरी ने बुधवार को बाबू पुरूषोतम दास राधा रमण दास कॉलेज में भोजपुरी कहानियां लिखने पर एक कार्यशाला का आयोजन किया। इस कार्यशाला का उद्देश्य भोजपुरी भाषा के माध्यम से युवाओं में कौशल विकास करना है। मुख्य अतिथि सोनू किशोर ने छात्रों को कहानी लेखन के आवश्यक पहलुओं की जानकारी दी। कहानी लिखने के लिए प्रेरित किया की आपके पास एक पाठक होना चाहिए।

इससे पहले मुख्य अतिथि सोनू किशोर, यायावरी वाया भोजपुरी

के परियोजना अधिकारी गौरव मणि त्रिपाठी, यायावरी क्लब की मुख्य अधिकारी श्वेता सुप्रिया, कॉलेज के प्राचार्य विकास रंजन मणि त्रिपाठी और समन्वयक रेनू भास्कर ने दीप जलाकर कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन किया। प्राचार्य ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें भोजपुरी बोलने में संकोच नहीं करना चाहिए। हमें अपनी मातृभाषा पर गर्व होना चाहिए। भोजपुरी साहित्य की दुनिया बहुत बड़ी है और भोजपुरी के समृद्ध लेखकों ने इसे दुनिया भर में प्रतिष्ठित किया है।

मुख्य अतिथि ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए कहा कि कहानी रोचक, सरल एवं संक्षिप्त होनी चाहिए। कहानी लिखना जितना कठिन है उतना ही कई मामलों में आसान भी। जरूरत इस बात की है कि कहानी सुनें, पढ़ें और विषय वस्तु के बारे में जानें। उन्होंने कवर पेज से छात्रों द्वारा लिखी गई कहानियों के बारे में चर्चा की और युवाओं को कहानियां लिखने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए उनकी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन राज नंदिनी और धन्यवाद ज्ञापन श्वेता सुप्रिया ने किया । इस अवसर पर सुधीर कुमार मिश्र, मिनी उपाध्याय, महाविद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।

लखीसराय में हादसे में ड्राइवर समेत 9 छात्रों की मौत

पार्ट टाइम कैटरिंग का काम कर ऑटो से लौट रहे थे; ट्रक ने मारी टक्कर

एजेंसी

लखीसराय। लखीसराय में मंगलवार को रॉन्ग साइड से आ रहे ट्रक ने ऑटो में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में 9 लोगों की मौत हुई है। 5 लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। सदर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद सभी को पटना ढटउल रेफर कर दिया गया है। हादसे में 8 स्टूडेंट्स थे जो पार्ट टाइम में कैटरिंग का काम करते थे। सभी की उम्र 18 से 24 साल के बीच थी। सड़क हादसे में ऑटो ड्राइवर की मौत हो गई है।हादसा रात करीब डेढ़ बजे रामगढ़चौक थाना क्षेत्र के झुलौना गांव के पास NH-30 पर हुआ। टक्कर के बाद

ऑटो के परखच्चे उड़ गए। ऑटो में कुल 14 लोग सवार थे। इनमें से 8 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। एक की सदर अस्पताल में इलाज कराने के दौरान मौत हुई है।ऑटो सवार सभी मुंगेर जिले के जमालपुर के रहने वाले थे। सभी सिकंदरा में कैटरिंग का काम खत्म कर लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे। यहां से ट्रेन पकड़कर वो घर मुंगेर जाने वाले थे। इसके लिए सिकंदरा से लखीसराय रेलवे स्टेशन के लिए ऑटो रिजर्व किया था। हादसे में ऑटो ड्राइवर मनोज कुमार की भी इलाज के दौरान मौत हो गई है। हादसे से जुड़ी कुछ तस्वीरें देखिए..नगर थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि आधी रात को सूचना मिली की झुलौना के पास बड़ा सड़क हादसा हुआ है। जानकारी मिलते ही हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे। सभी मृतक मुंगेर के रहने वाले बताए जा रहे हैं। इसमें से एक ऑटो ड्राइवर लखीसराय का रहने वाला है। सभी मृतक के परिजनों को सूचित किया गया है। मुंगेर सदर अनुमंडल पदाधिकारी ने फोन पर जानकारी दी कि सभी मृतकों के परिवार को 3 हजार कबीर अंत्येष्टि के लिए और तत्काल 20 हजार की राशि उपलब्ध कराई जा रही है। फिर हीट एंड रन मामले में जो सरकार का प्रावधान है वह भी दिया जाएगा।उपेंद्र पासवान का बेटा अनुज कुमार(22)चेतन पासवान का बेटा राजवीर कुमार(21) उर्फ अमितवीर पासवान का बेटा विनय कुमार(24)शिव पासवान का बेटा किशन कुमार(21)धर्मेंद्र पासवान का बेटा मोनू कुमार(18)चेतन पासवान का बेटा दीवाना कुमार(23)वीर पासवान का बेटा रामू कुमार(23)हीरा पासवान का बेटा रोहित कुमार(24)महावीर गोसाई का बेटा मनोज कुमार(28), (यह ऑटो ड्राइवर है ।

ट्रिपल मर्डर के मुख्य आरोपी ने किया आत्मसमर्पण

बेगूसराय । बेगूसराय के साहेबपुर कमाल थाना क्षेत्र स्थित गोविंदपुर में 17 फरवरी को हुए ट्रिपल मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय यादव ने आज अपर मुख्य न्यायाधीश दंडाधिकारी के न्यायालय में आत्म समर्पण कर दिया। जिसे न्यायिक हिरासत में लेते हुए न्यायालय ने बेगूसराय जेल भेजने का आदेश दिया है।अब पुलिस कल रिमांड के लिए न्यायालय में आवेदन देकर उससे पूछताछ की प्रक्रिया में जुटेगी। उल्लेखनीय है कि 17 फरवरी की देर शाम गोविंदपुर में संजय यादव ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर श्रीनगर छर्रापट्टी निवासी उमेश यादव, राजेश यादव और नीलू कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी थी।इस मामले में पुलिस ने अभिषेक कुमार और जीवेश कुमार को गिरफ्तार जेल भेज दिया था। संजय यादव भी कल ही न्यायालय में आत्मसमर्पण करने वाला था। लेकिन एक वकील की मौत के कारण कार्य बंद रहने से वह आत्मसमर्पण नहीं कर सका।ट्रिपल मर्डर को लेकर उमेश यादव के पुत्र राहुल कुमार ने 13 लोगों को नामजद आरोपित बनाया है। जिसमें धारा-302, दहेज के लिए हत्या धारा- 304 (बी), विवाहित स्त्री को प्रताड़ित करने में धारा-498 (ए), साजिश करने धारा 120 (बी) और दहेज उत्पीड़न अधिनियम की धारा- 3 और 4 में मुकदमा दर्ज कराया गया है।प्रेम-प्रसंग में हुई थी हत्याप्राथमिकी में कहा गया है कि उसकी बहन नीलू देवी की शादी प्रेम-प्रसंग में दो वर्ष पूर्व हिमांशु कुमार के साथ हुई थी। शादी के कुछ दिन के बाद ही 15 लाख रुपए दहेज की मांग की जाने लगी। इसी बीच हिमांशु कुमार के बड़े भाई सुधांशु की शादी होने वाली थी।

रेलवे स्टेशन का महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण

एजेंसी

पटना । महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दानापुर रेलवे स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान महाप्रबंधक ने यात्री सुविधा, प्लेटफॉर्म नंबर 1 के प्रतीक्षालय, फुट ओवर ब्रिज के साथ स्टेशन की साफ-सफाई का जायजा लिया। गंदगी देखकर अधिकारियों पर भड़क गए। उन्होंने साफ-सफाई के निर्देश दिए।इसके अलावा महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने दानापुर मंडल के बख्तियारपुर और बिहारशरीफ के

स्टेशनों का भी निरीक्षण किया। साफ-सफाई, कैटरिंग सेवा, सकुर्लेटिंग एरिया, एफओबी सहित यात्री सुविधा से जुड़े विविध पहलुओं का गहन मुआयना किया। महाप्रबंधक ने फ्रंट लाइन कर्मियों से वार्ता कर रेल के संबंध में पूछताछ कि और उपलब्ध सुविधाओं का आंकलन किया । सबसे पहले महाप्रबंधक बख्तियारपुर जंक्शन पहुंचे थे। जहां उन्होंने स्टेशन पर नवनिर्मित फुट ओवर ब्रिज, सकुर्लेटिंग एरिया, प्लेटफॉर्म का गहन निरीक्षण किया। इसके बाद बिहारशरीफ रेलवे स्टेशन पहुंचे थे।

राजद नेताओं ने चलाया जनसंपर्क अभियान

एजेंसी

समस्तीपुर । बिहार के पूर्व उप मुख्यमंत्री व प्रतिपक्ष के नेता तेजस्वी यादव का अगामी 25 फरवरी को समस्तीपुर में होने वाले जन विश्वास यात्रा को लेकर राजद नेता जगह-जगह जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। राजद नेता गांव मोहल्ला के साथ ही ईंट भठ्ठा तक पहुंच कर लोगों को जन विश्वास यात्रा के दौरान होने वाली सभा में पहुंचने का अनुरोध कर रहे हैं।पूर्व जिला परिषद सदस्य और राजद के वरीय नेता संजीव राय कई दिनों से गांव-गांव के साथ ईंट भठ्ठा पर भी जाकर लोगों से जन विश्वास यात्रा में आने का आह्वान किया। इसी कड़ी में राजद ने नेता ने

दादपुर स्थित ईंट भठ्ठा पर जसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने नुक्कर सभा के माध्यम से लोगों को सभा में पहुंचने का अनुरोध किया।उधर, राजद जिलाध्यक्ष रोमा भारती के नेतृत्व में भी राजद कार्यकताओं की टीम जितवारपुर के निजामत, मसलनचक, कोरबद्दा, बुल्लेचक, वीर टोल, हकीमाबाद, मल्हटोल, विशनपुर, मोरदीवा, केवश आदि गांवों का दौड़ा कर सभा में आने का आह्वान किया। उधर,सांगठनिक जिला उजियारपुर में राजेश्वर महतो के नेतृत्व में बूथ स्तर पर जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान राजद नेता उजियारपुर के अलावा बेलारी, पतैली, भगवानपुर देसूआ, भगवानपुर कमला, चाँदचौर, मुरियारों, अंगारघाट, विरनामा, डढिया असाधर, पचपैका आदि गांवों का भ्रमण कर लोगों से 25 फरवरी को पटेल मैदार में आने का आह्वान कर रहे हैं।जन विश्वास यात्रा के दौरान 25 फरवरी को तेजस्वी यादव समस्तीपुर पहुंच रहे हैं। तेजस्वी के कार्यक्रम को लेकर राजद के जिला संगठन प्रभारी से लेकर सभी विधायक व पूर्व मंत्री भीड़ जुटाने के लिए ग्रामीण इलाकों में धूल उड़ा रहे हैं।

9 मार्च को लगेगी राष्ट्रीय लोक अदालत

एजेंसी

दरभंगा। जिला और सत्र न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार दरभंगा के अध्यक्ष विनोद कुमार तिवारी के निर्देश पर राष्ट्रीय लोक अदालत के कार्यों की प्रगति को लेकर विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों के साथ समीक्षात्मक बैठक आज शाम हुई। राष्ट्रीय लोक अदालत 9 मार्च 2024 शनिवार को आयोजित होगी।बैठक की अध्यक्षता करते हुए अवर न्यायाधीश-सह-जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रंजन देव ने कहा कि विद्युत विभाग, वन विभाग मापतौल, श्रम से संबंधित सुलहयोग्य शमनीय मामलों में पक्षकारों को बुलाकर समझौता

कराने का प्रयास करें। यदि किसी पक्षकार को सुलह करने में कोई कठिनाई हो तो उसे प्राधिकार कार्यालय में भेज दें। यहां पैनल अधिवक्ताओं या पारा विधिक स्वयंसेवकों के जरिए निःशुल्क कानूनी सलाह व सहयोग किया जाएगा।उन्होंने दूरसंचार विभाग के पदाधिकारी को निर्देश दिया कि टेलीफोन बिल बकाया संबंधी या अन्य मुकदमा पूर्व आवेदन के पक्षकारों से संपर्क कर सुलह कराने का प्रयास करें। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर एडीजे 11 संजय प्रिया ने क्लेम केस से जुड़े अधिवक्ताओं और बीमा कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षात्मक बैठक की। बैठक में एडीजे प्रिया ने चयनित क्लेम केस के मामलों में सुलह प्रक्रिया के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक दावा वादों के निष्पादन कराने के लिए सभी अपने स्तर से प्रयास करें। खासकर बीमा कंपनियों के अधिवक्ता इसमें ज्यादा रुचि लेकर मामलों में समझौता कराएं।बैठक में अधिवक्ता शिशिर कुमार दास, जवाहर कुमार झा, हरिवंश कुमार कर्ण, सोहन कुमार सिन्हा, सुरेंद्र कुमार, कौशलेंद्र नारायण श्रीवास्तव, मो.मकसुद, लाल बहादुर यादव, मनोज कुमार, शैलेंद्र कुमार चौधरी सहित यूनाइटेड इंडिया इंश्योरेंस कम्पनी और बीएसआरटीसी के पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

मैट्रिक परीक्षा ठीक नहीं गई तो छात्र ने की खुदकुशी

आरा । भोजपुर में मंगलवार की देर शाम वकील के 15 साल के बेटे ने खुदकुशी कर ली। वो मैट्रिक परीक्षा ठीक नहीं जाने से परेशान था। मंगलवार की शाम वह परीक्षा देकर घर वापस आया और खाना खाया। इसके बाद वह दरवाजे पर बैठा था। तभी वह सब्जी खरीदने के लिए बाजार चला गया। इसी बीच बाजार में उसने जहर खा लिया।जब नितिन बाजार से लौटा तो वह उल्टी करने लगा और अचानक बेहोश हो गया। जिसके बाद परिजनों उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देख उसे मृत घोषित कर दिया।घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी मच रही। मृत छात्र कोईलवर क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव निवासी अशोक कुमार दास का 15 वर्षीय बेटा

नितिन कुमार है। मामला कोईलवर थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव का है।नितिन दसवीं कक्षा का छात्र था। वो जमालपुर स्थित हाई स्कूल में पढ़ता था। पिता अशोक कुमार दास ने बताया कि कुछ महीने पहले से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। वह दसवीं कक्षा में पढ़ता था और इस बार वह मैट्रिक का परीक्षा दे रहा था। उसका सेंटर महाराजा कॉलेज में था। वह परीक्षा देकर आता तो रोज बोला करता था कि मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा है।

संक्षिप्त डायरी

विधानसभा में गुस्से में नीतीश,बोले-एक सीट भी नहीं जीत पाएंगे

पटना । बिहार विधानसभा के 8वें दिन सदन में केके पाठक के मुद्दे पर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। मुख्यमंत्री ने उनका बचाव करते हुए कहा कि वो ईमानदार अफसर हैं। किसी की नहीं सुनते हैं। अपना काम ईमानदारी से करते हैं। सीएम ने कल विधानसभा में स्कूल की टाइमिंग 10-4 बजे करने को कहा था। इसके बावजूद स्कूल का टाइमिंग नहीं बदला गया। विपक्ष इसी का विरोध कर रहा था। तभी नीतीश केके पाठक के बचाव में खड़े हो गए। नीतीश कुमार जब बोल रहे थे तब विपक्ष के नेता उनके खिलाफ बयानबाजी करने लगे। नीतीश ने कहा कि मेरे बारे में जो बोलना है बोलिए। आप इस बार एक सीट भी जीत नहीं पाएंगे।वहीं प्रश्नकाल के दौरान आज पथ निर्माण विभाग, लघु जल संसाधन विभाग, ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण कार्य, श्रम संसाधन, भवन निर्माण और समाज कल्याण विभाग से सवाल पूछे जाएंगे।स्वास्थ्य, सहकारिता, पंचायती राज, नगर विकास एवं आवास, आपदा प्रबंधन, वित्त, पेंशन, वाणिज्य कर, उद्योग, कला, संस्कृति, युवा , खेल और विभाग के अनुदानों की मांग पर चर्चा की जाएगी।

युवक को गोली मारने वाले दो अपराधी गिरफ्तार

गया । गया शहर के डेल्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत केंद्रीय विद्यालय बैरागी मोहल्ले में क्रिकेट खेलने के दौरान युवक को गोली मारी गई थी। इस मामले में पुलिस ने दो अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है।19 फरवरी को पीड़ित युवक ने डेल्हा थाना की पुलिस टीम बयान दिया कि बैरागी मोहल्ले में क्रिकेट खेल रहे थे, तो अचानक रघु कुमार और इसका सहयोगी गाली-गलौज करने लगा और मारपीट करते हुए गोली चला दी। डेल्हा थाना में मामला दर्ज किया गया।एसएसपी आशीष भारती ने इस घटना में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए नगर पुलिस अधीक्षक प्रेरणा कुमार के निर्देशन में और नगर पुलिस उपाधीक्षक के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी शाखा के पुलिस पदाधिकारी और कर्मी भी शामिल किए गए।एसएसपी आशीष भारती ने बताया टीम ने सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना संकलन कर इस कांड में शामिल रघु कुमार पिता राजेश रविदास, दूसरा टकला पासवान पिता स्वर्गीय राजेश पासवान दोनों बैरागी थाना डेल्हा के रहने वाले हैं। दोनों की गिरफ्तारी पुलिस टीम ने लोको कॉलोनी से की। दोनों रेलवे के बंद सरकारी क्वार्टर में छिपे थे।एसएसपी ने बताया दोनों से पूछताछ की गई तो दोनों ने इस घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की।

कमरे से नगद-जेवरात की चोरी

गया। शहर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के नूतन नगर स्थित एक मकान में चोरी हुई है। चोरी की घटना एक किराए पर रहने वाली लड़की के बंद रूम में हुई है। पीड़िता पिंकी कुमारी के रूम का लॉक तोड़कर चोर जेवरात, नगद व ओरिजिनल डॉक्यूमेंट की चोरी कर ले गए। पिंकी कुमारी का कहना है कि वह प्रतियोगी परीक्षा देने के लिए यूपी गई हुई थी। यूपी से लौट कर आई तो पता चला कि बन्द कमरे से चोर सारा सामान चुरा ले गए हैं। खास बात यह भी कि चोरों ने पहले बन्द कमरे का ताला तोड़ कर चोरी की फिर उस कमरे की किसी दूसरे ताले से बंद कर दिया। ताकि मकान मालिक या फिर किसी और को चोरी की घटना की भनक जल्दी न लगे।पीड़ित युवती पिंकी कुमारी गया जिले के वजीरगंज थाना क्षेत्र के केनार चट्टी की रहने वालीं हैं। गया शहर के नूतन नगर में रह कर सरकारी जॉब की तैयारी करतीं हैं। 16 फरवरी को यूपी के गाजियाबाद में यूपी पुलिस का एग्जाम देने के लिए गई हुई थी। पिंकी कुमारी ने घटना की लिखित शिकायत सिविल लाइन थाना में की है। सिविल लाइन थाने की पुलिस ने मौके पर दल-बल के साथ पहुंच कर छानबीन की है।

बोरे में बंद मिली युवक की लाश की हुई पहचान

मुजफ्फरपुर । मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के शहबाजपुर सलेम में बंद बोरे में मिले अज्ञात युवक के शव की गुत्थी अब सुलझ गई है। जहां बोरे में मिले शव की पहचान टरमा बखरी निवासी 22 वर्षीय विशाल पांडेय के रूप में हुई है। मृतक युवक आपराधिक चरित्र का बताया जा रहा है। जिसके ऊपर अहियापुर थाना क्षेत्र समेत जिले में 10 से अधिक मामले दर्ज है। मृत युवक अभी हाल ही में 15 दिन पहले ही जमानत मिलने पर जेल से बाहर आया था। वही, इस हत्या के पीछे अहियापुर पुलिस ने आपसी गैंगवार की आशंका जताई है।मृतक के घरवालों के अनुसार विशाल पांडेय हत्या के एक मामले में अभी हाल ही में जमानत पर छूटकर बाहर आया था। मृतक विशाल 18 फरवरी की शाम को घर से सब्जी



लाने के लिए बखरी चौक के लिए निकला था। जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा था। जिसकी लिखित सूचना भी परिजनों ने अहियापुर थाना को दी थी। परिजनों के अनुसार विशाल पांडेय को बखरी बाजार पर अंतिम बार देखा गया था। जहां से दो लोग उसे बाइक पर बैठाकर अपने साथ लेकर वहां से निकल गए थे।19 फरवरी की देर शाम शहबाजपुर सलेम से बोरे में बंद युवक की लाश को बरामद किया गया था।

तेजस्वी के बाप के नारे के मायने समझिए

एजेंसी

पटना। डिप्टी सीएम से नेता प्रतिपक्ष बनते ही तेजस्वी यादव सदन छोड़ सड़क पर उतर गए हैं। 20 फरवरी से उन्होंने अपने जन विश्वास यात्रा की शुरूआत की है। अपनी यात्रा के पहले दिन ही तेजस्वी ने नए नारे के साथ चुनाव में अपनी मंशा साफ कर दी है। 2020 के विधानसभा चुनाव में राजद को अ 2 की पार्टी बताने वाले तेजस्वी ने अब इसे BAAP (बहुजन, अगड़ा, आधी आबादी और पुअर) की पार्टी कहा है। सियासी गलियारों में इस बयान के कई मायने निकाले जा रहे हैं। कोई इसे राजद का तेजस्वीकरण कह रहा हैं तो कोई इस नारे से ये साबित कर रहा हैं कि राजद लालू यादव की पार्टी है और तेजस्वी लालू यादव के साये से अभी तक बाहर नहीं निकल पा रहे हैं। इन सबसे तेजस्वी इस नारे के साथ एक बार से चर्चा के केंद्र में आ गए हैं।

हमने एक्सपर्ट की मदद से तेजस्वी के इन नारे के मायने को समझने की कोशिश की है।बीजेपी और नीतीश कुमार दोनों लगातार लालू यादव पर हमलावर हैं। वे राजद की नीतियों से ज्यादा जनता को 2005 से पहले के बिहार की याद दिलाते हैं। वे लालू-राबड़ी के काल को जंगल राज और गुंडा राज की संज्ञा देते हैं। ऐसे में तेजस्वी जनता को ये संदेश देने की कोशिश में जुटे हैं कि ये नया राजद है। ये तेजस्वी का राजद है। यही कारण है कि नीतीश सरकार से हटने के बाद राजद दफ्तर में जो बड़ा पोस्टर लगा, उसके पोस्टर बॉय केवल तेजस्वी यादव रहे। लालू यादव भी खुद सामने आने की बजाय तेजस्वी यादव को आगे कर रहे हैं।पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं कि लालू यादव अपने ठेठ देसी अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उनकी रैलियों का नाम हुआ करता था गरीब रैलीङ्कलाठी पिलावन

रैली। 2020 में भी उनकी एक रैली ने राजद में जोश भर दिया था, जब उन्होंने कहा था कि उठो बिहारी.. करो तैयारी.. जनता का शासन अबकी बारी। तेजस्वी के इस नारे से राजद से युवा तो जुड़ सकते हैं, लेकिन पुराने कार्यकताओं को इससे परेशानी हो सकती है।संजय यादव के राज्यसभा भेजे जाने के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं में अब इस तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं कि राजद को अब पटना की जगह दिल्ली से संचालित किया जा रहा है।सियासत के जानकार कहते हैं कि राजद मतलब लालू और लालू मतलब लालटेन। इस बात को तेजस्वी भी अच्छे से जानते हैं। जब से राजद का गठन हुआ है, तब से लालू यादव ही इस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष हैं। BAAP का एब्रीविएशन वे भले कुछ कर लें, लेकिन मैसेज यही जाना है कि सच में उनकी पार्टी 'बाप' यानी लालू प्रसाद यादव की ही है। ऐसे में वे अपना दायरा बड़ा करने के साथ अपने कार्यकताओं को भी मैसेज देना चाहते हैं कि राजद अभी भी लालू यादव की ही पार्टी है।पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं कि तेजस्वी यादव आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव को 17 साल बनाम 17 महीने के ईर्द-गिर्द रखना चाहते हैं। वे नौकरी और रोजगार को मुद्दा बनाकर खुद को युवाओं का हितैषी साबित करना चाहते हैं। लेकिन, विपक्ष उनको लालू और राबड़ी राज में घेर लेता है। यही कारण है कि तेजस्वी लालू यादव के साये से तो बाहर निकलना चाहते हैं। पिछले चुनाव में वे कई मंचों पर माफी मांगते हुए भी दिखे हैं। हालांकि, इस बात को वे भी अच्छे से समझते हैं कि जनता के लिए अभी लालटेन मतलब लालू यादव ही हैं।वरिष्ठ पत्रकार प्रवीण बागी कहते हैं कि इस तरह के नारे देकर तेजस्वी यादव अपनी पार्टी को विस्तार देना चाहते हैं। उनकी पार्टी पर ठप्पा लगा हुआ हैं।

संदेशखाली का भंवर

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली गांव में महिलाओं के कथित यौन उत्पीड़न मामले में राज्य सरकार का अब तक का रवैया न सिर्फ असंवेदनशील, बल्कि राजनीतिक रूप से अदूरदर्शितापूर्ण भी कहा जाएगा। कोलकाता हाईकोर्ट की टिप्पणियों से भी यही प्रतीत होता है कि सूबे की सरकार इस मामले में अपने तईं इंसाफ सुनिश्चित करने के बजाय उसकी राह में अवरोध ही खड़ी कर रही है। राज्य में विरोधी दल के नेता सुवेंदु अधिकारी को घटनास्थल पर जाने की सशर्त इजाजत देते हुए 20 फरवरी को हाईकोर्ट ने साफ कहा कि प्रथम दृष्टया यही लगता है कि आरोपी ने जनता को नुकसान पहुंचाया है और वह अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर है? इसका साफ मतलब है कि राज्य की पुलिस उसे पकड़ने में अक्षम है या फिर वह उसके अधिकार क्षेत्र से बाहर है! निस्संदेह, जिस तरह से संदेशखाली गांव की बाडेब्रंदी की गई या वहां विपक्षी नेताओं और मीडिया को जाने से रोका गया है, उससे यही संदेह गहराया है कि कुछ तो है, जिस पर परदा डालने की कोशिश की जा रही है। वैसे, संदेशखाली इकलौता मामला नहीं है, और न ही पश्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार देश की अकेली सूबाई हुकूमत है, जिसके गलत फैसलों ने एक मामले को स्थानीय से अंतरराष्ट्रीय बना दिया। लेकिन जिस सूबे की मुखिया एक महिला हो, वहां तो ऐसे किसी मामले में अतिरिक्त सक्रियता दिखनी चाहिए थी, बल्कि ममता बनर्जी ऐसा करके देश-प्रदेश में सुर्खरू ही होतीं, मगर त्वरित कार्रवाई करने के बजाय सियासी आरोपों-प्रत्यारोपों के जरिये इसे दबाने की कोशिश की गई। जनवरी के पहले हफ्ते में यह मामला प्रकाश में आया था कि पार्टी का स्थानीय नेता शाहजहां शेख व उसके गुर्गे कथित तौर पर लोगों की जमीन हड़पने, महिलाओं के शोषण और फिरौती वसूलने जैसे आपराधिक कृत्यों में शामिल हैं। आम चुनाव के मुहाने पर खड़ी तृणमूल कांग्रेस सरकार की एक संजीदा पहल संदेशखाली को राजनीतिक मुद्दा बनने और ध्रुवीकरण की राजनीति के लिए किसी अवसर को खत्म कर सकती थी, मगर ऐसा न करके उसने विपक्ष को मौका मुहैया करा दिया है। दरअसल, जिस राजनीतिक दौर में आज हम जी रहे हैं, उसमें राजनेताओं के लिए सिर्फ चुनावी जीत मायने रखती है, चाहे वह किसी अधिकारी की धोखाधड़ी से आ रही हो या किसी अपराधी के दबदबे से। शाहजहां शेखों का कवच यही वोट का लोभ बनता है। निस्संदेह, ऐसे में न्यायपालिका की जिम्मेदारी बढ़ गई है कि वह संविधान और उसके मूल्यों के पक्ष में दृढ़ता से खड़ी हो। संदेशखाली के मामले में कोलकाता हाईकोर्ट ने उचित ही कहा है, सिर्फ इसलिए कि लोग कुछ कह रहे हैं, उससे आरोपी दोषी नहीं बन जाएगा। मगर यह सरकार का दायित्व है कि वह आरोपी को अदालत के सम्मुख पेश करे। सिर्फ इसलिए कि शाहजहां शेख तृणमूल से जुड़ा है और इलाके में उसकी धमक से राजनीतिक लाभ बटोरा जा सकता है, उसे किसी संदेह की छूट क्यों मिलनी चाहिए?

लाल सागर में दिक्कतें

यह लगातार दूसरा महीना है, जब भारत के माल निर्यात में पिछले महीने बढ़ोतरी हुई। हालांकि, यह बढ़ोतरी दिसंबर में हुई एक फीसदी की वृद्धि से मामूली ही ज्यादा होकर 3.1 फीसदी की रही। यह 2023-24 में बाहर भेजी जाने वाली खेप (आउटबाउंड शिपमेंट) में बढ़ोतरी का सिर्फ चौथा महीना है और इस साल का व्यापारिक निर्यात का कुल मूल्य 4.9 फीसदी कम होकर लगभग 354 बिलियन अमेरिकी डॉलर है। जनवरी महीने का 36.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निर्यात जहां इस साल के मासिक औसत से ऊपर है, वहीं यह दिसंबर महीने के मुकाबले चार फीसदी कम है। साफ तौर पर, क्रिसमस के बाद मांग में इस तरह की क्रमिक गिरावट असामान्य नहीं है और इस गिरावट के लिए वैश्विक व्यापार गलियारों में पैदा हुए उत्पात - हौथी विद्रोहियों ने लाल सागर के आसपास शिपिंग लाइनों के संचालन में व्यवधान पैदा किया, जिससे यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों में माल का प्रवाह प्रभावित हुआ - को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है। इस संदर्भ में, जनवरी महीने के व्यापार आंकड़े बताते हैं कि अब तक इस व्यवधान का असर बहुत ज्यादा चिंताजनक नहीं है, हालांकि कुछ प्रमुख क्षेत्रों में कुछ तकलीफ जरूर महसूस हो रही है। जनवरी में इंजीनियरिंग वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि दर घटकर चार फीसदी से थोड़ा ज्यादा रह गई, जबकि श्रम प्रधान रत्न एवं आभूषणों के क्षेत्र में 1.3 फीसदी की गिरावट के साथ हल्का संकुचन हुआ। लाल सागर के षडयंत्रों के अभी तक व्यापक रूप से स्पष्ट असर के अभाव के अलावा, माल व्यापार घाटे में तेज गिरावट उल्लेखनीय है क्योंकि यह नौ महीने के निचले स्तर 17.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया झ्र वह भी लगभग 30 बिलियन अमेरिकी डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई को छूने के सिर्फ तीन महीने बाद ही। दूसरा पहलू यह है कि हाल ही में आयात के खर्चे में कमी परियोजना सामानों एवं इलेक्ट्रॉनिक्स जैसी वस्तुओं के आयात में आई कुछ कमी की वजह से हुई है, जोकि अर्थव्यवस्था में निवेश और उपभोग की रफ्तार के कमजोर होने का संकेत देती है। सरकार ने यह विश्वास जताया है कि वैश्विक स्तर पर कई किस्म की प्रतिकूलताओं के बावजूद, भारत निर्यात के मामले में इस साल भी 2022-23 के 776 बिलियन अमेरिकी डॉलर के अपने रिकॉर्ड प्रदर्शन की बराबरी करेगा।

श्रीराम मंदिर, मोदी का तपस्वी नेतृत्व और संसद में अमित शाह

ANALYSIS

संजय तिवारी

भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्धार्ली में हनुमान जी के लिये लिखा है – सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा।। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है।

भारत की संसद में 10 फरवरी 2024 का दिन ऐतिहासिक रहा। देश के गृह एवं सहकारितामंत्री अमित शाह ने लोकसभा में इस दिन जो उद्गार व्यक्त किया वह देश के ससंदीय इतिहास का एक ऐसा पृष्ठ बन गया जिसे सदियों तक भुलाया नहीं जा सकता। भारतीय संसद में दिये गये विगत 76 वर्षों के कुछ ऐतिहासिक उद्बोधनों में से एक अमित शाह का यह उद्बोधन जिसने भी सुना होगा वह निश्चित रूप से भारत, भारतीयता, श्रीराम और भारतीय जीवन में रामतत्व की महत्ता से बहुत ही भावपूर्ण तरीके से परिचित हुआ होगा। इस संबोधन की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि गृहमंत्री ने श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन के लगभग 500 वर्षों के संघर्ष को तो रेखांकित किया ही, भारत के प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी के एक ऐसे स्वरूप से उन्होंने सभी को परिचित कराया जिसको जानना खासतौर पर नयी पीढ़ी के लिये अतिआवश्यक है। श्रीरामचरितमानस के रचयिता कविकुल शिरोमणि गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीहनुमान चालीसा में एक चैपाई की एक अद्धार्ली में हनुमान जी के लिये लिखा है - सब पर राम तपस्वी राजा, तिनके काज सकल तुम साजा।। लोकसभा में गृहमंत्री अमित शाह ने श्रीअयोध्या जी में श्रीराम जन्मभूमि पर निर्मित श्रीराम मन्दिर की प्राण-प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रस्तुत किये गये प्रस्ताव पर जो कुछ बोला वह भारतीय संसद के साथ-साथ भारत की लोक परम्परा के लिये भी धरोहर है। अपने संबोधन के आरंभ में ही गृहमंत्री ने स्पष्ट कर दिया कि भारत की स्वाधीनता के बाद राष्ट्र के जीवन में जो कुछ महत्वपूर्ण प्रस्ताव आए हैं उनमें से एक प्रस्ताव श्रीराम जन्मभूमि पर मन्दिर के निर्माण का है। गृहमंत्री ने अपने संबोधन के आरंभ में ही यह स्पष्ट कर दिया कि वह किसी प्रश्न का उत्तर नहीं दे जा रहे हैं बल्कि स्वयं के मन की, भारत की जनता की भावनाओं की और भारत से बाहर के सभी रामभक्तों की भावनाओं के प्रतिनिधि स्वरूप अपनी बात कर रहे हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट कर दिया कि भारत की 140 करोड़ जनता और विश्व में अलग-अलग देशों में रह रहे रामभक्तों का यह ऐसा स्वर है जो वर्षों से न्यायालयी प्रत्रावलियों में दबा हुआ था। नरेन्द्र मोदी जैसे संकल्पित और तपस्वी प्रधानमंत्री के प्रयासों से वह स्वर मुखर हुआ, अभिव्यक्ति पाया और एक दुर्लभ सपना आज साकार स्वरूप में सभी के सामने है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में जोर इस बात पर दिया कि 22 जनवरी 2024 का दिन आने वाले दस सहस्त्र वर्षों के लिए ऐतिहासिक बन चुका है। 22 जनवरी वह दिन है जिसमें करोड़ों भक्तों की आशाएं, आकांक्षाएं सिद्ध हुयी हैं। यह समग्र भारत के लिये आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का दिन है। यह महान भारत की यात्रा के आरंभ का दिन है। और मां भारती को विश्व गुरु के मार्ग पर आगे ले जाने का एक पड़ाव है। गृहमंत्री ने अपने उद्बोधन में राम, रामतत्व, राम के आदर्श, राम राज्य, राम का जीवन चरित्र, राम की यात्रा, उनके संघर्ष, उनके साहस, उनकी मायार्दा और लोक में राम की उपस्थिति पर बहुत विस्तार से चर्चा की। भारत के लिये राम कितने महत्वपूर्ण हैं इसकी व्याख्या करते हुए गृहमंत्री ने स्पष्ट किया कि राम और राम के चरित्र के बिना भारत की कल्पना नहीं की जा सकती। जो भी लोग भारत को पहचानना चाहते हैं, जानना चाहते हैं, जीना चाहते हैं वे राम और रामचरितमानस के बिना जी ही नहीं सकते। राम का चरित्र और राम भारत के जनमानस के प्राण तत्व हैं। इसे सभी को समझना भी चाहिए और स्वीकारना भी चाहिए। जो लोग राम के अलावा भारत की कल्पना करते हैं वे भारत को तो नहीं ही जानते हैं बल्कि वे हमारी पराधीनता के समय का ही प्रतिनिधित्व कर रहे होते हैं। भारत के संविधान से लेकर माहात्मा गांधी के रामराज्य तक की कल्पना में राम की महत्ता को गृहमंत्री ने बहुत विस्तार से समझाया। गृहमंत्री के अति गंभीर और विस्तृत उद्बोधन में श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, श्रीलालकृष्ण आडवाणी की राम रथ यात्रा, निहंग आंदोलन, स्व. अशोक सिंघल जी द्वारा किये गये संघर्ष के साथ-साथ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों पर जिस ढंग से प्रकाश डाला गया वह अत्यंत भावुक रहा। गृहमंत्री ने पालमपुर में भाजपा की कार्यकारिणी के प्रस्ताव से लेकर मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा तक की यात्रा को बहुत विस्तार से सदन के पटल पर तो रखा ही, ऐसी शैली में रखा कि पूरा परिवेश अत्यंत भावपूर्ण हो गया। 1528 में मंदिर के विध्वंस से लेकर 1990 की कार सेवा और भारत के सुप्रीम कोर्ट में चलने वाली कार्यवाहियों और विवादों के बाद पांच जजों द्वारा दिये गये फैसले और अब मंदिर के बन जाने तक की यात्रा को गृहमंत्री ने विध्वंस के सामने विकास की विजय बताया। धर्मान्धता के सामने आध्यात्मिकता और भक्ति की विजय के रूप में रेखांकित करते हुए उन्होंने इसको भारत के गौरवमय युग की शुरूआत बताया। श्रीराम जन्मभूमि आंदोलन, संघर्ष, अदालती दांव-पेच, विरोधी पक्ष द्वारा की गयी टिप्पणियों और 2014 में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद श्रीराम मंदिर निर्माण के लिये किये जाने वाले प्रयासों को अद्वितीय बताते हुये अमित शाह ने कहा कि जब भी दुनिया का इतिहास लिखा जायेगा तब लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए किसी देश के बहुसंख्यक समाज की धार्मिक विश्वास की पूर्ति के लिये इतना बड़ा संघर्ष मानक बनेगा और निश्चित रूप से इसकी सफलता का श्रेय सनातन मूल्यों के प्रति समर्पित और एक तपस्वी राजा के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व को ही जायेगा। गृहमंत्री ने और भी बहुत कुछ कहा जिसका उल्लेख सार में ही करना उचित होगा। भारत के वर्तमान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सनातन वैष्णव उपासक स्वरूप को गृहमंत्री ने विशेष रूप से सदन के सामने जब रखा तो वह क्षण भी बहुत भावपूर्ण था। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा - जब राम मंदिर का निर्माण हो रहा था, तब और जब जजमेंट आया तब, कई लोग कयास लगा रहे थे, कई लोग अनुमान लगा रहे थे कि इस देश में रक्तपात हो जाएगा, इस देश में दंगे हो जाएंगे, इस देश में धर्म-धर्म के बीच में बड़े विवाद होंगे। मगर, मैं आज इस सदन को कहना चाहता हूं कि यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी इस देश के प्रधानमंत्री हैं। कोर्ट के जजमेंट को भी जय-पराजय की जगह सबके मान्य न्यायालय के आदेश में परिवर्तित करने का काम मोदी जी के दूरदर्शी विचार ने किया है। जब समय आया, उनको न्योता मिला कि वे आकर भूमि पूजन करें। वे 140 करोड़ जनता के जनप्रतिनिधि हैं। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास ने उनको जनता के प्रतिनिधि के नाते शिलान्यास करने का जब मौका दिया, तब मोदी जी का जो पूरा आचरण था, इसको ध्यान से देखना चाहिए। वह आचरण आने वाले सैकड़ों सालों तक दुनिया के सामने रहेगा इससे कई लोगों को प्रेरणा भी मिलेगी। हम सब ने, आचार्य गोविंद देव गिरी जी के वक्तव्य को सुना है। मोदी जी को जब मौका मिला तब उन्होंने रामानंदी संप्रदाय के और वैष्णव संतों से पूछा कि प्राण प्रतिष्ठा करनी है, किसी संसारी को करनी है तो इसके यम-नियम, इसके लिए किस प्रकार की उपासना करनी चाहिए। जो संतों की ओर से सुझाया गया, उससे भी अनेक गुना कठोर, 11 दिनों का व्रत इस देश के प्रधानमंत्री ने किया। 11 दिनों तक शय्या पर नहीं सोना, 11 दिनों तक केवल नारियल पानी के साथ उपवास करना, 11 दिनों तक पूरा समय रामभक्ति में रचे-बसे रहना और उस वक्त की हर सांस को राम के साथ जोड़ कर, राममय बनकर प्राण प्रतिष्ठा करना, यह प्रमाणित करता है कि भारत का नेतृत्व वास्तव में कितना बड़ा तपस्वी है। इस अवधि में प्रधानमंत्री ने भगवान के वनगमन और वनवास के उन सभी स्थलों पर जाकर अपनी तपश्चर्या की जिसे विश्व ने देखा है। जो लोग 22 जनवरी को अयोध्या में प्रधानमंत्री को प्राण-प्रतिष्ठा के समय देख रहे थे उनको भी ठीक से आभास हुआ होगा कि जब देश का नेतृत्व सात्विक और आध्यात्मिक होता है तो देश कैसे उन्नति करता है। भारत की संसद में यह दृश्य ही अद्भुत था। भारत के संसदीय इतिहास में किसी गृहमंत्री का ऐसा सात्विक, आध्यात्मिक, दार्शनिक, लोकभाव से परिपूर्ण यह ऐसा संबोधन था जो निश्चित रूप से भावी भारत की संसदीय परम्परा को एक अलग राष्ट्रोन्मुख दिशा देगा।

लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।

आध्यात्मिक ऊर्जा से भरे थे आचार्य विद्यासागर

जीवन में हम बहुत कम ऐसे लोगों से मिलते हैं, जिनके निकट जाते ही मन-मस्तिष्क एक सकारात्मक ऊर्जा से भर जाता है। ऐसे व्यक्तियों का स्नेह, उनका आशीर्वाद, हमारी बहुत बड़ी पूंजी होती है। संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज मेरे लिए ऐसे ही थे। उनके समीप अलौकिक आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता था। आचार्य विद्यासागर जी जैसे संतों को देखकर ये अनुभव होता था कैसे भारत में अध्यात्म किसी अमर और अजस्त्र जलधारा के समान अविरल प्रवाहित होकर समाज का मंगल करता रहता है। आज मुझे, उनसे हुई मुलाकातें, उनसे हुआ संवाद, सब बार-बार याद आ रहा है। पिछले साल नवंबर में छत्तीसगढ़ में डोंगरगढ़ के चंद्रगिरी जैन मंदिर में उनके दर्शन करने जाना मेरे लिए परम सौभाग्य की बात थी। तब मुझे जरा भी इस बात का अंदाजा नहीं था कि आचार्य जी से मेरी यह आखिरी मुलाकात होगी। वह पल मेरे लिए अविस्मरणीय बन गया है। इस दौरान उन्होंने काफी देर तक मुझसे बातें कीं। उन्होंने पितातुल्य भाव से मेरा ख्याल रखा और देश सेवा में किये जा रहे प्रयासों के लिए मुझे आशीर्वाद भी दिया। देश के विकास और विश्व मंच पर भारत को मिल रहे सम्मान पर उन्होंने प्रसन्नता भी व्यक्त की थी। अपने कार्यों की चर्चा करते हुए वह काफी उत्साहित थे। इस दौरान उनकी सौम्य दृष्टि और दिव्य मुस्कान प्रेरित करने वाली थी। उनका आशीर्वाद आनंद से भर देने वाला था, जो हमारे अंतर्मन के साथ-साथ पूरे वातावरण में उनकी दिव्य उपस्थिति का अहसास करा रहा था। उनका जाना उस अद्भुत मार्गदर्शक को खोने के समान है, जिन्होंने मेरा और अनगिनत लोगों का मार्ग निरंतर प्रशस्त किया है। भारतवर्ष की ये विशेषता रही है कि यहां की पावन धरती ने निरंतर ऐसी महान विभूतियों को जन्म दिया है, जिन्होंने लोगों को दिशा दिखाने के साथ-साथ समाज को भी बेहतर बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है। संतों और समाज सुधार की इसी महान परंपरा में संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज जी का प्रमुख स्थान है। उन्होंने वर्तमान के साथ ही भविष्य के लिए भी एक नयी राह दिखाई है। उनका संपूर्ण जीवन आध्यात्मिक प्रेरणा से भरा रहा। उनके जीवन का हर अध्याय, अद्भुत ज्ञान, असीम करुणा और मानवता के उत्थान के लिए अटूट प्रतिबद्धता से सुशोभित है। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज जी सम्यक ज्ञान, सम्यक दर्शन और सम्यक चरित्र की त्रिवेणी थे। उनके व्यक्तित्व की सबसे विशेष बात ये थी कि उनका सम्यक दर्शन जितना आत्मबोध के लिए था, उतना ही सशक्त उनका लोक बोध भी था। उनका सम्यक ज्ञान जितना धर्म को लेकर था, उतना ही उनका चिंतन लोक विज्ञान के लिए भी रहता था। करुणा, सेवा और तपस्या से परिपूर्ण आचार्य जी का जीवन भगवान महावीर के आदर्शों का प्रतीक रहा, उनका जीवन, जैन धर्म की मूल भावना का सबसे बड़ा उदाहरण रहा। उन्होंने जीवन भर अपने काम और अपनी दीक्षा से इन सिद्धांतों का संरक्षण किया। हर व्यक्ति के लिए उनका प्रेम, ये बताता है कि जैन धर्म में ह्यजीवनह्ल का महत्व क्या है। उन्होंने सत्यनिष्ठा के साथ अपनी पूरी आयु तक ये सीख दी कि विचारों, शब्दों और कर्मों की पवित्रता कितनी बड़ी होती है। उन्होंने हमेशा जीवन के सरल होने पर जोर दिया। आचार्य जी जैसे व्यक्तित्वों के कारण ही, आज पूरी दुनिया को जैन धर्म और भगवान महावीर के जीवन से जुड़ने की प्रेरणा मिलती है। वो जैन समुदाय के साथ ही अन्य विभिन्न समुदायों के भी बड़े प्रेरणास्त्रोत रहे। विभिन्न पंथों, परंपराओं और क्षेत्रों के लोगों को उनका सानिध्य मिला, विशेष रूप से युवाओं में आध्यात्मिक जागृति के लिए उन्होंने अथक प्रयास किया। शिक्षा का क्षेत्र उनके हृदय के बहुत करीब रहा है। बचपन में सामान्य विद्याधर से लेकर आचार्य विद्यासागर जी बनने तक की उनकी यात्रा ज्ञान प्राप्ति और उस ज्ञान से पूरे समाज को प्रकाशित करने की उनकी गहरी प्रतिबद्धता को दिखाती है। उनका दृढ़ विश्वास था कि शिक्षा ही एक न्यायपूर्ण और प्रबुद्ध समाज का आधार है। उन्होंने लोगों को सशक्त बनाने और जीवन के लक्ष्यों को पाने के लिए ज्ञान को सर्वोपरि बताया। सच्चे ज्ञान के मार्ग के रूप में स्वाध्याय और आत्म-जागरूकता के महत्त्व पर उनका विशेष जोर था। इसके साथ ही उन्होंने अपने अनुयायियों से निरंतर सीखने और आध्यात्मिक विकास के लिए निरंतर प्रयास करने का भी आग्रह किया था। संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर जी महाराज की इच्छा थी कि हमारे युवाओं को ऐसी शिक्षा मिले, जो हमारे सांस्कृतिक मूल्यों पर आधारित हो। वह अक्सर कहा करते थे कि चूंकि हम अपने अतीत के ज्ञान से दूर हो गये हैं, इसलिए वर्तमान में हम अनेक बड़ी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। अतीत के ज्ञान में वो आज की अनेक चुनौतियों का समाधान देखते थे। जैसे जल संकट को लेकर वो भारत के प्राचीन ज्ञान से अनेक समाधान सुझाते थे। उनका यह भी विश्वास था कि शिक्षा वही है, जो स्किल डेवलपमेंट और इनोवेशन पर अपना ध्यान केंद्रित करे। आचार्य जी ने कैदियों की भलाई के लिए भी विभिन्न जेलों में काफी कार्य किया था। कितने ही कैदियों ने आचार्य जी के सहयोग से हथकरघा का प्रशिक्षण लिया। कैदियों में उनका इतना सम्मान था कि कई कैदी रिहाई के बाद अपने परिवार से भी पहले आचार्य विद्यासागर जी से मिलने जाते थे। संत शिरोमणि आचार्य जी को भारत देश की भाषाई विविधता पर बहुत गर्व था। इसलिए वह हमेशा युवाओं को स्थानीय भाषाएं सीखने के लिए प्रोत्साहित करते थे। उन्होंने स्वयं भी संस्कृत, प्राकृत और हिंदी में कई सारी रचनाएं की हैं।

Social Media Corner

सच के हक में...

संत शिरोमणि आचार्य श्री 108 विद्यासागर जी महाराज जी का जीवन सिर्फ अध्यात्म जगत ही नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों के लिए भी एक पथ-प्रदर्शक की तरह है। यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे निरंतर उनका सान्निध्य मिलता रहा।

(प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 'एक्स' पर पोस्ट)

श्री अमीन सयानी जी के निधन से भारत और अनेक देशों में रेडियो श्रोताओं के लिए एक युग का अंत हो गया है। उन्होंने रेडियो कार्यक्रमों को प्रस्तुत करने की अपनी सहज शैली, प्रभावशाली आवाज और अनूठे प्रवाह से लोगों के हृदय में अपना विशेष स्थान बनाया था। उन्होंने सुगम संगीत और सिनेमा की लोकप्रियता में विशेष योगदान दिया था। मैं उनके चाहने वाले अनगिनत रेडियो श्रोताओं और श्री अमीन सयानी जी के परिवार के लोगों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त करती हूं।

(राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का 'एक्स' पर पोस्ट)

अबुआ आवास योजना के प्रथम चरण में रांची, लोहरदगा और गुमला के 24,117 लाभुकों को आवास निर्माण हेतु स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। इस दौरान, रांची के 13,222, गुमला के 7,663 एवं लोहरदगा के 3,228 लाभुकों को तीन कमरों का मकान बनाने हेतु पहली किस्त डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित की गई।

(सीएम चंपाई सोरेन का 'एक्स' पर पोस्ट)

मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव

देश में विकास के मेगा प्रोजेक्ट्स और स्थानीय हितों में टकराव के समाचार रोज कहीं न कहीं से आते ही रहते हैं। यह ठीक है कि कुछ नया बनेगा तो कुछ पुराने को हानि भी झेलनी पड़ेगी। किन्तु जीवन के लिए आवश्यक हवा पानी और भोजन जैसे संसाधनों पर जब चोट पड़ने लगती है तो मामला चिंतनीय हो जाता है और उस पर तार्किक रूप से विचार करना जरूरी हो जाता है। किन्तु खेद का विषय है कि आमतौर पर स्थानीय निवासियों के हितों पर परियोजना हितों को वरीयता दी जाति है। इस स्थिति में टकराव शुरू हो जाते हैं, जिनका समाधान यदि तर्क और स्थानीय हितों को ध्यान में रख कर न किया जाए तो मामले बिना वजह ही उलझ जाते हैं और बहुत बार अनावश्यक प्रतिष्ठा का प्रश्न बन जाते हैं। कई बार गलत या अधूरी सूचनाओं के कारण भी मामले उलझ जाते हैं। आजकल हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिला में इसी तरह का आन्दोलन अली खड्ड के पानी को ले कर चल रहा है। आंदोलनकारी तीन सप्ताह से बैठे हैं किन्तु किसी अर्थपूर्ण संवाद के अभाव में कोई हल निकल नहीं सका है। अनुभव यह बताता है कि शांतिपूर्ण आंदोलनों को जब समय पर सुना नहीं जाता है तो आन्दोलन उलझ जाते हैं और कई बार गलत हाथों में चले जाते हैं। इस लिए एक स्वस्थ प्रजातंत्र में लोगों के असहमति के अधिकार का सम्मान करते हुए आन्दोलन की बात को जल्दी सुना जाना चाहिए। किन्तु प्रशासन अपनी जिद पूरी करने के लिए मुद्दे की बात समझने के बजाय आन्दोलन को लंबा लटका कर लोगों को थका कर आन्दोलन को समाप्त करने की रणनीति अपनाने का प्रयास करता है। यह समस्या को बिना सुने समझे टाल देने का तरीका वाजिब नहीं है। यदि प्रशासन की बात सही है तो तर्क और पूरी सूचना देकर मामला सुलझाया जा सकता है। और यदि आन्दोलनकारियों की बात तथ्यात्मक है तो तथ्यों का ध्यान रखते हुए मामला हल किया जा सकता है। जीवनयापन के लिए अपरिहार्य रूप से आवश्यक संसाधनों की जब बात आती है तो स्थनीय निवासियों के अधिकारों को वरीयता दी जानी चाहिए, यही प्राकृतिक न्याय की मांग है। जहां दोनों पक्ष अपनी-अपनी जगह सही हों तो किसी एक की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकल्प तलाशने चाहिए। इस प्रक्रिया में दलगत राजनैतिक हित साधने के लिए कोई स्थान नहीं होना चाहिए। इस दृष्टि से देखा जाए तो इस आन्दोलन में दोनों मुख्य राजनीतिक दलों के स्थानीय नेता एक स्वर में त्रिवेणी घाट से पानी उठा कर अंबुजा सीमेंट प्लांट को देने का विरोध कर रहे है। विरोध का तार्किक आधार यह है कि जहां से पानी उठाया जा रहा है वहां से नीचे बिलासपुर जिला के चार निर्वाचन क्षेत्रों का पानी अली खड्ड से मिल रहा है। जिसके लिए 24 लिफ्ट और ग्रेविटी पेयजल योजनाएं, 7 सिंचाई लिफ्ट योजनाएं, स्थानीय कुहलें और घराट तथा मछली प्रजनन केंद्र चल रहे हैं। जिससे 50 हजार से ज्यादा जनसंख्या की पानी जरूरतें पूरी हो रही हैं। 1992 में भी यह योजना गुजरात अंबुजा के पूर्व मालिक द्वारा प्रस्तावित की गई थी जिसे वीरभद्र सिंह सरकार द्वारा डाउन स्ट्रीम स्थानीय समुदाय का पक्ष सुन कर रद्द कर दिया था। अब नए मालिक ने फिर से उस योजना को पुनर्जीवित करके निर्माण कार्य शुरू करवाया है। इसके लिए जलशक्ति विभाग को माध्यम बनाया गया है। बिलासपुर जिला के 50 से अधिक पंचायतों के लाभार्थी इस योजना के विरोध में त्रिवेणी घाट पर तीन सप्ताह से ज्यादा दिन से धरना दे रहे हैं। गत 13 फरवरी को एक्शन कमेटी द्वारा त्रिवेणी घाट पर लाभार्थियों द्वारा महापंचायत बुलाई गई थी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय भाजपा और कांग्रेस के नेता भी शामिल थे। इसमें अन्य समाजसेवी संगठनों के प्रतिनिधि भी शामिल थे।

चुनावी जंग को तैयार

दिल्ली में 17 और 18 फरवरी को हुई भाजपा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक ने पार्टी के लोकसभा चुनाव अभियान का सुर तय कर दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2019 के आम चुनाव में जीती गयीं 303 सीटों के मुकाबले, इस बार लोकसभा की 370 सीटें जीतने का लक्ष्य पार्टी के लिए तय किया है। इस संख्या के प्रतीकवाद का ताल्लुक अनुच्छेद 370 से है, जिसे उनकी सरकार ने अपनी पार्टी का एक मूल सिद्धांत पूरा करने के लिए अमान्य कर दिया। जम्मू और कश्मीर को स्वायत्तता की धारणा प्रदान करने वाले अनुच्छेद 370 को निष्प्राण बनाना और अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण उन तीन मुद्दों में शामिल थे जिन्होंने भाजपा के उत्थान को आगे बढ़ाया। इन दोनों वादों को अपने दूसरे कार्यकाल में पूरा करने के बाद, मोदी ने अब तीसरे कार्यकाल के लिए दांव लगाया है जिसे उन्होंने देश के लिए बेहद अहम बताया। दरअसल, उन्होंने 370 सीटों और हर मतदान केंद्र से अतिरिक्त 370 वोटों का अपेक्षाकृत ऊंचा लक्ष्य तय करके अपना दांव और बड़ा कर दिया है। अगर ऐसा हुआ तो पार्टी का वोट शेयर 50 फीसदी तक पहुंच सकता है। मोदी ने पार्टी नेताओं से यह भी कहा है कि सिर्फ चुनाव चिह्न ही मायने रखता है, उम्मीदवार नहीं। ऐसी उम्मीद की जा रही है कि बहुत से मौजूदा सदस्य नये उम्मीदवारों के लिए राह बनायेंगे। व्यक्तिगत स्तर पर भाजपा के उम्मीदवारों का परिधि पर होना भी चुनाव में मोदी की केंद्रीय भूमिका से जुड़ी है, जोकि इस बैठक में स्पष्ट थी। पार्टी उन ढेर सारे कल्याणकारी उपायों को भी वोटों में तब्दील करने पर ध्यान केंद्रित करेगी जिन्हें उसने या तो शुरू किया है या नये उद्देश्य के साथ पेश किया है। अपने सांगठनिक इंजन को दुरुस्त करने के साथ-साथ, भाजपा एक तरफ दूसरी पार्टियों के नेताओं को लगातार शामिल करके और दूसरी तरफ क्षेत्रीय दलों के साथ गठबंधन बनाकर अपनी मौजूदगी का विस्तार करना चाह रही है।

Printed and Published by Fahim Akhtar on behalf of MAA MEDIA VENTURE and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222, Jharkhand And Published at Roshpa

बिकने ही वाली थी टाटा की कंपनी, शेयरों ने लोगों को कर दिया मालामाल

नई दिल्ली।

कभी बिकने की कगार पर पहुंची टाटा की कंपनी के शेयरों ने इंवेस्टर्स को मालामाल कर दिया है। बता दें कि टाटा की कंपनियों को हमेशा भरोसमंद माना जाता है। टाटा की लिस्टेड कंपनियों में निवेश करने से शेयरधारक घबराते नहीं हैं। उन्हें विश्वास रहता है कि टाटा में उनका पैसा कहीं डूबेगा नहीं। लेकिन एक समय ऐसा था जब टाटा की एक कंपनी बिकने की कगार पर आ गई थी। टाटा मोटर्स जिसने पिछले 1 साल में अपने निवेशकों को मालामाल कर दिया है। यह कंपनी एक समय पर फोर्ड के हाथों बिकने वाली थी। लेकिन आज इसके शेयर रॉकेट बने हुए हैं। बता दें कि टाटा मोटर्स के शेयर फिलहाल 928 रुपये के आसपास ट्रेड कर रहे हैं। पिछले एक साल में यह शेयर 110 फीसदी से ज्यादा रिटर्न अपने निवेशकों को दे चुके है। वहीं, अगर पिछले 5 साल की बात करें तो शेयरधारकों को 463 फीसदी का मुनाफा मिल चुका है। अब भी इस कंपनी के शेयर में कमाई का मौका हो सकता है। सीनियर एनालिस्ट- टेक्निकल एंड डेरिवेटिव रिसर्च, ओशो कृष्णन ने कहा है कि टाटा मोटर्स का प्रदर्शन इस वित्त वर्ष में जबरदस्त रहा है। उनका कहना है कि 900 रुपये पर इसके शेयर को रजिस्टेंस देखने को मिल सकता है। वहीं, 845 रुपये पर इसे सपोर्ट मिल सकता है। उनका कहना है कि अगर शेयर 950 का लेवल पार करता है तो फिर 1000 रुपये तक जाएगा। मोतीलाल ओसवाल ने भी टाटा मोटर्स का टारगेट प्राइस 1000 रुपये दिया है। वहीं

जेएम फाइनेंशियल ने भी 1000 रुपये का लक्ष्य रखा है। प्रभुदास लीलाधर ने तो टाटा मोटर्स को 1010 रुपये का टारगेट दिया है।

सोने-चांदी की कीमतों में बढ़त

नई दिल्ली ।

सोने और चांदी की कीमतों में बुधवार को तेजी रही। सोने के वायदा भाव में बढ़त के साथ कारोबार हुआ। इस पीली धातु के वायदा भाव में 62 हजार रुपये के ऊपर कारोबार दर्ज किया गया। वहीं चांदी के वायदा भाव में भी 71,400 रुपये के करीब कारोबार हुआ। दूसरी ओर अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने और चांदी के वायदा भाव में कमजोर शुरुआत हुई हालांकि कुछ समय बाद ही इसमें तेजी आने लगी। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्सा) पर सोने का बेंचमार्क भाव अप्रैल अनुबंध के तहत ही 44 रुपये बढ़कर 62,211 रुपये के स्तर पर खुला। यह 62,220 रुपये के भाव पर दिन के उच्च स्तर और 62,195 रुपये के भाव पर दिन के निचले स्तर पर पहुंचा। वहीं पिछले साल दिसंबर महीने में सोने के वायदा भाव 64,063 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वोच्च स्तर पर पहुंचे थे। वहीं चांदी के वायदा भाव की शुरूआत बढ़त के साथ हुई। एमसीएक्स पर चांदी का बेंचमार्क मार्च अनुबंध 126 रुपये बढ़कर 71,381 रुपये के भाव पर खुला। यह अनुबंध 169 रुपये की तेजी के साथ 71,424 रुपये के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 71,435 रुपये के भाव पर दिन का उच्च और 71,355 रुपये प्रति किलो के भाव पर दिन का निचला स्तर हासिल किया जबकि गत वर्ष दिसंबर महीने में चांदी के वायदा भाव 78,549 रुपये किलो के भाव पर पहुंच गए थे। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी सोने व चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई पर बाद में इसमें सुधार देखने को मिला। कामेक्स पर सोना 2,036.20 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। वहीं कामेक्स पर चांदी के वायदा भाव 23.03 डॉलर के भाव पर खुले।

पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव

नई दिल्ली ।

घरेज बाजार में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बदलाव आया है। इसका कारण दुनिया भर के बाजारों में कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 83 डॉलर से नीचे आ गयी हैं। उत्तरप्रदेश के कुछ शहरों में जहां पेट्रोल और डीजल की कीमतें बढ़ी हैं वहीं बिहार में कम हुई हैं। उप्र के आजमगढ़ जिले में पेट्रोल और डीजल के दाम सबसे ज्यादा ऊपर आये हैं। आजमगढ़ जिले में आज पेट्रोल 91 पैसे बढ़कर 97.73 रुपये लीटर हो गया। यहां डीजल भी 89 पैसे महंगा होकर 91.08 रुपये लीटर बिक रहा है। वहीं राजधानी लखनऊ में इसकी कीमतें कम हुई हैं। लखनऊ में पेट्रोल 2 पैसे सस्ता होकर 96.57 रुपये लीटर तो डीजल 2 पैसे गिरकर 89.76 रुपये लीटर हो गया है। इसके साथ ही बिहार में भी आज तेल की कीमतें घटी हैं। पटना में पेट्रोल 21 पैसे सस्ता हुआ और 107.59 रुपये लीटर पहुंच गया है, जबकि डीजल 20 पैसे गिरावट के साथ 94.36 रुपये लीटर बिक रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाजार में आज कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट दर्ज की गयी है। इससे ब्रेंट क्रूड के दाम 82.34 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गये हैं। डब्लू टीआई की कीमतें भी कम होकर 78.18 डॉलर प्रति बैरल हो गयी हैं।

वहीं चारों महानगरों की बात करें तो दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपये और डीजल 89.62 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर पहुंच गया है।

छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंची आईपीओ की संख्या

नई दिल्ली ।

साल 2023 में आईपीओ की संख्या छह साल के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस डेटा के अनुसार, पिछले साल कुल 243 कंपनियां भारतीय शेयर बाजारों में सूचीबद्ध हुईं, जो कम से कम छह साल में सबसे ज्यादा है। हालाँकि, 2023 में आईपीओ कुल राशि 7.10 अरब डॉलर रही जो में 2022 की तुलना में नौ फीसदी से ज्यादा कम है। वर्ष 2022 में केंद्र सरकार ने अकेले भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) जैसी बड़ी कंपनी के आईपीओ से 205 अरब रुपये से अधिक जुटाए थे। संख्या के लिहाज से 2023 में शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों की संख्या एक साल पहले के मुकाबले 65 प्रतिशत से अधिक बढ़ गई। दुनिया भर के अन्य प्रमुख बाजारों में गतिविधि धीमी होने देश में आईपीओ में उछाल देखा गया।

रिपोर्ट में कहा गया है कि 2023 में वैश्विक स्तर पर आईपीओ की संख्या 15 प्रतिशत गिरकर 1,429 हो गई और कुल लेनदेन मूल्य में 33.6 फीसदी की भारी गिरावट आई। जनवरी में जारी पीडब्ल्यूसी रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में

आईपीओ आय के मामले में भारत ने वैश्विक बाजारों में तीसरा स्थान हासिल किया, जो पूंजी के स्रोतों में बदलाव और स्थानीय बाजारों के परिपक्व होने का संकेत देता है। पेशेवर सेवा फर्म ने कहा कि भारत का नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) नवंबर 2023 में बाजार पूंजीकरण के मामले में हांगकांग को पीछे छोड़कर चार लाख करोड़ डॉलर तक पहुंच गया है।

जी इंटरटैनमेंट में 2000 करोड़ रुपये के फंड डायवर्जन का खुलासा

नई दिल्ली ।

जी इंटरटैनमेंट (जील) के लिए फंड डायवर्जन गले की फांस बन गई है । मार्केट रेगुलेटर सेबी ने अपनी जांच में इस बात का खुलासा किया है। बताया जा रहा है कि कंपनी में करीब 240 मिलियन डॉलर (करीब 2000 करोड़) के फंड का डायवर्जन हुआ है। बता दें कि ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के हवाले से ये जानकारी सामने आई है। जिसमें सेबी ने जी फाउंडर्स की जांच के दौरान ये पाया कि करीब 200 करोड़ रुपये के फंड को इस कंपनी से डायवर्ट किया गया है। गौर करने वाली बात ये है कि जब सेबी ने जांच शुरु की थी तो इसे इतनी बढ़ी रकम का अनुमान नहीं था, सेबी के अंदाजे के मुकाबले यह रकम करीब 10 गुना है। हालांकि, ये जानकारी ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट से सामने आई है। इस बारे में सेबी की ओर से फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। इस रिपोर्ट में यह कहा गया है कि 2000 करोड़ रुपये का ये फंड डायवर्जन के आंकड़े में सेबी की रिव्यू और कंपनी की जवाब के बाद बदल सकता है। इस गड़बड़ी के पाए जाने के बाद सेबी ने कंनपी की सीनियर अधिकारियों को तलब किया है। इसमें फाउंडर सुभाष चंद्रा, उनके बेटे पुनीत गोयनका और बोर्ड अन्य सदस्य

भी शामिल हैं। रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि जी के प्रवक्ता ने इस मामले में कोई जवाब नहीं दिया है।

उन्होंने कंपनी की ओर से बस ये कहा है कि कंपनी जांच में सहायता कर रही है। ज़ी एंटरटेनमेंट ने सोनी ग्रुप के साथ 10 अरब डॉलर का विलय समझौता रद्द हो जाने के एक महीने बाद उस समझौते को बहाल करने के लिए सोनी से संपर्क साधा है। उद्योग सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए इसके लिए विलय से जुड़ी शर्तों का पालन न करने को वजह बताया गया था।

महिंद्रा थार का वेटिंग पीरियड हुआ 12 महीने

नईदिल्ली।

स्वदेशी कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा की गाड़ी महिंद्रा थार की डिलीवरी 12 महीने में होने लगी है। महिंद्रा थार पर वेटिंग पीरियड कम हो गया है। पूर्व में महिंद्रा थार के लिए 15-16 महीने इंतजार करना पड़ रहा था, जो अब घटकर औसतन 12 महीने (52 सप्ताह) रह गया है। यानी इस साल फरवरी में थार बुक करने पर आप इसे 2025 की शुरुआत में घर ला सकते हैं। लॉन्च के 3 साल बाद भी भारत में महिंद्रा थार का लोगों में क्रेज कम नहीं हुआ है। 3-डोर एसयूवी की 2024 के पहले महीने में 6,059 गाड़ियां बिकी हैं। इसके आरडब्ल्यूडी वेरिएंट की सबसे ज्यादा मांग है। इसकी वर्तमान में 71,000 बुकिंग डिलीवर करनी बाकी है। इस गाड़ी को हर महीने करीब 7,000 बुकिंग मिलती है। इस गाड़ी की शुरुआती कीमत 11.25 लाख रुपये है। कंपनी अब महिंद्रा थार का 5-डोर माडल लाने की तैयारी कर रही है, जिसके इस साल के अंत तक लॉन्च होने की उम्मीद है। 5-डोर थार की शुरुआती कीमत 15 लाख रुपये एक्स-शोरूम के आस-पास होगी।महिंद्रा थार पेट्रोल और डीजल दोनों इंजन विकल्पों के साथ मैनुअल और ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन विकल्प में आती है।



भारत का एआई बाजार 2027 तक 17 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा

नई दिल्ली । रिपोर्ट के मुताबिक, भारत का एआई बाजार 2027 तक 25 प्रतिशत चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से बढ़कर 17 अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावना है। एआई निवेश में भी इसी तरह की वृद्धि होगी। रिपोर्ट के अनुसार, जेनएआई सहित एआई/एमएल क्षमताओं के साथ भारत का एआई बाजार बढ़ रहा है, जो 2023 में आईटी खरीदारों द्वारा किए जाने वाले आईटी खर्च की शीर्ष श्रेणी के रूप में उभर रहा है। एआई जॉब फंक्शंस में काम करने वाले 420,000 कर्मचारियों के साथ भारत आज दूसरा सबसे बड़ा स्थापित प्रतिभा आधार है। अन्य देशों की तुलना में तीन गुना अधिक एआई कुशल प्रतिभा के साथ देश में कौशल की पहुंच भी सबसे अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पिछले सात वर्षों में एआई में कुशल व्यक्तियों की संख्या में 14 गुना वृद्धि के साथ देश शीर्ष 5 देशों में शामिल है। जैसे-जैसे एआई में निवेश बढ़ रहा है, भारत में एआई प्रतिभा की मांग भी 15 प्रतिशत बढ़ने की उम्मीद है। कुछ संगठनों ने अपस्किलिंग के लिए समर्पित अगले तीन वर्षों में 1 अरब डॉलर का आवंटन किया है। भारतीय कंपनियां एआई के विकास के साथ तालमेल बिठाना शुरू कर रही हैं और तकनीकी क्षेत्र एआई एजेंडे को आगे बढ़ाने वाले गतिशील और विकसित उत्कृष्टता केंद्रों के साथ भविष्य के लिए तैयार संगठन बना रहा है।

यूट्यूब ने नए लुक का अनावरण किया

सैन फ्रांसिस्को ।

गूगल के स्वामित्व वाले यूट्यूब ने यूजर अनुभव को बेहतर बनाने और बड़ी स्क्रीन पर सामग्री को अधिक सुलभ बनाने के लक्ष्य के साथ अपने टीवी एप पर क्रिएटर्स के चैनलों के लिए एक नए लुक का अनावरण किया है। यूट्यूब ने अपने वीडियो में क्रिएटर्स के पेजों में बदलाव की घोषणा कर कहा कि अपडेट अधिक इमर्सिव लेआउट और सब्सक्राइब तक आसान पहुंच की पेशकश पर केंद्रित है। नया डिजाइन कंपनी के नए डेटा की पृष्ठभूमि में लांच किया गया है जिसमें पता चला है कि शीर्ष क्रिएटर्स की संख्या में, जिन्हें अपना अधिकांश वॉच टाइम टीवी पर मिलता है, पिछले तीन वर्षों में 400 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। यूट्यूब के सीईओ, नील मोहन ने कहा, दर्शक सब कुछ एक ही स्थान पर चाहते हैं। कंपनी के मुताबिक, जनवरी से सितंबर 2023 तक कनेक्टेड टीवी पर यूट्यूब शॉर्ट्स के व्यूज 100 फीसदी से ज्यादा बढ़ गए हैं। कंपनी ने कहा है कि विश्व स्तर पर दर्शक अब हर दिन अपने टीवी पर औसतन एक अरब घंटे से अधिक यूट्यूब कंटेंट देखते हैं। इनसाइट्स, डेटा और एनालिटिक्स में वैश्विक अग्रणी नीलसन ने यूट्यूब को पूरे एक साल तक देखे जाने के समय के हिसाब से अमेरिका में नंबर एक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म बताया है।

शेयर बाजार गिरावट के साथ बंद

सेंसेक्स 434, निफ़्टी 141 अंक नीचे आया

मुम्बई ।

घरेलू शेयर बाजार बुधवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। सप्ताह के तीसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये गिरावट आईटी और उर्जा शेयरों के नीचे आने और मुनाफावसूली से आई है। इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मिलेजुले संकेतों से भी बाजार पर दबाव पड़ा। इससे पिछले छह कारोबारी सत्र से जारी तेजी पर भी अंकुश लग गया।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स आज 0.59 फीसदी तकरीबन 434.31 अंक नीचे आकर 72,623.09 पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ़्टी भी 0.64 फीसदी तकरीबन 141.90 अंक टूटकर 22,055.05 के स्तर पर बंद हुआ। आज सेंसेक्स की कंपनियों में टाटा स्टील के शेयरों में सबसे ज्यादा 1.99 फीसदी की बढ़त रही। इसके अलावा स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, महिंद्रा एंड महिंद्रा और आईसीआईसीआई बैंक सहित 10 कंपनियों के शेयर भी लाभ के साथ ही बंद हुए।

वहीं दूसरी ओर एनटीपीसी का शेयर 2.76 फीसदी टूटकर बंद हुआ। इसके अलावा पावर ग्रिड, विप्रो, एचसीएल टेक, एलएंडटी, टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, टीसीएस और रिलायंस इंडस्ट्रीज सहित 20 कंपनियों के शेयर नीचे आये। बाजार जानकारों के अनुसार बाजार जानकारों के अनुसार अमेरिकी ब्याज दरों में जल्द कोई कमी नहीं होने की उम्मीदों से भी आईटी और उर्जा शेयरों में गिरावट रही जिससे भी बाजार पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

इससे पहले आज सुबह बाजार बढ़त के साथ खुला। सुबह तीस शेयरों वाला बीएई सेंसेक्स 210 अंकों की बढ़त के साथ ही 73,267 के स्तर पर खुला। वहीं

पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी भी 33 अंक बढ़कर 22,248 पर खुला। आज शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 15 शेयरों में बढ़त रही जबकि निफ्टी के 15 शेयरों में गिरावट हावी रही। इसके साथ ही बैंक निफ्टी में भी अच्छी तेजी देखी गयी। इससे पहले आज सुबह प्री ओपनिंग में निफ्टी में कमजोरी आई।

तब निफ्टी में करीब 220 अंकों की गिरावट दर्ज की गयी पर थोड़ी देर बाद ही इसमें सुधार आया। अभी निफ्टी 65 अंक ऊपर आकर 22262 के स्तर पर कामकाज करता दिखा।

आज एशियाई और अमेरिकी वायदा बाजार नीचे आये। अमेरिका बाजार में डाओ 65 अंक, नैस्डैक 150 अंक फिसला है। इसके साथ ही डॉलर इंडेक्स भी 104 के नीचे आया है। इसके साथ ही कच्चे तेल की कमजोर मांग से इसकी तेजी पर अंकुश लगा। इससे पहले गत दिवस बाजार बढ़त पर बंद हुआ था।

बायजूज के लिए अच्छी खबर, 1,650 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू पूरा हुआ सब्सक्राइब

नई दिल्ली । परेशानियों से घिरी एडटेक कंपनी बायजूज के लिए राहत की खबर है। कंपनी का 1,650 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू पूरी तरह से सब्सक्राइब हो चुका है। इस बारे में कंपनी के फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन ने शेयरहोल्डरों को इसकी जानकारी दी। बता दें, कंपनी ने राइट इश्यू अपने पीक वैल्यूएशन से करीब 99 फीसदी कम भाव पर जारी किया था। बता दें, इसी हफ्ते के आखिर में कंपनी के शेयरधारकों की एक एक्स्ट्रा ऑर्डिनरी जनरल मीटिंग (ईजीएम) होनी है। इस मीटिंग को बायजू के कुछ सबसे बड़े निवेशकों ने कंपनी के नेतृत्व को हटाने और इसके बोर्ड को रिस्ट्रक्चर करने के लिए 23 फरवरी को बुलाया है। सूत्रों ने कहा कि ये 'असहमत' शेयरधारक 29 फरवरी तक इश्यू में भाग ले सकते हैं, या अपनी हिस्सेदारी बड़े पैमाने पर कम कर सकते है। फाउंडर और सीईओ बायजू रवींद्रन ने निवेशकों को पत्र लिखकर कहा, हमारे राइट्स इश्यू को पूरी तरह से सब्सक्राइब किया गया है और शेयरधारकों के प्रति मेरी कृतज्ञता बरकरार है। लेकिन मेरी सफलता का मानदंड राइट्स इश्यू में सभी शेयरधारकों की भागीदारी है।

क्यूआईपी के जरिए यूनियन बैंक जुटाएगी 3000 करोड़ रुपये

नई दिल्ली ।

सरकारी क्षेत्र की यूनियन बैंक क्यूआईपी के जरिए 3000 करोड़ रुपये जुटाएगी। जानकारी के अनुसार बैंक ने अपने 3,000 करोड़ रुपये के क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल प्लेसमेंट (क्यूआईपी) की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य 3,000 करोड़ रुपये तक जुटाना है। इस घोषणा के बाद कंपनी की बोर्ड से मंजूरी भी मिल चुकी है। यू नियम बैंक ने क्यूआईपी के लिए शेयर की 142.78 रुपये प्रति कीमत तय की है और इसमें 5 प्रतिशत से अधिक का डिस्काउंट नहीं देने का निर्णय लिया है। मंगलवार को, यू नियन बैंक का शेयर 141.20 रुपये पर बंद हुआ, जिसमें 0.035प्रे तिशत की तेजी दर्ज की गई। इसका 52 हफ्ते का उच्चतम मूल्य 155.35 रुपये है और पिछले एक साल में कंपनी के शेयर में 103.02प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। दिसंबर तिमाही में, यू नियन बैंक का मुनाफा 60 प्रतिशत बढ़कर 3,590 करोड़ रुपये हो गया है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में 2,249 करोड़ रुपये का मुनाफा था। इस वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में बैंक की कुल आय 29,137 करोड़ रुपये हो गई है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 24,154 करोड़ रुपये थी।क्यूआईपी, यानी क्वालिफाइड इंस्टिट्यूशनल प्लेसमेंट, एक तरह का निवेश है जिसका उद्देश्य घरेलू बाजार से रकम जुटाना है। इसके लिए मार्केट रेगुलेटर सेबी से मंजूरी की आवश्यकता

नहीं होती है और कंपनी शेयर की कीमत को तय करती है, जिसमें 2 हफ्ते के औसत भाव से कम नहीं हो सकता है। 2023 में कंपनियां ने क्यूआईपी के जरिए 50,218 करोड़ रुपये जुटाए हैं, जो पिछले वर्ष की तुलना में 6 गुना अधिक है।

सैमसंग में वेतन को लेकर वार्ता विफल, यूनियन करेगी हड़ताल

सोल ।

सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में प्रबंधन और एक श्रमिक संघ के बीच वेतन वार्ता विफल हो गई है। इसके बाद संघ ने हड़ताल पर जाने का फैसला किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक तकनीकी दिग्गज के प्रबंधन और नेशनल सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स यूनियन (एनएसईयू) के बीच इस साल की वेतन वृद्धि पर आज सुबह हुई छठे दौर की वार्ता में किसी तरह की कोई सहमति नहीं बन पाई। प्रबंधन ने 2.5 प्रतिशत वेतन वृद्धि का सुझाव दिया है, लेकिन एनएसईयू 8.1 प्रतिशत की माँग कर रहा है। एनएसईयू ने कहा कि वह इस विवाद को मध्यस्थता के लिए राष्ट्रीय श्रम संबंध आयोग में ले जाने की योजना बना रहा है। हालांकि आयोग में दावा दायर होने के बाद वह 10 दिन के लिए मामले में मध्यस्थता करेगा। यदि 10 दिन की मध्यस्थता के बाद भी दोनों पक्ष किसी समझौते पर पहुंचने में विफल रहते हैं, तो यूनियन को हड़ताल शुरू करने का कानूनी अधिकार दिया जाएगा। बता दें कि एनएसईयू सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स में सबसे बड़ा एकल श्रमिक संघ है। इसके लगभग 17 हजार सदस्य हैं। सैमसंग इलेक्ट्रॉनिक्स की 1969 में स्थापना के बाद से कंपनी में कोई हड़ताल अब तक नहीं हुई है।

देश में कम से कम 24.7 करोड़ पारिवारिक उद्यम

मुंबई । नई रिपोर्ट में दावा किया है कि देश में कम से कम 24.7 करोड़ पारिवारिक उद्यम हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि वित्त वर्ष 2022-23 में इन उद्यमों ने 8.8 लाख करोड़ डॉलर का लेनदेन किया। रिपोर्ट के अनुसार, ये उद्यमशील परिवार देश में अगली आर्थिक लहर के चालक होंगे और उनका मुख्य लेनदेन मूल्य (सीटीवी) वित्त वर्ष 2042-43 तक सालाना 12.7 प्रतिशत की औसत से बढ़कर 95.2 लाख करोड़ डॉलर हो जाएगा। ऐसे उद्यमशील परिवारों की आय के एक से अधिक स्रोत होते हैं। कोर ट्रांजेक्शन मूल्य पर शोध और 24.7 करोड़ उद्यमशील परिवारों की पहचान से परिवर्तनकारी विकास के लिए तैयार एक जीवंत आर्थिक खंड का पता चलता है। रिपोर्ट से पता चला है कि उद्यमशील परिवारों पर ध्यान केंद्रित करने वाले ब्रांडों ने नियोजित पूंजी (आरओसीई) पर आकर्षक लाभ कमाया है, जो वित्त वर्ष 2023 में निफ्टी 50 के करीब है।



इतिहास और प्रेम का शहर माण्डू

माण्डू को रचने-बसाने का प्रथम श्रेय परमार राजाओं को है। हर्ष, मुंज, सिंधु और राजा भोज इस वंश के महत्वपूर्ण शासक रहें हैं। किंतु इनका ध्यान माण्डू की अपेक्षा धार पर ज्यादा था, जो माण्डू से महज 30 किलोमीटर है। परमार वंश के अंतिम महत्वपूर्ण नरेश राजा भोज का ध्यान वास्तु की अपेक्षा साहित्य पर अधिक था और उनके समय संस्कृत के महत्वपूर्ण ग्रंथ लिखे गए। मांडू प्राचीन शहर है और इसका जिक्र 555 ईसवीं के संस्कृत अभिलेखों में भी है। इन अभिलेखों से पता चलता है कि मांडू छठी शताब्दी का खूबसूरत शहर हुआ करता था। दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी में परमार वंश के शासकों ने इस पर अधिकार किया और इसका नाम मांडवगढ़ रखा। 13वीं शताब्दी में परमारों ने अपनी राजधानी धार से मांडू स्थानांतरित कर दी और इस शहर का महत्व बढ़ गया। 1305 में खिलजी वंश से पराजित होने के बाद परमारों का मांडू से आधिपत्य समाप्त हो गया। मध्य प्रदेश के 21 वर्ग किलोमीटर तक फैले पठार पर बना मांडू, प्रेम के शहर के रूप में भी याद किया जाता है. यह मध्य प्रदेश के विंध्य पर्वतमाला और दक्षिणी इंदौर के पश्चिम में बसा हुआ है।

मुगलों के साम्राज्य के पतन के बाद मालवा के अफगान गवर्नर दिलावर खान ने मांडू को स्वतंत्र राज्य के रूप में स्थापित किया। उन्होंने मांडू का नाम बदलकर सादियाबाद यानी खुशियों का नगर रखा। दिलावर खान गौरी के पुत्र हरशंग शाह ने मांडू का विकास किया और इसे संपन्न बनाया। यह युग मांडू का स्वर्णकाल कहा जाता है। इसके बाद कई मुगल शासकों ने मांडू पर राज किया फिर 1732 में मराठों ने इस पर अधिकार कर लिया।

अद्वितीय वास्तुशिल्प

सुल्तानों के काल में यहां महत्वपूर्ण निर्माण हुए। दिलावर खां गोरी ने इसका नाम बदलकर शादियाबाद (आनंद नगरी) रखा। होशंगशाह इस वंश का महत्वपूर्ण शासक था। मुहम्मद खिलजी ने मेवाड़ के राणा कुम्भा पर विजय के उपलक्ष्य में अशर्फी महल से जोड़कर सात मंजिला विजय स्तंभ का निर्माण कराया (अब इसकी केवल एक ही मंजिल सलामत है)। हालांकि यह तथ्य विवादित है क्योंकि राणा कुम्भा ने भी मुहम्मद खिलजी पर विजय की स्मृति में चित्तौड़ के विश्व प्रसिद्ध विजय स्तंभ का निर्माण कराया था। आमतौर पर इतिहासकार मानते हैं कि राणा ने खिलजी को बंदी बनाया था और माफी पर उसे छोड़ा था। फिर भी फरिश्ता जैसे इतिहासकार मुहम्मद खिलजी की वीरता की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हैं। वह लिखता है कि खिलजी हमेशा युद्ध में रहता है। अशर्फी महल का निर्माण मदरसे के तौर पर हुआ था और उसके कई कमरे आज भी काफी अच्छी अवस्था में हैं।

बाज बहादुर और रानी रूपमती की प्रेम कहानी

बाज बहादुर और रानी रूपमती की प्रेम कहानी की वजह से भी मांडू की अलग पहचान है। बाज बहादुर संगीतज्ञ थे जबकि रानी रूपमती गायिका थीं। वह रूपमती से गायिकी सीखना चाहते थे। कहा जाता है जब उन्होंने रानी रूपमती को जंगल में स्नान करते देखा तो उन पर फिदा हो गये। उन्होंने रूपमती को मांडू आने का न्यौता दिया लेकिन रूपमती नर्मदा नदी के दर्शन करके ही गाना गाती थीं। इसलिए बाज बहादुर ने उनका आश्रय ऐसे स्थान पर बनाया जहां से नर्मदा नदी को आसानी से देखा जा सके। दसवीं और ग्यारहवीं शताब्दी में इसका नाम मांडवगढ़ था लेकिन बाद में इस शहर को सादियाबाद के नाम से भी जाना गया। समुद्र तल से 2000 फीट की ऊंचाई पर बसा मांडू इतिहास और प्राकृतिक खूबसूरती के कारण प्रकृति प्रेमियों का स्वर्ग कहा जाता है।रूपमती के सौन्दर्य की चर्चा दूर-दूर तक फैल चुकी थी और इसी चर्चा से प्रभावित होकर अकबर ने मांडू पर आक्रमण कर दिया। इसकी भनक लगते ही रूपमती ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। बाद में बाज बहादुर अकबर के दरबार में संगीतज्ञ बन गये।

आल्हा-ऊदल के वीरता की कहानी

आल्हा-ऊदल के बिना माण्डू का वर्णन अधूरा माना जाता है। आल्हाखण्ड में महाकवि जगनिक ने 52 लड़ाइयों का जिक्र किया है। उसमें पहली लड़ाई माड़ौगढ़ की मानी जाती है, जिसका साम्य इसी माण्डू से किया जाता है। इसलिए आल्हा गायकों के लिए माण्डू एक तीर्थस्थल सरीखा है। बुंदेलखंड के लोग यहां इस लड़ाई के अवशेष देखने आते हैं। राजा जम्बे का सिंहासन, आल्हा की सांग, सोनगढ़ का किला, जहां आल्हा के पिता और चाचा की खोपड़ियां टांगी गई थी और वह कोल्हू जिसमें दक्षराज-वक्षराज को करिंगा ने पीस दिया था। ये सब आज भी आल्हा के मुरीदों को आकर्षित करते हैं।

'माण्डू सिटी ऑफ जॉय' के लेखक गुलाम यजदानी के अनुसार माण्डू के भवन रोमन, ग्रीक ईरानी, यूनानी, गैथिक, अफगान और हिंदू शैली से बने हैं। हिंदू शैली में बने भवन मुख्य हैं- हिण्डोला भवन, जामी मस्जिद, होशंगशाह का मकबरा आदि। पत्तियां, कमल के फूल, त्रिशूल, कलश, बंदनवार आदि इसके गवाह हैं। अफगान शैली में बने भवन हैं- रूपमती मण्डप, बाजबहादुर महल दरिया खां का मकबरा, जहाज महल आदि।

क्या देखें

सोलहवीं शताब्दी में बाज बहादुर द्वारा बनाया गया महल यहां के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में शामिल है। इस महल की विशेषत यह है कि यहां से चारों तरफ का बेहतरीन नजारा नजर आता है। महल मुगल और राजस्थानी शैली का मिश्रित रूप है. इसके अलावा, यहां रूपमती मंडप भी स्थित है, जिसे सेना द्वारा निगरानी रखने के लिए बनवाया गया था। मंडप किले के बिल्कुल किनारे पर बना है। यहां की खासियत यह है कि यहां से नर्मदा नदी और उसके मैदानों का सुंदर नजारा दिखाई पड़ता है. यहीं मंडप रानी रूपमती का आश्रय स्थल था। मांडू की सबसे प्रसिद्ध और आकर्षक इमारत जहाज महल है। यह बिल्कुल पानी के जहाज के आकार का बना है. इसकी लंबाई 120 मीटर और चौड़ाई 15 मीटर है। इस महल के पश्चिम और पूर्व में दो झीलें भी हैं। मुंज तालाब और कपूर तालाब नामक इन झीलों से घिरा यह महल ऐसा लगता है जैसे कोई जहाज बंदरगाह पर खड़ा हो। इस महल का निर्माण गयासुद्दीन खिलजी ने करवाया था। यहां पहाड़ी की खड़ी ढाल पर नीलकंठ मंदिर स्थित है और आज भी श्रद्धालु वहां पूजा-अर्चना करते हैं। इसके अलावा, यहां हाथी महल, दरियाखान मकबरा, मांडू के 12 प्रवेश द्वार, हिंडोला महल, रीवा कुंड, चम्पा बावली, अशरफी महल, जैन मंदिर आदि ऐतिहासिक और दर्शनीय स्थल हैं, जिसे देखकर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं।

कब जाएं

मांडू घूमने के लिए मानसून से बेहतर मौसम और कोई हो ही नहीं सकता. जुलाई से अगस्त तक मांडू घूमने के लिए उपयुक्त समय है। इस दौरान यहां की हरियाली और पानी से भरे हुए जलाशय पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। बारिश से धुल कर यहां की ऐतिहासिक इमारतें और भी साफ नजर आने लगती हैं।

कैसे पहुंचें

वायुमार्ग: मांडू जाने के लिए इंदौर नजदीकी एयरपोर्ट है. यह प्रमुख एयरलाइन्स द्वारा भोपाल, ग्वालियर, मुंबई, दिल्ली और जयपुर से जुड़ा है। इंदौर से मांडू की दूरी 99 किमी है. सड़क मार्ग से यहां तक पहुंचने में लगभग दो घंटे लगते हैं।

रेलमार्ग: यहां का नजदीकी रेलवे स्टेशन रतलाम और इंदौर हैं. यह इंदौर से 99 किमी. और रतलाम से 124 किमी. दूर है। इंदौर से मांडू बस या टैक्सी से भी पहुंच सकते हैं।

सड़क मार्ग : इंदौर मांडू मार्ग नियमित रूप से बस से जुड़ा हुआ है. भोपाल से भी मांडू के लिए बसें चलती हैं।

जहाज महल

जहाज महल माण्डू का सर्वाधिक चर्चित स्मारक है। चारों तरफ पानी से घिरे होने के कारण यह जहाज का दृश्य उपस्थित करता है। इसकी आकृति टी के आकार की है। इसका निर्माण परमार राजा मुंज के समय हुआ किंतु इसके सुदृढ़ीकरण का श्रेय गयासुद्दीन खिलजी को है। माण्डू की सबसे बड़ी विशेषता इसकी अंत- भूगर्भीय संरचना है। माण्डू का फैलाव जितना ऊपर है उतना ही नीचे है। शत्रु के आक्रमण के समय यह भूगर्भीय रचना सुरक्षा का एक साधन भी थी। यह संरचना अपने निर्माण से आज भी विस्मृत करती है। धार व माण्डू के बीच बने 35 भवन एक अन्य आश्चर्यजनक निर्माण हैं। येभवन इको प्वाइंट का काम करते थे। सुल्तान जब माण्डू से धार के लिए निकलता था तो इन्हीं भवनों से उसके आने की खबर दी जाती थी। माण्डू से कुछ दूरी पर बूढ़ी माण्डू स्थित है। इसे ऋषि माण्डव्य या माण्डवी के नाम पर सिद्धक्षेत्र कहा गया है।

श्रीनगर से शिमला और उत्तराखंड तक बिछ गई सफेद बर्फ की चादर

–पर्यटकों के दिल हुए गार्डन गार्डन

श्रीनगर । हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और उत्तराखंड में ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटकों के दिल गार्डन गार्डन हो गए हैं। पहाड़ों में सफेदी ही सफेदी छाई हुई है और घरों में भी बर्फ जम रही है। कश्मीर से लेकर हिमाचल तक हर जगहों पर्यटकों का जमघट लगा हुआ है, जिसका लुत्फ बच्चों से लेकर बड़े सभी उठा रहे हैं। कश्मीर के श्रीनगर में मंगलवार को सर्दी के मौसम की दूसरी बर्फबारी हुई, जबकि घाटी के ऊंचे इलाकों में पिछले 48 घंटों में भारी बर्फबारी दर्ज की गई। गुलमर्ग में पर्यटकों का जमावड़ा लगा हुआ है और लोग स्कीइंग का लुत्फ उठा रहे हैं। श्रीनगर में अधिकारी ने बताया कि गुलमर्ग, सोनमर्ग, शोपियां, गुरेज, माछिल और घाटी के अन्य पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी हुई है। बारामूला जिले में स्कीइंग रिसॉर्ट गुलमर्ग में पिछले 48 घंटों में लगभग 2.5 फुट ताजा बर्फबारी हुई है। इसी स्थान पर बुधवार से चौथे खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों की मेजबानी होनी है। श्रीनगर में पिछले 24 घंटों में 29 मिलीमीटर बारिश हुई जबकि काजीगुंड में 76.8 मिमी बारिश हुई है। हिमाचल के किलाड़(पांगी) में 90 सेमी बर्फबारी हुई जबकि छितकुल और जलोरी जोत में 45 सेमी, कुकुमसेरी में 44 सेमी और गोंदला में 39 सेमी बर्फबारी हुई है। बर्फबारी ने हर किसी का मन खुश कर दिया है। पर्यटकों की शिमला में बर्फ देखने की ख्वाहिश भी पूरी हुई और पर्यटक भी बर्फबारी देखकर झूम उठे। बर्फबारी के कारण शिमला की ऊंचाई वाले इलाकों के पहाड़ बर्फ से ढक गए हैं। लद्दाख में ताजा बर्फबारी के बाद पर्यटकों और स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई है। लद्दाख में कई जगहें बर्फ से ढकी हुई हैं, जिसका आनंद पर्यटक उठा रहे हैं। इस बर्फबारी से उन किसानों को भी राहत मिली है जो कि काफी समय से शुष्क सर्दी से जूझ रहे थे। उत्तराखंड में बर्फबारी के बाद पर्यटक काफी उत्साहित हैं।

फेक न्यूज पर पैनी नजर : कोई भी कर सकता है शिकायत

नई दिल्ली। आगामी लोकसभा चुनाव के दौरान इंटरनेट मीडिया पर चल रहे फेक न्यूज और आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट की वाट्सएप और ई-मेल आइडी के जरिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में सोशल मीडिया पेट्रोलिंग एवं मानीटरिंग यूनिट का गठन किया है। यह यूनिट संवेदनशील, भ्रामक, आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट को लेकर लगातार ऑनलाइन नजर रखेगी। फेसबुक, यूट्यूब, एक्स, इंस्टाग्राम जैसे प्लेटफार्म पर आपत्तिजनक संवादों पर भी पैनी नजर रखते हुए कार्रवाई करेगा। ईओयू ने सोशल मीडिया यूनिट के लिए विशेष वाट्सएप नंबर और ई-मेल आइडी भी जारी किया है। आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट की वाट्सएप और ई-मेल आइडी के जरिए ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई जा सकेगी। इसके लिए बिहार पुलिस की आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) में सोशल मीडिया पेट्रोलिंग एवं मानीटरिंग यूनिट का गठन किया है। यह यूनिट संवेदनशील भ्रामक आपत्तिजनक एवं भड़काऊ पोस्ट को लेकर लगातार ऑनलाइन नजर रखेगी।

एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील पर नवनीत राणा का निशाना, बोलीं– देश में रहना है तो जय श्री राम कहना होगा

महाराष्ट्र के अमरावती से लोकसभा सांसद नवनीत रवि राणा ने कहा है कि अगर इस देश में रहना है तो 'जय श्री राम' कहना होगा और एआईएमआईएम नेता इम्तियाज जलील को अमरावती से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ने की चुनौती दी है। अमरावती में एक सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने आगे कहा कि राम मंदिर था, अब भी है और रहेगा। नवनीत राणा ने कहा कि जिन लोगों ने संभाजी नगर को दागदार किया है उन्हें अमरावती आकर चुनाव लड़ना चाहिए। उनका पूरा इशारा एआईएमआईएम सांसद इम्तियाज जलील की तरफ था जिन्हें उन्होंने ओवैसी का गुर्गा बताया। आगे एआईएमआईएम नेता पर निशाना साधते हुए नवनीत राणा ने कहा कि इम्तियाज जलील जैसे कितने लोग आए और चले गए और उन्होंने एआईएमआईएम नेता को अमरावती से चुनाव लड़ने की खुली चुनौती दी। इम्तियाज की बाबरी मस्जिद जिंदा है वाली टिप्पणी पर नवनीत राणा ने कहा कि राम मंदिर जिंदा था, है और हमेशा जिंदा रहेगा। नवनीत कौर राणा एक पूर्व भारतीय अभिनेत्री हैं जिन्होंने मुख्य रूप से तेलुगु सिनेमा में अभिनय किया। वह 2019 के लोकसभा चुनाव में एक स्वतंत्र उम्मीदवार के रूप में अमरावती से निर्वाचित संसद सदस्य (सांसद) हैं।

कानपुर में राहुल गांधी को भगवान कृष्ण के रूप में दर्शाने वाले पोस्टर चिपकाए गए

कानपुर (उप्र)। कानपुर में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के लगे कुछ पोस्टर चर्चा का विषय बने हुए हैं। इन पोस्टर में राहुल गांधी को रथ पर सवार प्रभु श्री कृष्ण और कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय को अर्जुन के रूप में दिखाया गया है। पिछली 14 जनवरी को मणिपुर से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत करने वाले पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी की यात्रा बुधवार को उन्नाव के रास्ते कानपुर पहुंचेगी। राहुल कानपुर में जनसभा को भी संबोधित करेंगे। पोस्टर छावनी और घंटाघर इलाकों के पास स्थित माल रोड पर लगाये गये हैं। उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य संदीप शुक्ला की तरफ से से पोस्टर लगवाए गए हैं जिनमें नीचे की ओर उनकी तस्वीर लगी हुई है। इस बारे में संदीप से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उनसे बात नहीं हो सकी।

इंडिया गठबंधन की उम्मीदों को फिर लगा झटका, कमल हासन बोले– देश के लिए निस्वार्थ सोचने वाले का करूंगा समर्थन

नई दिल्ली। अटकलों के बीच कि मक्कल निधि मय्यम मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के नेतृत्व वाली द्रमुक के साथ गठबंधन वार्ता में शामिल थी, अभिनेता-राजनेता कमल हासन ने बुधवार को कहा कि वह विपक्षी इंडिया ब्लॉक के साथ शामिल नहीं हुए हैं। एमएनएम की 7वीं वर्षगांठ समारोह का नेतृत्व करने के बाद चेन्नई में संवाददाताओं को संबोधित करते हुए, हासन ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन पर चर्चा चल रही है, उन्होंने कहा कि वह किसी भी ऐसे गुट का समर्थन करेंगे जो 'नि :स्वार्थ भाव से' राष्ट्र के बारे में सोचेगा। हालाँकि, उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि उनकी पार्टी 'स्थानीय सामंती' राजनीति का हिस्सा नहीं बनेगी।

यह पूछे जाने पर कि क्या एमएनएम इंडिया ब्लॉक में शामिल होगा, कमल हासन ने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं, यही समय है जब आपको दलगत राजनीति को धुंधला कर देश के बारे में सोचना होगा। जो कोई भी राष्ट्र के बारे में निस्वार्थ भाव से सोचेगा, मेरा एमएनएम उसका हिस्सा होगा। जब उनसे पूछा गया कि क्या वह इंडिया ग्रुपिंग में शामिल हो गए हैं तो उन्होंने कहा, 'नहीं, मैं शामिल नहीं हुआ हूं।' मक्कल निधि मय्यम (एमएनएम), जिसका अंग्रेजी में अनुवाद 'पीपुल्स जस्टिस सेंटर' है, की स्थापना 21 फरवरी, 2018 को कमल हासन ने की थी। एमएनएम ने सामाजिक न्याय, आर्थिक विकास और पर्यावरणीय स्थिरता पर ध्यान केंद्रित करते हुए खुद को एक मध्यमार्गी पार्टी के रूप में स्थापित किया है। यह उन नीतियों की वकालत करता है जो आम लोगों के कल्याण को प्राथमिकता देती हैं और समावेशी विकास को बढ़ावा देती हैं। अपनी स्थापना के बाद से, एमएनएम ने 2019 के लोकसभा चुनाव और तमिलनाडु में राज्य विधानसभा चुनावों में भाग लिया है, जिसका लक्ष्य प्रमुख द्रविड़ पार्टियों, अर्थात् अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (एआईएडीएमके) और द्रविड़ मुनेत्र कड़गम (डीएमके) के लिए एक विकल्प प्रदान करना है। हालाँकि, हासन की पार्टी प्रभावशाली प्रदर्शन करने में विफल रही।

मेयर चुनाव में धांधली को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिया मुकदमा चलाने का आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव में धांधली को लेकर चुनाव अधिकारी पर मुकदमा चलाने का आदेश दिया है। बता दें कि आम आदमी पार्टी के पार्षद कुलदीप कुमार को विजेता और चंडीगढ़ का महापौर घोषित कर दिया है। इसके साथ ही कोर्ट ने कदाचार के लिए निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह के खिलाफ मुकदमा चलाने का आदेश भी दिया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि चंडीगढ़ महापौर चुनाव में स्पष्ट है कि पीठासीन अधिकारी ने जानबूझकर आठ मतपत्रों से छेड़छाड़ करने की कोशिश की है। ये मामला तब अदालत पहुंचा जब सीसीटीवी में सामने आया कि निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह 8 मतपत्रों में क्रॉस का निशान लगा रहे हैं जिन मतपत्रों को बाद में अवैध घोषित कर दिया था। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने चुनाव में पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार (आम आदमी पार्टी) की याचिका पर सुनवाई की थी।

कुलदीप कुमार ने निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह पर चुनाव में कदाचार का आरोप लगाया था। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मतपत्रों की जांच की और वीडियो रिकॉर्डिंग को देखा। जिसे पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल द्वारा नियुक्त एक न्यायिक अधिकारी ने पेश किया था। प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने शुरुआत में कहा कि वो उन मतपत्रों को देखना चाहेंगे जिन्हें अवैध घोषित किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 'खरीद-फरोख्त होने' का जिक्र करते हुए कहा था कि वह चंडीगढ़ महापौर चुनाव के मतपत्र और मतगणना के दिन की पूरी वीडियो-रिकॉर्डिंग की जांच करेंगे।

सुनवई के पहले दिन कोर्ट ने कह दिया था कि नए सिरे से वोटिंग का आदेश देने की जगह, पहले ही डाले गए मतों के आधार पर नतीजे घोषित करने पर विचार किया जा सकता है। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश चंद्रचूड़ ने रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह से कुछ सवाल भी किए जिनका जवाब देकर पूरी तरह से फंसते नजर आए। दरअसल बीजेपी महापौर पद के लिए मनोज सोनकर ने 30 जनवरी को चंडीगढ़ महापौर चुनाव में कांग्रेस-आप गठबंधन के खिलाफ जीत हासिल की थी। आप के कुलदीप कुमार को हराया था। सोनकर को अपने प्रतिद्वंद्वी के 12 मतों के मुकाबले 16 मत मिले। आठ मत अवैध घोषित कर दिए गए थे। अवैध घोषित किए वोट ही विवाद की वजह बन गए। सीसीटीवी में सामने आया कि रिटर्निंग ऑफिसर अनिल मसीह उन बैलेट पेपर में क्रॉस लगाकर उनसे छेड़छाड़ कर रहे थे।

भूख हड़ताल पर बैठे रहेंगे मनोज जरांगे

मुंबई। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल की भूख हड़ताल जारी है। उन्होंने सेज सोयरे को लागू करने की मांग को लेकर मराठा समुदाय की अहम बैठक बुलाई है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पहले मराठा समाज को शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक महाराष्ट्र विधानमंडल में सर्वसम्मति से पास हो गया है। मराठा समाज को शिक्षा और नौकरियों में 10 प्रतिशत आरक्षण देने का विधेयक मंगलवार को महाराष्ट्र विधानमंडल में सर्वसम्मति से पास हो गया। सरकार ने यह बिल पास करने के लिए एक दिन का विशेष सत्र बुलाया था। मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने कहा है कि यह आरक्षण अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) कोटे के तहत होना चाहिए क्योंकि अलग कोटा सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का उल्लंघन होगा। इसका कोर्ट में टिकना मुश्किल होगा। पाटिल अपनी मांगों को लेकर चौथी बार भूख हड़ताल पर हैं। वह आज अपने आंदोलन के भविष्य के बारे में फैसला करेंगे।दरअसल, मराठा समाज को आरक्षण देने के लिए लंबे समय से आंदोलन चल रहा है। मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल मराठों को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के अंतर्गत कुनबी जाति का प्रमाणपत्र प्रदान कर उन्हें ओबीसी के तहत ही आरक्षण देने की जिद पर अड़े हैं।

मानसून मचायेगा तबाही, तेज हवा के साथ होगी बारिश, ओलावृष्टि से रहें सावधान

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस समय मौसम का मिजाज बदला हुआ है। आईएमडी ने देश के अनेक हिस्सों में ओलावृष्टि को लेकर सावधानी बरतने को कहा है। वहीं तेज हवाएं भी चल रही हैं। हालत यह है कि कई प्रदेशों में बसंत के मौसम में सावन जैसी फिजा बनी हुई है। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल तक के मौसम में परिवर्तन देखा जा रहा है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने बुधवार 21 फरवरी 2024 के लिए मौसम का ताजा अपडेट जारी किया है। इसके मुताबिक, कहीं बारिश तो कहीं बर्फबारी का दौर जारी है। तेज हवा और ओलावृष्टि का भी पूर्वानुमान है। मौसम के तेवर में बदलाव से न केवल आमलोगों की परेशानियां बढ़ सकती हैं, जबकि किसानों को ?यापक पैमाने पर नुकसान हो सकता है। बता दें कि फरवरी का महीना देश के अधिकांश राज्यों में तकरीबन सूखा ही बीता था।

फरवरी के दूसरे सप्ताह से मौसम ने करवट लेना शुरू किया था।

इस समय पश्चिम विक्षोभ के सक्रिय होने से बारिश और बर्फबारी का दौर शुरू हो गया था। अब एक बार फिर से मौसम बरसने को तैयार है। आईएमडी के ताजा अपडेट के अनुसार, यूपी के साथ ही बिहार और पश्चिम बंगाल में मौसम का मिजाज बदल सकता है। तेज रफ्तार हवा के साथ बारिश और गरज के साथ छींटे पड़ने की संभावना जताई गई है। उत्तर प्रदेश के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट के मुताबिक, कन्नौज, कानपुर देहात, औरैया, उन्नाव और कानपुर नगर में मध्यम दर्जे की बारिश के साथ ओलावृष्टि का अनुमान जताया गया है।

इधर दिल्ली से लेकर बंगाल और सिक्किम तक में बदलाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के पूर्वानुमान के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के मौसम में आर्द्रता आ गई है। दिल्ली से सटे पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में मौसम बदलने का असर दिल्ली-एनसीआर में देखने को मिला है। यहां अचानक से मौसम बदल गया और हल्की बारिश दर्ज की गई। इससे पहले सामान्य से तेज रफ्तार से हवाएं भी चलीं थीं। दिल्ली और आसपास के इलाकों में बुधवार सुबह को बादल छाए हुए हैं। दूसरी तरफ, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल और सिक्किम में 22 फरवरी 2024 तक अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश और बर्फबारी हो सकती है।

देश के उत्तर और उत्तर-पश्चिम मैदानी हिस्सों के मौसम में बदलाव की मुख्य वजह उच्च पर्वतीय इलाके हैं। जम्मू-कश्मीर से लेकर हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड तक में बारिश के साथ ही बर्फबारी रिकॉर्ड की गई है। श्रीनगर के साथ ही प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में जोरदार हिमपात हुआ है। इससे सैलानियों की आवक बढ़ गई है। वहीं, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश के उच्च इलाकों में भी भारी हिमपात होने की सूचना मिली है। इससे सैलानियों की परेशानियां बढ़ गई हैं।

राहुल गांधी के हर एक बयान पर स्मृति कर रहीं पलटवार

अमेठी (एजेंसी)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा अमेठी पहुंचते ही केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी सक्रिय हो गईं। उन्होनें आव देखा न ताव राहुल के एक एक बयान पर पलटवार किया और उनके भविष्य की चिंता भी जाहिर कर दी। ऐधी की जनसभा में राहुल द्वारा वाराणसी में युवाओं के नशे में होने के बयान पर स्मृति ने मंगलवार को पलटवार किया। स्मृति ने कहा कि राहुल ने यूपी की जनता का अपमान किया है युवाओं का अपमान किया है। गांधी के मन में उत्तर प्रदेश के लिए कितना विष भरा है। वह उनके अभद्र टिप्पणी से प्रतीत होता है। दक्षिण भारत के वायनाड में जाकर राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश के नागरिकों के बारे में भी टिप्पणी की थी। रामलाल जब अपने भव्य मंदिर में विराजमान हो रहे थे, तब भी प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के समारोह के निमंत्रण को उन्होंने ठुकराया था और आज काशी के पुण्य भूमि के बारे में और उत्तर प्रदेश के युवा पीढ़ी के बारे में जो अपशब्द राहुल गांधी ने कहे हैं। मैं तो कहूंगी कि कांग्रेस पार्टी का भविष्य अंधकार में है, लेकिन उत्तर प्रदेश का भविष्य बढ़ रहा है। बता दें राहुल गांधी रायबरेली में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान कहा था- मैं वाराणसी गया और मैंने देखा की रात को बाजा बज रहा है। वहां पर शराब पिए सड़क पर लेटे हुए लोग बाजा बजा रहे हैं। उत्तर प्रदेश का भविष्य रात को शराब पीकर नाच रहा है... दूसरी तरफ राम मंदिर है जिसमें पीएम मोदी दिखेंगे, अंबानी दिखेंगे... आपको हिंदुस्तान के सभी अरबपति दिखेंगे लेकिन एक भी पिछड़ा या दलित व्यक्ति नहीं दिखेगा।

अमेठी सांसद ने आगे कहा- प्रगति की ओर उत्तर प्रदेश में सोमवार को ही इन्वेस्टमेंट सबमिट हुआ। एक ट्रिलियन डालर की इकोनामी का जो प्रधानमंत्री ने उल्लेख किया, उस संकल्प को उत्तर प्रदेश का नौजवान ही साकार करेगा। मेरी यह हिदायत है सोनिया गांधी को, की अपने बेटे को अगर आप अच्छे संस्कार न दे सके, तो उनसे कहे कि इस प्रकार के हमारे जो पुण्य स्थल हैं। उनके बारे में आपत्तिजनक टिप्पणियां करना बंद करें। वरना मुंहतोड़ जवाब प्रभु तो देंगे ही जनता भी जवाब देने के लिए तैयार है।

राहुल गांधी 'अंहकार में देश का कर रहे हैं अपमान' : रविशंकर प्रसाद

नई दिल्ली। भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा है कि वह अपनी यात्रा के दौरान लगातार देश का अपमान कर रहे हैं। यूपी के युवाओं के नशे में होने की बात कर रहे हैं। राम मंदिर के मुद्दे पर भी उन्होंने गलत टिप्पणी की है, जिसका भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पुरजोर रूप से विरोध करती है और इसकी निंदा भी करती है। रविशंकर प्रसाद ने कहा की राहुल गांधी इस देश को क्या समझते हैं, अपने अहंकार के सामने देश के लोगों को कुछ नहीं समझते हैं। क्या राहुल को एक फ्री पास मिला हुआ है, देश को शर्मसार करने का। राहुल गांधी ने टिप्पणी की है कि राम मंदिर का निर्माण हुआ तो क्या हुआ है। वहां कोई गरीब था क्या, सब बड़े और पूंजीपति बैठे थे। रविशंकर प्रसाद ने बोला कि प्रधानमंत्री ने उन सभी मजदूरों का सम्मान किया, जिन्होंने मंदिर बनाया। उन्होंने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा कि कृपा करके प्रभु राम पर आप इस तरीके से टिप्पणी करना बंद करें। भाजपा नेता ने कहा कि जहां पर हजारों लोगों को रोजगार मिल रहा है, हजारों करोड़ों का निवेश हो रहा है, वहां यह कह रहे हैं कि पूरा यूपी का युवा नशे में डूबा हुआ है।

जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन में कर सकते हैं वापसी

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा चुनाव से पहले दल बदल का सिलसिला चालू हो गया है। इसी कड़ी में इंडिया गठबंधन के सहयोगी जयंत चौधरी पाला बदल कर एनडीए में शामिल हो गए थे लेकिन अब खबर आ रही है कि जयंत का एनडीए से मोहभंग हो गया है। जिससे वो इंडिया में फिर से वापसी कर सकते हैं। लोकसभ चुनाव से पहले देश में सियासी पारा हाई हो चुका है। इसी कड़ी में दलबदल का भी सिलसिला शुरू हो चुका है। इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ कर एनडीए में शामिल हुए जयंत चौधरी का अब मन बदलता हुआ दिखाई दे रहा है। दरसअल पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में एक आईपीएस अधिकारी और बीजेपी कार्यकर्ताओं के बीच बहस का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल है। आईपीएस अधिकारी जसप्रीत सिंह को वीडियो में साफ तौर पर सुना जा सकता है कि वो 'खालिस्तानी' कहे जाने पर काफी गुस्सा हैं और बीजेपी कार्यकर्ताओं पर लीगल एक्शन लेने की बात कह रहे हैं। इस मामले पर अब जयंत चौधरी ने भी बिना नाम लिए बीजेपी के ख़िलाफ़ नाराजगी जताई है। दरसअल जयंत चौधरी ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा-'मैं आईपीएस जसप्रीत सिंह का गुस्सा समझ सकता हूं!'- हालांकि उन्होंने इस मामले को लेकर बहुत ज़्यादा बात नहीं लिखी लेकिन ये पूरा मामला बीजेपी कार्यकर्ताओं के आईपीएस अधिकारी को लेकर रवैये से जुड़ा है। इसी बीच अब ये चर्चा भी है कि जयंत चौधरी एनडीए गठबंधन के साथ जाने का अपना मन बदल भी सकते हैं। फिलहाल आधिकारिक तौर पर भी वो इस गठबंधन को लेकर बहुत साफ कुछ कहते नहीं दिखे हैं। जिसके बाद ये क़यास लगाएं जा रहे हैं कि जयंत चौधरी इंडिया में फिर वापसी कर सकते हैं।

नवजोत सिंह सिद्धू भी भाजपा की चौखट पर, युवराज उतरेंगे चुनावी रण में

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा के रंग में रंगने की होड़ लगी हुई है। जो लोग भाजपा को छोड़ चुके थे वे फिर से आने को बेताब हैं।

नवजोत सिंह सिद्धू के भाजपा में लौटने की जोरदार अटकलें लगाई जा रही हैं। वहीं, भगवा पार्टी एक और पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को गुरदासपुर सीट से मैदान में उतारने की तैयारी कर रही है। दोनों को ही लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। बता दें कि सिद्धू किसानों के मुद्दों पर केंद्र के तरीकों के आलोचक रहे हैं। हालांकि, पंजाब कांग्रेस में वह अलग-थलग पड़ते जा रहे हैं। वह पार्टी लाइन से अलग हटकर अपनी रैलियां निकाल रहे हैं। इसलिए कहा जा रहा है कि वह अपनी पुरानी पार्टी में वापसी करना चाहते हैं।

इधर चर्चा है कि पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह को भाजपा गुरदासपुर से चुनावी मैदान में उतार सकती है, जहां से सनी देओल सांसद हैं। शर्मा ने कहा, इसका हालिया संकेत केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ उनकी मुलाकात है। इससे पहले भी भाजपा ने गुरदासपुर से विनोद खन्ना और देओल जैसे सेलिब्रिटी पैराशूट उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। कहा जाता है कि नवजोत सिंह सिद्धू के राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा के साथ घनिष्ठ संबंध हैं। इसके बावजूद पंजाब कांग्रेस में उनकी एक नहीं चल रही है। इस सबके बीच भाजपा नेताओं को लगता है कि वह अपनी मूल पार्टी में फिर से शामिल हो सकते हैं। उन्हें पंजाब से लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार भी बना सकती है। भाजपा के पदाधिकारी सोमदेव शर्मा ने कहा कि सिद्धू के पार्टी में शामिल होने के पुख्ता संकेत मिले हैं। उन्होंने कहा, उनके शामिल होने की प्रत्याशा में अन्य भाजपा नेताओं और संभावित उम्मीदवारों के साथ चर्चा चल रही है।

अमृतसर लोकसभा सीट परंपरागत रूप से भाजपा के लिए एक गढ़ रही है। सोमदेव शर्मा को इस बात का विश्वास है कि अगर पार्टी उन्हें अमृतसर से मैदान में उतारने का फैसला करती है तो सिद्धू एक विजयी उम्मीदवार हो सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस नेता रमन बख्शी ने सिद्धू के बीजेपी में शामिल होने की संभावना को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा, जो नेता एक पार्टी से दूसरी पार्टी में घूमता रहता है, वह अपना आकर्षण और विश्वसनीयता खो देता है। सूत्रों ने कहा कि कांग्रेस द्वारा सिद्धू को अमृतसर के अलावा किसी अन्य लोकसभा सीट से मैदान में उतारने की संभावना है।

विदेशी वैभव की आस में हर दिन 6 महिलाएं करती हैं एनआरआई से शादी

–धोखाधड़ी से बचने एनआरआई से मैरिज पर कानून बनाकर किया लागू

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारतीय महिलाओं को विदेशी लोगों के साथ विवाह करने के बाद आने वाली मुश्किलों में कानूनी सहायता देने के लिए कानून बनाकर लागू किया गया है। क्योंकि भारत में हर साल हजारों भारतीय महिलाएं एक बेहतर भविष्य का सपना देखते हुए एनआरआई या ओसीआई से शादी कर विदेश में बस जाती हैं। इस तरह से औसतन 6 महिलाएं प्रतिदिन एनआरआई से शादी कर रही हैं। कई बार इन महिलाओं को घरेलू हिंसा का शिकार होना पड़ता है तो कई मामले ऐसे भी सामने आए हैं जिसमें एक नई जिंदगी का सपना दिखाकर कई एनआरआई पति अपनी पत्नियों को अकेले छोड़कर विदेश भाग चुके हैं। ऐसे ही धोखाधड़ी के बढ़ते मामले को देखते हुए लॉ कमीशन ने अप्रवासी भारतीय (एनआरआई) और भारतीय नागरिकों के बीच होने वाली शादियों में रजिस्ट्रेशन अनिवार्य करने की सिफारिश की है। 15 फरवरी 2024 को 22वें लॉ कमीशन के अध्यक्ष रिटायर जस्टिस रितु राज अवस्थी ने कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल को गैर-निवासी भारतीयों और भारत के विदेशी नागरिकों से जुड़े वैवाहिक मुद्दों की 287वीं रिपोर्ट सौंपी। इस रिपोर्ट में सरकार से सिफारिश की गई है कि पासपोर्ट अधिनियम 1967 में बदलाव किया जाना चाहिए।

लॉ कमीशन की रिपोर्ट में कहा गया कि पति या पत्नी के पासपोर्ट को एक-दूसरे के साथ लिंक करना अनिवार्य किया जाना चाहिए। इसके अलावा दोनों के पासपोर्ट पर मैरिज रजिस्ट्रेशन नंबर लिखा जाए, ताकि पासपोर्ट में ही मैरिटल स्टेटस के बारे में जानकारी मौजूद हो। लॉ कमीशन ने कहा है कि एनआरआई और भारतीय नागरिक की शादी का 30 दिनों के भीतर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। ताकि बाद में रिश्ता टूटने पर मामले को फैमिली लॉ के दायरे में लाकर लीगल एक्शन लिया जा सके।

दरअसल आमतौर पर जब एक भारतीय नागरिक साल में 183 दिन भारत से बाहर रहता है, तो उस व्यक्ति को एनआरआई कहा जाता है, लेकिन यह पूरी तरह स्पष्ट नहीं है। अप्रवासी भारतीय या एनआरआई के पास इंडियन सिटीजनशिप या पासपोर्ट होना चाहिए। साल 2011 में विदेश मामलों की स्थायी समिति की एक रिपोर्ट आई थी जिसमें बताया गया था कि ज्यादातर विदेशों में बसे भारतीय अपने विदेशी बेटों के लिए भारतीय दुल्हन ही चुनना पसंद करती हैं। ताकि उनके परिवार में भारतीय

संस्कृति और परंपरा जीवंत रह सके।

नियम के मुताबिक एनआरआई से शादी के लिए स्पेशल मैरिज एक्ट 1954 के तहत रजिस्ट्रेशन जरूरी है। इस मैरिज एक्ट के तहत किसी भी जाति, धर्म या राष्ट्र से जुड़े लोग आपस में शादी कर सकते हैं। शादी करने के लिए दोनों पार्टनर की उम्र 21 और 18 से ज्यादा होनी चाहिए और दोनों पार्टनर मेंटली और फिजिकली फिट होने चाहिए। विदेशी पार्टनर का 30 दिनों से ज्यादा भारत में रहने का सबूत होना चाहिए और उसका वैलिड पासपोर्ट होना चाहिए। शादी करने के 30 दिन के भीतर एनआरआई पति को शादी का रजिस्ट्रेशन कराना होता है। अगर ऐसा नहीं किया गया तो भारत सरकार भारत सरकार पासपोर्ट रद्द कर देती है।

भारतीय रेस्तरां मैनेजर की हत्या, पुलिस जांच में जुटी

लंदन ।भारतीय रेस्तरां मैनेजर की हत्या के मामले में 24 वर्षीय व्यक्ति को ब्रिटेन की एक अदालत में पेश किया जाएगा। पिछले सप्ताह काम से साइकिल से घर लौटते समय एक वाहन ने टक्कर मार दी थी। पुलिस की जांच के बाद शाजेब खालिद को गिरफ्तार किया गया। विग्नेश रमन को 14 फरवरी को एक वाहन की चपेट में आने के बाद रॉयल बर्कशायर अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया था। पुलिस ने कहा कि रीडिंग में रहने वाले सात अन्य लोगों को, जिनकी उम्र 20 से 48 वर्ष के बीच है और जिन्हें एक अपराधी की सहायता करने के संदेह में गिरफ्तार किया गया था, जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस ने कहा, 'हमारी संवेदनाएं रमन के परिवार के साथ हैं, जिन्हें विशेष रूप से प्रशिक्षित अधिकारियों द्वारा समर्थन दिया जा रहा है। हम उनकी मौत की परिस्थितियों की जांच जारी रख रहे हैं और अब गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। उन्होंने मामले की जानकारी रखने वाले लोगों से पुलिस से संपर्क करने की अपील की और कहा कि जांच जारी रहने तक इलाके में पुलिस की स्पष्ट उपस्थिति रहेगी। इस बीच, रमन के शोक संतप्त परिवार को स्वदेश वापसी लागत और अंतिम संस्कार के खर्च में मदद करने के लिए एक वेब पेज बनाया गया है। पेज ने उन्हें 'प्यारा पति, समर्पित बेटा और निपुण पेशेवर' बताकर कहा कि 'रमन वेल में एक प्रतिबद्ध रेस्तरां प्रबंधक थे, जहां उन्होंने अपने दिल और आत्मा को अपने काम में लगा दिया, और अपने असाधारण गर्मजोशी भरे स्वभाव, ग्राहक सेवा और कार्य नैतिकता के लिए पहचान हासिल की।

फिलीपींस : ट्रक गहरी खाई में गिरा, 14 लोगों की मौत

मनीला, । फिलीपींस के मध्य में नेग्रोस ओरिएंटल प्रांत में बुधवार को एक ट्रक गहरी खाई में गिर गया जिससे कम से कम 14 लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि ट्रक एक राजमार्ग पर जा रहा था। इस दौरान माबिनय शहर में अपराह्न करीब 1:30 बजे में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे वाहन पलट गया और वह गहरी खाई में लुढ़क गया। ट्रक के पलटने से कई यात्री उसके नीचे दब गये थे। पुलिस और बचाव दल मौके पर पहुंच गये।

अफगानिस्तान में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत, दो घायल

काबुल। अफगानिस्तान के उत्तरी प्रांत समांगन में मंगलवार को एक सड़क दुर्घटना में सात लोगों की मौत हो गयी और दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गये। प्रांत के सिविल अस्पताल के प्रमुख सैयद उस्मान हामिदी ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पीड़ितों में दो महिलाएं और एक बच्चा शामिल हैं। हादसे में घायल हुए दो व्यक्तियों की हालत गंभीर है। गौरतलब है कि भीड़भाड़ वाली सड़कों पर लापरवाही से गाड़ी चलाने और यात्रा के दौरान सुरक्षा उपायों की कमी के कारण अफगानिस्तान में बड़ी संख्या में सड़क हादसे होते हैं और यात्रियों की जान जाती है। आधिकारिक आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले 10 महीनों में अफगानिस्तान में सड़क दुर्घटनाओं में 1,600 से अधिक लोग मारे गये हैं और 4,000 से अधिक घायल हुए हैं।

विमान का पंख क्षतिग्रस्त होने के कारण आपातकालीन लैंडिंग

सैन फ्रांसिस्को, । अमेरिका में सैन फ्रांसिस्को से बोस्टन जाने वाले वाले एक विमान को उसका पंख क्षतिग्रस्त हो जाने के कारण सोमवार को आपातकालीन लैंडिंग करनी पडी। यूनाइटेड एयरलाइंस ने मंगलवार को इसकी पुष्टि की और कहा कि उड़ान संख्या 354 को एक क्षतिग्रस्त पंख के कारण आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। कंपनी ने कहा कि विमान के पंख पर स्लैट के साथ एक समस्या थी लेकिन बोइंग 757-200 के नुकसान का कारण नहीं बताया। विमान में सवार 165 यात्रियों में से एक केविन क्लार्क ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया, जिसमें स्लेट पैनल आंशिक रूप से कटा हुआ दिखाई दे रहा है। क्लार्क ने वीडियो क्लिप में कहा कि विमान में पंख के अलग होने के कारण यह डेनवर में उतरने वाला है। विमान विंग फ्लैप की समस्या होने के बाद डेनवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर शाम 5:21 बजे सुरक्षित उतर गया। यूनाइटेड एयरलाइंस के अनुसार, यात्रियों को दूसरे विमान में स्थानांतरित कर दिया गया और वे मंगलवार सुबह बोस्टन लोगान अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर पहुंचे। घटना में किसी व्यक्ति के घायल होने की खबर नहीं है। संघीय विमानन प्रशासन (एफएए) ने कहा कि वह इस घटना की जांच करेगा। पिछले महीने, अलास्का एयरलाइंस मैक्स9 यात्री विमान के उड़ान भरने के तुरंत बाद दरवाजे का प्लग उड़ जाने के बाद एफएए ने बोइंग के 737 मैक्स9 के अधिकांश विमानों को रोक दिया था।

इसराइली सैनिकों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क को बनाया निशाना, दागी मिसाइलें

यरूशलेम। इसराइल और हमास के बीच जारी जंग ने 29 हजार से ज्यादा गाजा के लोगों की जान ले ली है. गाजा की हालात बद से बदतर हो गई है. हजारों परिवार विस्थापित हो गए हैं. इसी बीच इसराइली सैनिकों ने सीरिया की राजधानी दमिश्क के कफ्र सूसा जिले को निशाना बनाया है. इसराली सैनिकों के द्वारा किए गए मिसाइल हमले में कई आवासीय इमारतें धाराशायी हो गई हैं. इस हमले की तस्दीक सीरियाई राज्य मीडिया ने की है. दरअसल, सिरिया के इस जिले को बड़ी इमारतें, स्कूलों और ईरानी सांस्कृतियों का केंद्र माना जाता है. बताया जा रहा है कि इसराइली सैनिकों ने यह हमला सीरियाई सुरक्षा एजेंसियों के कैंपस के पास किए हैं. इससे पहले भी फरवरी 2023 में एक इसराइली सैनिकों ने इस जिले को निशाना बनाया गया था, जिसमें ईरानी सैन्य विशेषज्ञ की मारे जाने की पुष्टि हुई थी. सीरियाई राज्य समाचार एजेंसी सना ने कहा कि 'इसराइली हमले' ने आवासीय इमारत को निशाना बनाया था, लेकिन इस हमले किसी की मरने की खबर नहीं हैं. हालांकि, इस हमले में बहुमंजिला इमारतों को काफी नुकसान हुआ है.वहीं, प्रत्यक्षदर्शियों ने रॉयटर्स को बताया कि एक के बाद एक कई विस्फोटों को सुना. इस हमले के बाद अब इसराइली सेना की तरफ से तत्काल कोई टिप्पणी नहीं आई है. सीरिया के करीब 12 साल के संघर्ष के दौरान ईरानी राष्ट्रपति बशर अल-असद का प्रमुख समर्थक रहा है. दमिश्क और लेबनानी ग्रुप हिजबुल्लाह की सैन्य शक्ति को कमजोर करने के लिए इसराइल ने नियमित रूप से हवाई हमले किए हैं. इसराइल-हमास के बीच चार महीने से ज्यादा वक्त से जंग जारी है. यह जंग दक्षिणी इसराइल पर हमास के अचानक आक्रमण के साथ शुरू हुई थी.जिसमें करीब 1,200 इसराइली मारे गए थे और 250 से ज्यादा लोगों को हमास ने बंधक बना लिया गया था. गाजा हेल्थ मिनिस्टरी के मुताबिक, तब से लेकर इसराइल के जावबी सैन्य हमले में 29,000 से ज्यादा फलस्तीनी मारे जा चुके हैं और हजारों परिवार को विस्थापित होना पड़ा है.

गाजा में डॉक्टरों पर इजरायली हमले में दो की मौत, छह घायल

यरूशलेम। गाजा आश्रय स्थल पर इजरायल के हमले में कम से कम दो लोग मारे गए और छह घायल हो गए, जिसमें डॉक्टर्स विदाउट बॉर्डर्स (मेडिसिन्स सैन्स फ्रंटियर्स, एमएसएफ) के कर्मचारी और उनके परिवार भी शामिल हैं। यह जानकारी संगठन ने बुधवार को दी। संस्थान ने सोशल नेटवर्किंग साइट एक्स पर कहा, 'आज रात इजरायली बलों ने गाजा के खान यूनिस के अल मवासी में हमला किया, जहां एमएसएफ कर्मचारियों और उनके परिवारों के एक आश्रय स्थल पर गोलाबारी की गई। पूरा विवरण सामने नहीं आया हैं, एम्बुलेंस चालक दल अब साइट पर पहुंच गए हैं, जहां हमारे सहयोगियों के कम से कम दो परिवार के सदस्य मारे गए हैं और छह लोग घायल हो गए हैं। जो कुछ हुआ है उससे हम भयभीत हैं।' एमएसएफ ने जनवरी की शुरुआत में कहा था कि खान यूनिस में 100 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवारों के रहने वाले आश्रय स्थल हवाई हमले की चपेट में आ गए थे जिसमें चार लोग घायल हुए थे। गत सात अक्टूबर, 2023 को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इजरायल के खिलाफ बड़े स्तर पर रॉकेट हमला किया और सीमा का उल्लंघन किया, जिसमें 1,200 लोग मारे गए और लगभग 240 अन्य का अपहरण कर लिया गया। इज़रायल ने जवाबी हमला शुरू किया, गाजा की पूरी तरह से नाकाबंदी का आदेश दिया, और हमास लड़ाकों को खत्म करने और बंधकों को बचाने के घोषित लक्ष्यों के साथ फिलिस्तीनी एन्क्लेव में जमीनी घुसपैठ शुरू कर दी। स्थानीय अधिकारियों ने कहा कि गाजा पट्टी में अब तक कम से कम 29,000 लोग मारे गए हैं।

चीन में हुई बर्फबारी के बाद एक शापिंग माल के पास पड़ी बर्फ को हटाते हुए कर्मचारी।

पाकिस्तान चुनाव में धांधली, आरोपों की जांच के लिए हाई लेवल कमेटी का गठन

इस्लामाबाद। पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने रावलपिंडी के पूर्व आयुक्त के आरोपों की जांच के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया, जिसमें संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के जिला रिटर्निंग अधिकारियों (डीआरओ) और रिटर्निंग अधिकारियों (आरओ) के बयान दर्ज किए गए। रिपोर्ट के अनुसार, ईसीपी के एक वरिष्ठ सदस्य के नेतृत्व वाली समिति ने रावलपिंडी डिवीजन के 13 नेशनल असेंबली निर्वाचन क्षेत्रों और 26 प्रांतीय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के डीआरओ और आरओ के बयान दर्ज किए। विकास से जुड़े सूत्रों ने कहा कि पाकिस्तान इलेक्ट्रॉनिक मीडिया रेगुलेटरी अथॉरिटी (पीईएमआरए) ने रावलपिंडी के पूर्व कमिश्नर लियाकत अली चट्ठा की प्रेसवार्ता की प्रतिलिपि भी सौंपी, जिसमें ईसीपी और मुख्य न्यायाधीश काजी फैज ईसा पर 'चुनावी धांधली' में शामिल होने का आरोप लगाया गया है। एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया कि डीआरओ और आरओ ने भी समिति को लिखित बयान सौंपे हैं। उच्च स्तरीय समिति ने अपनी रिपोर्ट का संकलन शुरू कर दिया है जिसे बुधवार को ईसीपी को सौंपा जाएगा। इस बीच, पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) सिकंदर सुल्तान राजा के तत्काल इस्तीफे की मांग तेज कर रही है, और उन्हें 2024 में स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी आम चुनाव सुनिश्चित करने में कथित विफलता के लिए जिम्मेदार ठहराया है।

नवलनी की मौत पर एक्शन में अमेरिका, रूस पर लगाएगा बड़े प्रतिबंध

वाशिंगटन (एजेंसी)। राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मौत और दो साल के यूक्रेन युद्ध को लेकर अमेरिका शुक्रवार को रूस के खिलाफ प्रतिबंधों के एक बड़े पैकेज की घोषणा करेगा। कैलिफ़ोर्निया की यात्रा पर रवाना होते समय पत्रकारों से बात करते हुए बिडेन ने विवरण नहीं दिया। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन ने कहा कि रूस पर नवीनतम प्रतिबंधों में देश की रक्षा और औद्योगिक ठिकानों के साथ-साथ अर्थव्यवस्था के राजस्व के स्रोतों सहित कई वस्तुओं को निशाना बनाया जाएगा।

व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा कि पैकेज नवलनी के साथ जो हुआ उसके लिए रूस को जवाबदेह ठहराएगा और यूक्रेन में युद्ध के दौरान उसके कार्यों के लिए। एक वरिष्ठ अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि युद्ध की दूसरी वर्षगांठ मनाने के लिए पहले से ही एक प्रतिबंध पैकेज की योजना बनाई जा रही थी, जिस पर वाशिंगटन अब पुनर्विचार करेगा और नवलनी की मौत के जवाब में पूरक होगा। मामले से परिचित दो सूत्रों ने बताया कि आतंकवाद और वित्तीय खुफिया विभाग के अवर सचिव ब्रायन नेल्सन इस सप्ताह यूरोप की यात्रा पर नवलनी की मौत पर प्रतिबंधों पर चर्चा कर रहे हैं।

ट्रेजरी ने कहा कि नेल्सन, यूक्रेन युद्ध की दूसरी वर्षगांठ से पहले जर्मनी, बेल्जियम और फ्रांस की यात्रा में रूस के युद्ध उत्पादन प्रयासों को वित्तपोषित करने वालों को लक्षित करने के वाशिंगटन के अधिकार पर भी चर्चा कर रहे हैं, भले ही वे तीसरे देशों में हों। इसमें कहा गया है कि अमेरिका हमारे प्रतिबंधों से बचने की कोशिश करने वालों पर आक्रामक तरीके से हमला कर रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका ने पहले ही 24 फरवरी, 2022 को यूक्रेन पर रूस के आक्रमण से संबंधित प्रतिबंधों की एक विस्तृत श्रृंखला जारी कर दी है, जिसमें रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन, अधिकारियों और बैंकों पर प्रतिबंध शामिल हैं।

पाकिस्तान में जल्द सरकार बनने के आसार, आसिफ जरदारी बनेंगे राष्ट्रपति

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान में चुनाव हुए करीब एक हफ्ता बीत गया है, अभी तक सरकार नहीं बन पाई है। राजनैतिक दलों के बीच न तो सहमति बन पा रही है और न ही अपने नेता का नाम तय कर पा रहे हैं। अब खबर आ रही है कि राजनैतिक दलों के बीच हुई बैठकों में सहमति बन गई है और जल्द ही पाकिस्तान को सरकार मिल जाएगी। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) और पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के बीच एक नई गठबंधन सरकार बनाने के लिए सहमति बन गई है। पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने घोषणा की कि पीएमएल-एन अध्यक्ष शहबाज शरीफ फिर से प्रधानमंत्री की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। वहीं, पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ जरदारी देश के अगले राष्ट्रपति बनेंगे।

यह घोषणा पार्टी नेताओं ने मंगलवार देर रात एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में की। रिपोर्ट के मुताबिक, भुट्टो-जरदारी ने कहा, पीपीपी और पीएमएल-एन ने जरूरी संख्या हासिल कर ली है और अब हम सरकार बनाने की स्थिति में हैं। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी समर्थित उम्मीदवारों और सुन्नी इत्तेहाद काउंसिल (एसआईसी) के चुनावों में बहुमत हासिल करने में विफल रहने के बाद नई सरकार बनाने का फॉर्मूला सामने आया है। पत्रकारों से बात करते हुए शहबाज शरीफ ने कहा कि वार्ता के सकारात्मक निष्कर्ष पर पहुंचने के लिए दोनों पक्षों के नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करता हूं। उन्होंने दोनों पार्टियों के बीच एकता और सरकार बनाने की उनकी क्षमता पर जोर दिया। आपको बता दें कि दोनों पक्षों को 8 फरवरी को हुए चुनाव में मिले खंडित जनादेश के बाद सत्ता-साझाकरण व्यवस्था पर आम सहमति तक पहुंचने के लिए संघर्ष करना पड़ा। पीएमएल-एन ने 75 सीटें हासिल कीं वहीं, पीपीपी 54 सीटों के साथ तीसरे स्थान पर रही। मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट पाकिस्तान (एमक्यूएम-पी) अपनी 17 सीटों के साथ उनका समर्थन करने पर सहमत हो गई है।

उपचुनाव में फिर हारी सुनक की पार्टी

ब्रिटेन ।ब्रिटेन में भारतवंशी प्रधानमंत्री ऋषि सुनक की कंजर्वेटिव पार्टी में सब कुछ ठीक नहीं चल रहा है। सरकारी नीतियों के विरोध और भ्रष्टाचार के मामलों के चलते कंजर्वेटिव पार्टी उपचुनावों में लगातार हार की परंपरा तोड़ नहीं पा रही है। हार के चलते कंजर्वेटिव पार्टी में नेतृत्व बदलने की मांग शुरू हो गई है। पार्टी के 100 सांसदों ने चुनाव से पहले इस्तीफा देने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक सांसदों को लगता है कि आगामी चुनावों में वे अपनी सीट खो देंगे। साथ ही, इनमें से कई सांसदों ने राजनीति से संन्यास लेने का फैसला लिया है। उन्होंने प्राइवेट सेक्टर में अपने लिए नौकरियां तलाशना शुरू कर दिया है। इसी महीने हाउस ऑफ कॉमन्स की जस्टिस कमेटी के प्रमुख सर बॉब नेइल और पूर्व चांसलर क्वासी क्वार्तेंग और डिप्टी प्रमुख निक्की एइकेन ने घोषणा की है कि वे संसद छोड़ रहे हैं और इस साल होने वाले चुनाव नहीं लड़ेंगे।

8 फरवरी के आम चुनाव को रद्द करने की मांग, पाक सुप्रीम कोर्ट ने याचिका पर लिया ये फैसला

इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को 8 फरवरी के चुनावों में कथित अनियमितताओं पर नए चुनावों की मांग करने वाली एक याचिका को प्रचार स्टंट के रूप में खारिज कर दिया, जिससे देश में राजनीतिक अनिश्चितता को समाप्त करने के लिए गठबंधन सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ता, पूर्व सैन्य अधिकारी पर अदालत के समक्ष उपस्थित होने में विफलता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह शीर्ष अदालत से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की प्रत्यक्ष निगरानी और निगरानी में 30 दिनों के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का आग्रह किया था। उन्होंने मामले का फैसला होने तक नई सरकार के गठन को रोकने के लिए स्थगन आदेश की भी मांग की थी।

हालाँकि, याचिकाकर्ता लगातार दो सुनवाई में शामिल होने में विफल रहा। इसके बाद, पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फ़ैज़ ईसा की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ, जिसमें न्यायमूर्ति मुहम्मद अली मज़हर और न्यायमूर्ति मुसर्रत हिलाली शामिल थे, ने याचिका का निपटारा कर दिया और सूचित किए जाने के बाद याचिकाकर्ता पर 500,000 पाकिस्तानी रुपये का जुर्माना लगाया। कि उन्हें अदालत में उपस्थित होने का नोटिस दिया गया था।

इससे पहले, अदालत को सूचित किया गया था कि अली एक पूर्व ब्रिगेडियर था जिस पर 2012 में कोर्ट मार्शल का मुकदमा चलाया गया था और उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता द्वारा शीर्ष अदालत को भेजे गए एक ईमेल को पढ़कर सुनाया, जिसमें उसने कहा था कि वह विदेश में है और अपनी याचिका वापस लेने का अनुरोध किया था। इसे पब्लिसिटी स्टंट बताते हुए सीजेपी ईसा ने कहा कि ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) अली खान ने कहा था कि वह अदालत के सामने पेश नहीं हो सकते क्योंकि वह बहरीन में थे।

उपराष्ट्रपति पोस्ट के लिए ट्रंप ने 6 नामों को किया शॉर्टलिस्ट, 2 भारतवंशी इसमें शामिल

येरुसलेम (एजेंसी)। भारतीय-अमेरिकी बायोटेक उद्यमी से राजनेता बने विवेक रामास्वामी उन नामों में शामिल हैं, जिन्हें पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति और रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रम्प 2024 के राष्ट्रपति चुनावों में उपराष्ट्रपति पद के लिए अपने साथी के रूप में विचार कर रहे हैं। फॉक्स न्यूज टाउन हॉल कार्यक्रम के दौरान मेजबान ने ट्रम्प से उप-राष्ट्रपति पद के लिए उनकी शॉर्टलिस्ट के लिए छह संभावित विकल्पों के बारे में पूछा, जब उन्होंने दक्षिण कैरोलिना के सीनेटर टिम स्कॉट, फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस, पूर्व हवाई प्रतिनिधि तुलसी गबार्ड, विवेक रामास्वामी के नाम बताए। 77 वर्षीय ट्रम्प ने अन्य भारतीय-अमेरिकी राजनेता हेली का नाम नहीं लिया, जो अभी भी दौड़ में हैं।

जनवरी के मध्य में आयोवा कॉकस में अपने खराब प्रदर्शन के बाद 38 वर्षीय रामास्वामी न केवल

रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद के उम्मीदवार के रूप में पीछे हट गए थे, बल्कि इसके विजेता ट्रम्प का भी समर्थन किया था। जब फॉक्स न्यूज टाउन हॉल इवेंट की होस्ट लौरा इंग्राहम ने उनसे पूछा कि क्या वे सभी आपकी शॉर्टलिस्ट में हैं? ट्रंप ने कहा कि वे हैं ईमानदारी से कहूं तो वे सभी लोग अच्छे हैं। वे सभी अच्छे हैं। इससे पहले अगस्त 2023 में रामास्वामी ने रिपब्लिकन नामांकन नहीं जीतने पर ट्रम्प के चल रहे साथी होने का संकेत दिया था।

समाचार पोर्टल ने इस ओर ध्यान आकर्षित किया कि कैसे ट्रम्प बिना सोचे-समझे बात करने के लिए जाने जाते हैं और यह आश्चर्य की बात होगी यदि वह डेसेंटिस को चुनें। आयोवा कॉकस में निराशाजनक दूसरे स्थान पर रहने के बाद डेसेंटिस के राष्ट्रपति पद की दौड़ से बाहर होने से पहले ट्रम्प और डेसेंटिस ने एक-दूसरे को बचाने में एक साल बिताया। हालाँकि, डेसेंटिस ने तब से ट्रम्प का समर्थन किया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रंप ने गवर्नर पर हमला करना भी बंद कर दिया है और 'डीसैंक्टिमोनियस' उपनाम भी वापस ले लिया है जो उन्होंने उन्हें दिया था।

पुतिन मेरे बेटे का शव सौंपें, नवलनी की मां ने की रूस के राष्ट्रपति अपील

मॉस्को। रूस के विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की मां ने मंगलवार को राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से हस्तक्षेप करने और उनके बेटे का शव उन्हें सौंपने की अपील की। ल्यूडमिला नवलनाया एक वीडियो में उस आर्कटिक क्षेत्र में दिखाई दीं जहां नवलनी की मौत हुई थी। वह शनिवार से अपना बेटे का शव प्राप्त करने की कोशिश कर रही हैं। उन्होंने वीडियो में कहा, ''पांचवें दिन भी मैं अपने बेटे का शव नहीं देख पाई हूं। वे मुझे यह भी नहीं बता रहे कि उसे कहां रखा गया है।'' नवलनी की टीम द्वारा सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए वीडियो में नवलनाया ने कहा, ''व्लादिमीर पुतिन मैं आपसे अपील करती हूं। इस मामले का समाधान केवल आप कर सकते हैं। मुझे अपने बेटे का शव देखने दें। मेरी मांग है कि शव तत्काल मुझे दिया जाए, ताकि मैं उसे सम्मान के साथ दफना सकूं।'' उनकी टीम के सदस्यों के अनुसार, रूसी अधिकारियों ने कहा है कि नवलनी की मौत का कारण अभी भी अज्ञात है और प्रारंभिक जांच जारी रहने के कारण अगले दो सप्ताह तक शव नहीं दिया जा सकता।

कनाडा ने लिया यू टर्न, अब कहने लगा- निज्जर के सहयोगी के घर हमले में विदेशी हाथ नहीं

लंदन (एजेंसी)। कनाडाई कानून प्रवर्तन ने कहा है कि उन्होंने विदेशी हस्तक्षेप से कोई संबंध स्थापित नहीं किया है क्योंकि उन्होंने खालिस्तान समर्थक नेता हरदीप सिंह निज्जर के एक सहयोगी के आवास को निशाना बनाकर की गई गोलीबारी के लिए दो किशोरों पर आरोप लगाया है, जो 18 जून को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में मारे गए थे। रॉयल कैनेडियन माउंटेड पुलिस (आरसीएमपी) की सरे टुकड़ी ने कहा कि इस घटना के समय, ऐसी अटकलें चल रही थीं कि यह विदेशी हस्तक्षेप से जुड़ा था। जांचकर्ताओं ने इस मामले के संबंध में विदेशी हस्तक्षेप से कोई संबंध स्थापित नहीं किया है।

सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) सहित खालिस्तान समर्थक समूहों ने आरोप लगाया था कि 1 फरवरी की सुबह सिमरनजीत सिंह के घर पर गोलीबारी के लिए भारत जिम्मेदार था। उन्होंने हमले को इस तथ्य से जोड़ा था कि सिंह ने एक विरोध प्रदर्शन आयोजित करने में मदद की थी 26 जनवरी को वैंकूवर में भारतीय वाणिज्य दूतावास के बाहर। ब्रिटिश कोलंबिया गुरुद्वारा परिषद के प्रवक्ता और कनाडा में एक प्रमुख अलगाववादी मोनिंदर सिंह ने उस समय आउटलेट सीबीसी न्यूज को बताया कि सिमरनजीत सिंह को ऐसा लगता है कि यह भारतीय राज्य है, या उनका अभिनेता, जो यहां सक्रियता के काम से उन्हें डराने के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं जो वह कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनका मानना है कि सिमरनजीत सिंह का निज्जर से संबंध एक कारण हो सकता है।

दोनों 16-वर्षीय बच्चों का नाम नहीं बताया गया है क्योंकि वे नाबालिग हैं। सरे आरसीएमपी के प्रवक्ता सीपीएल सर्बजीत के संघा ने कहा कि उन्हें 12 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था और ब्रिटिश कोलंबिया अभियोजन सेवा ने उनके खिलाफ एक जगह पर बंदूक छोड़ने और भरी हुई प्रतिबंधित बंदूक रखने के आरोपों को मंजूरी दे दी थी। उन्होंने कहा कि युवाओं को फिलहाल हिरासत में रखा जा रहा है और उनकी अगली अदालत में पेशी का इंतजार किया जा रहा है।

आईसीसी रैंकिंग में यशस्वी ने लंबी छलांग लगायी

दुबई (एजेंसी)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ताजा बल्लेबाजी रैंकिंग में भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल ने लंबी छलांग लगायी है। इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में दोहरा शतक लगाने के बाद यशस्वी 14 पायदान ऊपर आकर 15वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं ऑलराउंडर रविन्द्र जडेजा पहली पारी में लगाये शतक से 41वें से 34वें स्थान पर आ गये हैं। वहीं उन्हें मैच में दूसरी पारी में पांच विकेट लेने के कारण गेंदबाजी रैंकिंग में लाभ हुआ है और वह तीन स्थान ऊपर उठाकर छठे स्थान पर पहुंच गये हैं। इसके अलावा जडेजा ऑलराउंडरों की रैंकिंग में भी शीर्ष पर अपनी स्थिति ओर मजबूत कर ली है और वह अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ 469 रेटिंग अंक पर पहुंच गए हैं। वहीं पहली पारी में शतक लगाने वाले भारतीय टीम के बाद कप्तान रोहित शर्मा को भी एक स्थान का लाभ हुआ है और वह 12वें स्थान पर पहुंच गए हैं। दूसरी पारी में 91 रन बनाने वाले शुभमन गिल को भी तीन स्थानों का लाभ हुआ है और वह 35वें स्थान पर पहुंच गए हैं। तीसरे टेस्ट से कैप हासिल करने वाले सरफराज खान और ध्रुव जुरेल ने अपनी अच्छे प्रदर्शन से रैंकिग में 75 वां और 100 वां स्थान हासिल किया। वहीं इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट की पहली पारी में 153 रन की आक्रामक पारी के कारण मिले लाभ से 12 स्थान ऊपर उठाकर 13वें स्थान पर पहुंच गये हैं। तेज गेंदबाज मार्क वुड मैच अच्छी गेंदबाजी के कारण 21वें स्थान पर पहुंच गए हैं। वहीं न्यूजीलैंड के अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक पर कायम हैं। विलियमसन ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतक लगाकर शीर्ष पर अपना स्थान मजबूत किया है।

सुमित नागल को बड़ा झटका, वर्ल्ड रैंकिंग की टॉप 100 से खिसकर हुए बाहर

नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के एकल खिलाड़ी सुमित नागल 16 अंक गंवाने के कारण विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए हैं। नागल एटीपी की नवीनतम विश्व रैंकिंग में तीन पायदान नीचे 101वें स्थान पर खिसक गए हैं। पिछले साल इसी सप्ताह नागल ने एक क्वालीफायर के रूप में चेन्नई चैलेंजर के सेमीफाइनल में पहुंचने के कारण 41 अंक हासिल किए थे।

नागल को इन अंकों का बचाव करना था लेकिन वह पिछले सप्ताह बेंगलुरु ओपन में केवल 25 अंक ही हासिल कर पाए। नागल ने इस साल चेन्नई ओपन का खिताब जीतकर शीर्ष 100 में जगह बनाने वाले भारत के कुछ खिलाड़ियों में अपना नाम लिखाया था। नागल अभी पुणे चैलेंजर में खेल रहे हैं। एकल में भारत के दूसरे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन हैं जो 42 पायदान की लंबी चलांग लगाकर 420वें स्थान पर पहुंच गए हैं। उनके बाद शशि कुमार मुकुंद (457), एसडी प्रज्वल देव (595) और दिग्विजय प्रताप सिंह (623) का नंबर आता है।

रोहन बोपन्ना युगल में विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए हैं। भारतीय खिलाड़ियों में उनके बाद युकी भांबरी (60), एन श्रीराम बालाजी (80), विजय सुंदर प्रशांत (81), साकेत मयनेनी (89) और अनिरुद्ध चंद्रशेखर (94) का नंबर आता है।

अब मनोज तिवारी बोले, अंपायरों का भी हो डोप टेस्ट

-अंपायरों को मैनें कई बार ऊंघते हुए पाया

मुम्बई (एजेंसी)। पूर्व क्रिकेटर मनोज तिवारी संन्यास के बाद एकाएक मुखर हो गये हैं। पहले उन्होंने पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी पर उन्हें टीम से बाहर रखने का आरोप लगाया था। वहीं अब मनोज तिवारी ने कहा है कि अंपायरों का भी डोप टेस्ट होना चाहिये। इस क्रिकेटर का कहना है कि उन्होंने मैच के दौरान अंपायरों को कई बार ऊंघते हुए देखा है। खेल में सभी खिलाड़ियों को डोप टेस्ट से गुजरना होता है पर अंपायरों की जांच नहीं होती। इस क्रिकेटर ने कहा कि उन्होंने अंपायरों को अक्सर ऊंघते हुए देखा है, जो क्रिकेट के लिए बिलकुल भी अच्छी बात नहीं है। तिवारी ने कहा, 'खिलाड़ियों को डोप टेस्ट देना होता है पर अंपायरों को भी इसके दायरे में लाना चाहिए क्योंकि मैंने कई बार अंपायरों को ऊंघते हुए पाया है। इसको लेकर जब मैंने उनसे पूछा कि सर क्या आपने रात में ड्रिंक किया है. तो जवाब मिला कि मुझे व्हिस्की पसंद है।'

बंगाल की ओर से घरेलू क्रिकेटर रहे तिवारी ने कहा कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) को अंपायरों की भर्ती करने से पहले उनकी आंख की जांच भी करानी चाहिए। मनोज ने इस रणजी सत्र में बंगाल के बाहर होने ही क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। हाल ही में उन्होंने कहा था कि रणजी को कैलेंडर से बाहर कर देना चाहिये क्योंकि अब इसके आधार पर चयन नहीं हो रहे। साथ ही आरोप लगाय था कि शतक लगाने के बाद भी धोनी ने उन्हें लगातार बाहर रखा और इस मामले में वह उनसे मुलाकात होने पर सवाल भी पूछेंगे। मनोज का कुछ ही अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने को मिले थे।

अपनी आक्रामक रणनीति नहीं बदलेगी इंग्लैंड : मैक्कुलम

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड क्रिकेट टीम के कोच ब्रेंडन मैक्कुलम ने कहा है कि शुक्रवार से रांची में भारतीय टीम के खिलाफ होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट में भी उनकी टीम अपनी आक्रामण रणनीति से ही उतरेगी। मैक्कुलम ने भारतीय टीम को चेताया है कि उनकी टीम तीसरे मुकाबले में मिली करारी हार के बाद भी अपनी आक्रामक रणनीति को नहीं बदलेगी और जीत के इरादे से उतरेगी। कोच को अब भी भरोसा है कि उनकी टीम इस सीरीज में बाजी पलटने में सफल रहेगी। इंग्लैंड के कोच ने कहा कि हम अब भी बाजी पलटेंगे और भारत को फिर से दबाव में लाने के प्रयास करेंगे। भारतीय टीम अभी इस सीरीज में 2-1 से आगे है।

उन्होंने माना कि भारतीय टीम के खिलाफ तीसरे टेस्ट में मिली करारी हार से सभी खिलाड़ी आहत हैं पर इससे वह निराश नहीं हैं। टीम के सभी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन में सक्षम हैं। मेहमान टीम ने सीरीज का पहला मैच हैदराबाद में जीता था पर इसके बाद उसे दूसरे और तीसरे मैच में हार का सामना करना पड़ा था। इन मैचों में उसके बल्लेबाज और गेंदबाज नाकाम रहे थे। टीम को तीसरे टेस्ट में 434 रनों से बेहद करारी हार झेलनी पड़ी थी। ये साल 1934 के बाद रनों के लिहाज से इंग्लैंड की सबसे बड़ी हार थी। कोच ने इसके बाद भी कहा कि आक्रामक तरीके से बल्लेबाजी करने की अपनी रणनीति पर बने रहने पर उन्हें किसी तरह का दुख नहीं है। उन्होंने कहा, ''हम रुख पलटेंगे और भारतीय टीम को फिर से दबाव में लाने की कोशिश करेंगे। लोग अपनी राय रखने के लिए आजाद हैं हालांकि हमें कुछ अवसरों पर असफलताओं का भी सामना करना पड़ा है।'' वहीं इंग्लैंड के कई दिग्गज पूर्व कप्तानों नासिर हुसैन और माइकल वॉन ने आक्रामक रणनीति की आलोचना करते हुए कहा था कि हर मामले में ये प्रभावी नहीं रहती है।

इवो कार्लोविच ने आधिकारिक रूप से संन्यास की घोषणा की

जगरेब (क्रोएशिया)। इवो कार्लोविच ने ढाई वर्ष से कोई टूर्नामेंट नहीं खेलने के बाद बुधवार को आधिकारिक रूप से टेनिस से अपने संन्यास की घोषणा की। क्रोएशिया के इस ऊंची कद काठी के खिलाड़ी ने 'एक्स' पर लिखा, 'टेनिस खिलाड़ी के तौर पर मेरा करियर काफी संतोषजनक, अपरंपरागत और लंबा रहा है।' कार्लोविच अगले हफ्ते 45 वर्ष के हो जाएंगे। उन्होंने अक्टूबर 2021 में कैलिफोर्निया में इंडियन वेल्स में दूसरे दौर में अपना अंतिम एटीपी मैच खेला था जिसमें वह हार गये थे। उनका अंतिम ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट मैच इससे छह हफ्ते पहले अमेरिकी ओपन के पहले दौर में मिली हार था। कार्लोविच ने 25 साल के करियर में आठ एकल खिताब जीते, 371 जीत हासिल की और उन्हें 346 मैच में हार मिली। उनकी एकल में सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 14 थी जो उन्होंने अगस्त 2008 में हासल की थी। ग्रैंडस्लैम में उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2009 में विम्बलडन में रहा जिसमें वह क्वार्टरफाइनल तक पहुंचे थे। उन्होंने 2005 में क्रोएशिया के लिए डेविस कप जीता था जब फाइनल में टीम ने स्लोवाकिया को हराया था और देश का पहला खिताब दिलाया था। छह बार के ग्रैंडस्लैम एकल चैम्पियन बोरिस बेकर ने उन्हें 'एक्स' पर बधाई दी और उनकी सर्व को सर्वश्रेष्ठ करार दिया।

टिम डेविड ने 10 गेंदों पर 31 रन बनाकर ऑस्ट्रेलिया को पहला टी20 जितवाया

खेल डैस्क । वेलिंगटन के मैदान पर खेले गए रोमांचक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने कप्तान मिशेल मार्श और टिम डेविड की आतिशी पारियों की बदौलत पहले टी20 में 6 विकेट से जीत हासिल कर ली। न्यूजीलैंड ने पहले खेलते हुए डेवन कॉन्वे के 63 तो रचिन रविंद्र क 68 रनों की बदौलत ऑस्ट्रेलिया को जीत के लिए 216 रनों का लक्ष्य दिया था। जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलियाई टीम को कप्तान मार्श का सहारा मिला। ऑस्ट्रेलिया को जब आखिरी 18 गेंदों पर 43 रन बनाने की जरूरत थी तभी टिम डेविड ने 10 गेंदों पर 31 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिला दी।

न्यूजीलैंड की एलन और डेवन कॉन्वे की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। छठें ओवर में स्टार्क ने फिन एलन को 32 रन पर वॉर्नर के हाथों कैच आउट कराया। फिर रचिन रविंद्र ने डेवन कॉन्वे के साथ दूसरे विकेट लिए 113 रन जोड़े। रचिन रविंद्र ने 35 गेंदों में दो चौके और छह छक्कों की मदद से 68 रन बनाए। जबकि कॉन्वे ने 46 गेंदों में 5 चौके और 2 छक्कों की मदद से 63 रन बनाए। उन्हें कमिंस ने स्टार्क के हाथों कैच आउट कराया। ग्लेन फिलिप्स 19 रन और मार्क चैपमैन 18 रन बनाकर नाबाद रहे। न्यूजीलैंड ने निर्धारित 20 ओवरों में 3 विकेट पर 215 रन का स्कोर खड़ा किया।

ऑस्ट्रेलिया की ओर से मिचेल स्टार्क, पैट कमिंस और मिचेल मार्श ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

जवाब में खेलने उतरी ऑस्ट्रेलिया को भी तेजतर्रार शुरूआत मिली। ओपनर ट्रेविस हेड ने 15 गेंदों पर 24 तो डेविड वार्नर ने 20 गेंदों पर 3 छक्कों की मदद से 32 रन बनाए। कप्तान मिशेल मार्श ने 44 गेंदों पर 2 चौके और 8 छक्कों की मदद से 72 रन की उपयोगी पारी खेली। ग्लेन मैक्सवेल ने 11 गेंदों पर 24 तो जोश इंगलिस ने 20 रन बनाए।अंत में टिम डेविड ने 10 गेंदों पर 2 चौके और 3 छक्कों की मदद से 31 रन बनाकर अपनी टीम को 6 विकेट से मैच जितवा दिया।

न्यूजीलैंडकी ओर से कप्तान मिशेल सेंटनर 42 रन देकर 2 विकेट निकालने में सफल रहे। लॉकी फार्ग्यूसन ने भी 23 रन पर 1 विकेट लिया। टिम साऊदी और एडम मिल्ने ने अपने 4-4 ओवरों में 50 से ज्यादा रन दिए लेकिन उन्हें विकेट नहीं मिली।

विराट, अनुष्का के घर हुआ बेटे का जन्म

नई दिल्ली ।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली दूसरी बार पापा बने हैं।उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने लंदन में एक बेटे को जन्म दिया है।इस दंपत्ति की पहले से ही एक बेटी वामिका है।विराट ने सोशल मीडिया के जरिये प्रशंसकों को बेटे के जन्म की खबर दी। विराट ने सोशल मीडिया में वामिका के छोटे भाई के आने की बात साझा की है।उन्होंने कहा कि उनके बेटे का जन्म 15 फरवरी को हुआ।

कोहली ने सोशल मीडिया पर लिखा, दुनिया भर की खुशियों और प्यार से भरे हमारे दिलों के साथ, हम प्रसन्न हैं।सभी को बताना चाहते हैं कि 15 फरवरी को हमने वामिका के छोटे भाई अकाय का इस दुनिया में स्वागत किया।हम अपने जीवन के इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं।साथ ही हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय कृपया हमारी निजता का सम्मान करें।प्यार और आभार। विराट और अनुष्का।वहीं अनुष्का ने इंस्टाग्राम पर बताया कि उन्होंने बेटे का नाम अकाय रखा है, जिसका तुर्की में अर्थ है चमकदार चंद्रमा।

वहीं विराट के इस खबर को साझा करते ही उन्हें प्रशंसकों की ओर से ढ़ेरों बधाईयां मिलने लगीं।

विराट की आईपीएल टीम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर ने सोशल मीडिया पर लिखा, और फिर चार हो गए।अनुष्का और विराट को बहुत-बहुत बधाई, और आरसीबी परिवार के सबसे छोटे सदस्य अकाए का हम स्वागत करते हैं। यह बहुत अच्छी खबर है। वहीं पंजाब किंग्स ने लिखा, किंग कोहली से प्रिंस कोहली तक।अब एक नया अध्याय शुरू होता है! विराट और उनके परिवार को इस खुशी के लिए हार्दिक बधाईयां।

पूर्व भारतीय क्रिकेटर बने यूएई के मुख्य कोच, मुंबई इंडियंस और कई देशों को दे चुके हैं कोचिंग

राउरकेला (एजेंसी)। नई दिल्ली -पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत को तीन साल की अवधि के लिए यूएई पुरुष टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। राजपूत ने 1985 से 1987 तक भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेले, अंतरिम मुख्य कोच मुदस्सर नजर की जगह लेंगे। 62 वर्षीय राजपूत दक्षिण अफ्रीका में 2007 में पहला पुरुष टी20 विश्व कप जीतने वाली एमएस धोनी की कप्तानी वाली भारतीय टीम के प्रबंधक थे और 2008 में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के उद्घाटन संस्करण में मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच थे।

उन्होंने 2016 से 2017 तक अफगानिस्तान को कोचिंग भी दी। इस अवधि में टीम को विशेष रूप से टेस्ट खेलने का दर्जा प्राप्त हुआ। राजपूत ने 2018 से 2022 तक जिम्बाब्वे पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में भी काम किया। राजपूत ने कहा, %मैं इस रोमांचक भूमिका के लिए मुझे नियुक्त करने के लिए अमीरात क्रिकेट बोर्ड को धन्यवाद देना चाहता हूं। यूएई हाल के वर्षों में मजबूत एसोसिएट सदस्यों में से एक के रूप में उभरा है और खिलाड़ियों ने वनडे और टी20 दोनों में कुछ अच्छा प्रदर्शन किया है। वर्तमान बैच असाधारण है प्रतिभाशाली हैं और मैं उनके साथ काम करने और उनके क्रिकेट कौशल को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुक हूं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे विश्वास है कि दुबई में उच्च गुणवत्ता वाले क्रिकेट और अभ्यास सुविधाओं के अनुभव से उत्साहित लड़के समृद्ध होते रहेंगे, यूएई क्रिकेट का भविष्य बहुत उज्ज्वल है और मेरा लक्ष्य टीम को और अधिक लगातार प्रदर्शन करना और उन्हें आगे तक ले जाना होगा। अगले स्तर पर मुझे पूरा विश्वास है कि वे इसमें पूरी तरह सक्षम हैं।'

यूएई के नए मुख्य कोच के रूप में उनका पहला कार्यभार आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 एकदिवसीय त्रिकोणीय श्रृंखला होगी, जिसकी मेजबानी स्कॉटलैंड और कनाडा अन्य प्रतिभागियों के रूप में करेंगे। त्रिकोणीय श्रृंखला 28 फरवरी से शुरू होगी जिसके बाद यूएई अगले महीने तीन टी20 मैचों के लिए स्कॉटलैंड की मेजबानी करेगा। पिछले साल एशिया-प्रशांत क्वालीफाइंग इवेंट के सेमीफाइनल में नेपाल से हारने के बाद यूएई 2024 पुरुष टी20 विश्व कप के लिए जगह बनाने में असफल रहा।

अमीरात क्रिकेट बोर्ड के महासचिव मुबाश्शिर उस्मानी ने कहा, 'हमें यूएई पुरुष टीम के मुख्य कोच के रूप में लालचंद राजपूत की नियुक्ति की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है। राजपूत के पास एक सिद्ध ट्रैक रिकॉर्ड है और उन्होंने दुनिया भर की विभिन्न राष्ट्रीय और घरेलू टीमों के लिए कोच के रूप में असाधारण काम किया है।

हमें विश्वास है कि उनकी कोचिंग के तहत यू.ए.ई. पुरुष क्रिकेट और निखरेगा। मैं इस अवसर पर अंतरिम मुख्य कोच के रूप में उनके शानदार काम के लिए मुदस्सर नजर को धन्यवाद देना चाहता हूं। मुदस्सर अब राष्ट्रीय अकादमी कार्यक्रम के प्रमुख के रूप में अपनी भूमिका में लौट आएंगे जहां वह हमारे भविष्य के सितारों की पहचान करना और उन्हें तैयार करना जारी रखेंगे।'

टी20 प्रारुप को एकदिवसीय से बेहतर नहीं मानते इयान चैपल

सिडनी । दिग्गज ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर इयान चैपल ने कहा कि एकदिवसीय प्रारुप अभी भी टी20 से काफी बेहतर है। चैपल ने साथ ही कहा कि जो भी ये सोचता है कि टी20 अच्छा है वह गलत है। इस क्रिकेटर ने कहा कि प्रशासकों के उपेक्षापूर्ण रवैये से ही उन्हें 50 ओवर के प्रारूप के भविष्य को लेकर खतरा नजर आता है। ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के बीच चैपल-हेडली ट्रॉफी साल 2004 से लेकर अब तक एकदिवसीय प्रारुप में खेली जाती थी पर अब इसे भी टी20 फॉर्मेट में खेला जा रहा है। जिससे अब एकदिवसीय के भविष्य को लेकर आशंकाएं लगायी जाने लगी हैं। चैपल ने कहा, निश्चित रूप से आर्थिक लाभ को देखते हुए प्रशासकों की वरीयता टी20 क्रिकेट है और इसी कारण ज्यादा से ज्यादा टी20 क्रिकेट खेला जा रहा है। वहीं एकदिवसीय क्रिकेट कम खेला जा रहा है पर जो कोई भी सोचता है कि टी20, 50 ओवर के खेल से बेहतर है, वह गलत है। प्रशासकों ने 50 ओवर के क्रिकेट की अपेक्षा शुरु कर दी है। मुझे लगता है कि उन्होंने इसे उस बिंदु तक जाने दिया है, जहां वे इसे फिर से पहचान दिलाने में सफल नहीं हो पाएंगे। ऑस्ट्रेलिया चैपल-हेडली ट्रॉफी का धारक है, जो आखिरी बार सितंबर 2022 में केर्न्स में तीन एकदिवसीय मैचों के लिए खेला गया था। चैपल का मानना है कि 50 ओवर का प्रारूप अब कभी भी वह लोकप्रियता हासिल नहीं कर पाएगा, जो पहले हुआ करती थी।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान ने डकेट से कहा, यशस्वी से कुछ सीखो

लंदन (एजेंसी)। इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय क्रिकेट टीम के युवा सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को लेकर की गयी बेन डकेट की टिप्पणी पर नाराजगी जतायी है। डकेट ने कहा था कि हमारी आक्रामक रणनीति के परिणाम स्वरुप ही यशस्वी को तेजी से बल्लेबाजी करने पड़ी इसलिए उनकी दोहरे शतक की पारी का कुछ श्रेय हमें भी मिलना चाहिये। इसी पर नाराजगी जताते हुए हुसैन ने कहा कि इस प्रकार की बातें करने की जगह डेकेट और अन्य खिलाड़ियों को अपने अंदर झांकना होगा और यशस्वी से सीखना चाहिये। तीसरे टेस्ट के तीसरे दिन के खेल के बाद जायसवाल की शानदार दोहरे शतक की पारी को लेकर डकेट ने कहा, जब आप विपक्षी खिलाड़ियों को इस तरह खेलते हुए देखते हैं, तो लगभग ऐसा लगता है कि हमें कुछ श्रेय लेना चाहिए कि वे अन्य लोगों के टेस्ट क्रिकेट खेलने के तरीके से अलग खेल रहे हैं। यही बात हुसैन को पसंद नहीं आई, जिन्होंने डकेट को फटकार लगाई और इंग्लैंड के खिलाड़ियों से आक्रामक रणनीति का समर्थन करने के मामले में फिर से विचार करने को कहा।

हुसैन ने कहा, उसने आपसे नहीं सीखा है। उसने अपने पालन-पोषण से सीखा है, बड़े होने में उसे जो कड़ी मेहनत करनी पड़ी है। कुछ भी हो उसे देखो और उससे सीखो। साथ ही कहा कि आक्रामक रणनीत को इस प्रकार बताया जा रहा है जैसे उसका विरोध नहीं किया जा सकता हो।

बाबर आजम सबसे तेज 10 हजार टी20 रन बनाने वाले बल्लेबाज, तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

इस्लामाबाद।पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज बाबर आजम ने टी20 क्रिकेट में एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया।वह टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 10 हजार रन बनाने बल्लेबाज बन गए हैं।इस कड़ी में उन्होंने विस्फोटक बल्लेबाज क्रिस गेल का रिकॉर्ड ध्वस्त किया है।गिल ने 285 पारियों में 10 हजार रन पूरे किए थे जबकि बाबर ने इस आंकड़े को 271वीं पारी में छुआ। पेशावर जाल्मी के कप्तान बाबर आजम ने कराची किंग्स के खिलाफ बुधवार को हुए मैच में 72 रनों की शानदार पारी खेली।इस पारी में उन्होंने 7 चौके और 1 छक्का जड़ा। इस पारी में ही उन्होंने अपने 10 हजार टी20 रन पूरे किए। टी20 में सबसे तेज 10 हजार रन पूरे करने वाले बल्लेबाज पहले क्रिस गेल थे। गेल के बाद लिस्ट में विराट कोहली का नाम है, जिन्होंने 299 पारियों में 10 हजार टी20 रन पूरे किए थे।बता दें कि, बाबर आजम टी20 क्रिकेट में 10 हजार रन पूरे करने वाले दुनिया के 13वें खिलाड़ी हैं।वह 10 हजार सबसे कम पारियों में पूरा करने वाले बल्लेबाज बन गए हैं।29 वर्षीय बाबर आजम का टी20 में सर्वाधिक स्कोर 122 रन का है, जो उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2021 में बनाया था।इस फॉर्मेट में बाबर आजम ने 10 शतकीय और 84 अर्धशतकीय पारियां खेली।

पुराने अंदाज में नजर आए ऋषभ पंत, वॉर्म-अप मैच में जड़े छक्के

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स के कप्तान ऋषभ पंत की लंबे समय बाद मैदान पर वापसी हुई है। लगभग 14 महीनों बाद क्रिकेट में वापसी को लेकर वे बेहद उत्सुक हैं। जब ऋषभ पंत आगामी आईपीएल 2024 सीजन में मैदान पर उतरेंगे तो ये एक यादगार वापसी होगी। विकेटकीपर बल्लेबाज ने अपनी चोट से उबरने के बाद अलूर में अपना पहला वॉर्म-अप मैच खेला। आईपीएल से पहले अपनी तैयारी का जायजा लेने के लिए उन्होंने वॉर्म-अप मैच खेला, जिसमें उन्होंने शानदार शॉट्स भी लगाए। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

पंत दिसंबर 2022 में एक घातक कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे। दुर्घटना के बाद से, पंत क्रिकेट से दूर रहे। कुछ महीनों के बाद पंत ने दुर्घटना से उबरना शुरू कर दिया। लेकिन ये एक लंबी प्रक्रिया थी और वह एक्शन में गायब रहे। पंत की नजरें आईपीएल 2024 में वापसी पर हैं।

हालांकि, क्रिकबज की रिपोर्ट में दावा किया गया कि पंत आईपीएल 2024 में कीपिंग नहीं करेंगे और इसके बजाय वह एक शुद्ध बल्लेबाज के रूप में दिल्ली कैपिटल्स की कप्तानी करेंगे। पंत एक इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में भी खेल सकते हैं।

हालांकि, पंत ने मंगलवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर किया जिसमें वह पूरे जोश के साथ विकेटकीपिंग करते नजर आ रहे हैं। हालांकि, इस क्लिप का मतलब ये बिलकुल नहीं है कि आईपीएल में वो विकेटकीपिंग के लिए तैयार हैं।

पेरेंट्स बनने वाले हैं वरुण धवन नताशा दलाल

वरुण धवन और नताशा दलाल जल्द ही पेरेंट्स बनने वाले हैं। वरुण ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर फैंस के साथ ये खुशखबरी शेयर की है। उन्होंने पत्नी नताशा के साथ एक तस्वीर शेयर करते हुए लिखा- वी आर प्रेग्नेंट, आप सभी के आशीर्वाद और प्यार की जरूरत है। शेयर की गई ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर में नताशा का बेबी बंप साफ दिखाई दे रहा है। शादी के तीन साल बाद कपल पेरेंट्स बनने वाले हैं। वरुण और नताशा के चाहने वाले उनके पोस्ट पर बधाई दे रहे हैं। बता दें वरुण और नताशा 24 जनवरी 2021 को शादी के बंधन में बंधे थे।

बचपन से साथ हैं नताशा-वरुण

एक इंटरव्यू में नताशा ने वरुण के बारे में बात करते हुए कहा था, वरुण और मैं एक ही स्कूल में पढ़ते थे। जब हम दोस्त थे तब हमारी उम्र 20 के आसपास पहुंच चुकी थी। मुझे याद है, जब हम एक दूसरे से दूर रहने लगे थे। दूर रहकर हमें एहसास हुआ था कि हमारा रिश्ता दोस्ती से बढ़कर है। जब वरुण को नताशा के लिए अपनी फीलिंग्स का एहसास हुआ तो उन्होंने नताशा को इंप्रेस करने के लिए खूब पापड़ बेले, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया। बल्कि चार बार रिजेक्शन के बाद पूरी कहानी में ही ट्विस्ट आ गया। हालांकि रिजेक्ट होने के बाद भी वरुण ने हार नहीं मानी और बार-बार कोशिश करते रहे। फिर एक दिन कोशिश रंग लाई और नताशा भी मान गईं।

12वीं क्लास तक दोनों दोस्त थे

करीना कपूर के रेडियो चैट शो 'व्हाट वुमन वांट' में पहुंचे वरुण ने नताशा के साथ अपनी बॉन्डिंग पर खुलकर बात की थी। उन्होंने कहा था, नताशा से मैं पहली बार जब मिला था तब हम 6वीं क्लास में थे। उस वक्त हम एक-दूसरे को डेट नहीं कर रहे थे। हम 12वीं क्लास तक केवल दोस्त ही थे। एक बार स्कूल में लंच ब्रेक था। मैं बास्केटबॉल कोर्ट में था तभी मैंने नताशा को वहां से गुजरते हुए देखा, मुझे लगता है यही वो पल था, जब मुझे उनसे प्यार हो गया।

मोहनलाल जितने महान अभिनेता हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी हैं

मराठी में बकुला नामदेव घोटाले और नटरंग जैसी फिल्मों के जरिए अवॉर्ड्स और तारीफ पाने वाली जानी-मानी एक्ट्रेस सोनाली कुलकर्णी ने बॉलीवुड में ग्रैंड मस्ती 2 और सिंघम रिटर्न्स जैसी फिल्में भी की हैं। अप्सरा के नाम से फेमस सोनाली इन दिनों चर्चा में हैं अपनी ताजा-तरीन मलयालम फिल्म मलायकोट्टाई वालीबान से। इस फिल्म में साउथ के सुपर स्टार मोहनलाल के साथ हैं।

आपने अपने करियर की शुरुआत मराठी इंडस्ट्री से की और फिर हिंदी फिल्मों के बाद आप साउथ की मलायकोट्टाई वालीबान जैसी फिल्म में नजर आ रही हैं, अपने सफर को कैसे देखती हैं?

बहुत ही रोचक रहा मेरा सफर। मेरा इंडस्ट्री में कोई बैकग्राउंड नहीं था, न ही मैंने अभिनय की कोई तालीम ली थी, न कभी कोई थिएटर किया। मैं आर्मी बैकग्राउंड से हूं, मेरी मां पंजाबी हैं और पिता मराठी। मैंने तय नहीं किया था कि मैं किस भाषा या विधा में काम करूंगी। मैं पुणे से हूं, तो वहां फैशन शो और ऑडिशन होते रहते हैं एक्टिंग के। वहीं से मैंने शुरुआत की। एक दिन मैं एक मराठी सीरियल हा खेल संचिता चा के ऑडिशन में पहुंच गई। वहां मेरा सिलेक्शन हो गया और अपने पहले ही सीरियल में मुझे विक्रम गोखले और नसीरुद्दीन शाह जैसे दिग्गजों के साथ काम करने का मौका मिला।

साउथ के मोहनलाल जैसे दिग्गज अभिनेता के साथ काम करने का अनुभव कैसा रहा?

वे अनगिनत पुरस्कारों को जीतने वाले विविधरंगी कलाकार-निर्देशक हैं। गाना भी गाते हैं, प्रशिक्षित डांसर हैं, मार्शल आर्ट्स में पारंगत हैं। जितने महान अभिनेता हैं, उतने ही अच्छे इंसान भी। पहली बार जब मैं उन्हें सेट पर मिली, तो मैं बहुत नर्वस थी, मगर उन्होंने पहल कर मुझे सहज किया। हमारे बीच काम को लेकर बहुत शेयरिंग हुआ करती थी। सेट पर हमारे बीच काफी क्रिएटिव आदान-प्रदान हुआ। 60 साल की उम्र में भी काम को लेकर उनमें बच्चों-सी जिज्ञासा है। सेट पर वे सीन के पहले चरण से आखिर तक रहते हैं। उनकी एक क्वालिटी और ये है कि कितने भी रीटेक हो जाएं, वे अपना सब्र नहीं खोते, अभिनेता के रूप में उनकी परफॉर्मेंस बहुत सटल होता है। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है।

अभिनेत्री होने के साथ-साथ आपका डांस का पहलू भी काफी मजबूत है।

अगर मैं कहूं कि डांस मैं मां के पेट से सीख कर आई हूं, तो आपको फिल्मी लगेगा, मगर ये सच है। मेरी मां को डांस का बहुत शौक रहा है और वे आज भी डांस और कला को लेकर उत्सुक रहती हैं। कई बार आपके माता-पिता की ख्वाहिशें आप में उतर आती हैं, तो जब उनकी इच्छाएं पूरी नहीं होती, तो वे उन्हें आप में देखना चाहते हैं। मेरी मां शौकिया रूप से गाया और डांस किया करती थी, तो वो कला मुझमें मेरी मां से आई है।

आप बॉलीवुड में ग्रैंड मस्ती 2 जैसी फिल्म में भी रही हैं। आप जैसी सोच प्रेरक अभिनेत्री को ऐसी अडल्ट कॉमिडी का हिस्सा बनने का अफसोस होता है?

एक कलाकार होने के नाते आपके करियर में कुछ फिल्मों का सफल होना जरूरी होता है। मैंने जब अपने करियर की शुरुआत की, तब मेरे पास अपनी भूमिकाओं और फिल्मों को चुनने के उतने ऑप्शन नहीं होते थे, मगर तब भी मेरी सोच यही थी कि मैं हर तरह की फिल्मों का हिस्सा बनूं। एक तरफ मैं हिरकणी जैसी महिला प्रधान फिल्म करती हूं, तो दूसरी तरफ ग्रैंड मस्ती जैसी यूथ ओरिएंटेड मूवी। जल्द ही आप मुझे तारारानी जैसी ऐतिहासिक फिल्म में एक ऐसे मजबूत महिला पात्र के रूप में देखेंगे, जो मराठा साम्राज्य को बचाने के लिए पूरे सात साल तक औरंगजेब से टक्कर लेती रही। मैं दुर्गा और राव साहेब जैसी फिल्में भी कर रही हूं, जो ह्यूमन -एनिमल कॉन्फ्लिक्ट पर है। मित्रा मेरी मसाला फिल्म है, तो मैं अभिनेत्री के रूप में हर तरह के रोल करने में यकीन करती हूं। मैं किसी एक इमेज में नहीं बंधना चाहती।

आपके करियर और जिंदगी का प्राउड मोमेंट क्या रहा है?

मेरे लिए प्राउड मोमेंट यही रहा कि मैंने अपनी जिंदगी और करियर में कभी किसी तरह का समझौता कभी नहीं किया। मैंने कभी मेंटल, इमोशनल या फिजिकल कॉम्प्रोमाइज नहीं किया। मैंने अपने करियर में छोटा-मोटा जो कुछ अचीव किया है, अपने बलबूते पर किया, अपनी शर्तों पर अपने मूल्यों को बनाए रखते हुए किया है। जीवन के आखिरी पड़ाव में जब मैं अपने ग्रैंड चिल्ड्रन को अपनी कहानी सुनाऊंगी, तो गर्व से कह सकती हूं कि ये मेरा कमाया हुआ है।

फिल्म क्रॉसफायर में साथ दिखाई देंगे शांतनु माहेश्वरी और खुशाली कुमार

खुशाली कुमार को पिछली बार फिल्म स्टारफिश में देखा गया था। अब वे जल्द ही फिल्म क्रॉसफायर में भी दिखाई देंगी। इस फिल्म में उनके साथ शांतनु माहेश्वरी लीड रोल में नजर आएंगे। हरीश राउत इस फिल्म को डायरेक्ट करेंगे। इस फिल्म के बारे में राउत ने कहा... यह एक साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है लेकिन परिदृश्य में बहुत ही मजबूत ह्यूमन स्टोरी है। मुझे फिल्म के लिए दो युवा एक्टर्स की तलाश थी जो इन भूमिकाओं को सही तरीके से परदे पर उतार सकें। मैं खुश हूं कि मैंने शांतनु और खुशाली मुझे मेरे दोनों किरदार के रूप में मिले। हम पूरे कास्ट के साथ अक्टूबर में फ्लोर पर जाने से पहले एक वर्कशॉप करेंगे। वहीं खुशाली ने कहा... मैं इस फिल्म को लेकर बेहद उत्साहित हूं। ये किरदार काफी मजेदार और चैलेंजिंग है। मैं शांतनु के साथ काम करने के इस अवसर से भी बहुत खुश हूं। शांतनु कहते हैं... स्क्रिप्ट पढ़ते ही मैंने फिल्म के लिए हां कर दी। ऐसे किरदार कम ही मिलते हैं जो पूरी तरह से अच्छे या बुरे नहीं होते। मेरा किरदार काफी लेयर्ड है।

अदिवि शेष की आने वाली फिल्म जी2 में हुई इमरान हाशमी की एंट्री

इमरान हाशमी को पिछली बार फिल्म टाइगर 3 में देखा गया था। इस फिल्म में उनके साथ सलमान खान और कटरीना कैफ लीड रोल में थे। अब इमरान को लेकर एक नई जानकारी सामने आ रही है। एक्टर जल्द ही फिल्म जी2 में भी दिखाई देंगे। इसमें उनके साथ अदिवि शेष भी लीड रोल में नजर आएंगे। अदिवि ने इमरान का फिल्म में स्वागत किया है। उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्टर भी शेयर किया है। अदिवि ने कैप्शन में लिखा... जी2 यूनिवर्स में शानदार एक्टर इमरान हाशमी का बहुत बहुत स्वागत है। आपके साथ काम करने का इंतजार नहीं कर सकता हूँ। परवर होने वाला है। वहीं इमरान ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा... अदिवि में इस फिल्म से जुड़कर बेहद ही खुश हूँ। बस अब इंतजार नहीं कर सकता। मुझे सर कहकर किसी तरह की फॉर्मेलिटी करने की जरूरत नहीं है। जल्द ही मिलते हैं। वहीं उन्होंने कहा.... जी 2 के कलाकारों को जंइन करना वास्तव में रोगांचकारी है। स्क्रिप्ट आकर्षक है और में इस स्पाई थ्रिलर का हिस्सा बनने के लिए उत्सुक हूं। नहीं निर्माता अभिषेक अप्रवान ने कहा... जी2 के लिए इमरान का इस फिल्म में शामिल होना बेहद खुशी की बात है। उनका स्पाई किरदार निश्चित रूप से फिल्म में जान भर देगा। उनके इस स्पाई फ्रेंचाइज फिल्म में शामिल होने से फिल्म और भी रोमांचकारी रूप लेगी। इस फिल्म में इमरान और अदिवि के अलावा बनिता संधू भी लीड रोल में दिखाई देंगी।

नो फिल्टर नेहा टॉक शो में नजर आएंगी करीना कपूर

नेहा इन दिनों अपने टॉक शो नो फिल्टर नेहा के आने वाले सीजन की तैयारी में व्यस्त हैं। इस सीजन में नेहा बी-टाउन सेलेब्स से कुछ दिलचस्प सवाल-जवाब करती नजर आएंगी। हाल ही में करीना कपूर को भी नेहा के साथ में इस शो की शूटिंग के सिलसिले में स्पॉट किया गया।

हालांकि पिछले कुछ समय से नेहा ये शो नहीं कर पा रही थीं। लेकिन अब फाइनली तीन साल के बाद वे फिर से अपना पॉपुलर टॉक शो लेकर आ रही हैं। खबरों की मानें तो इस साल ये शो जियो पर दिखाया जाएगा। इस शो में अनन्या पांडे, कृति सेनन, टाइगर श्रॉफ समेत अन्य सेलेब्स शामिल होते नजर आएंगे।

क्राइम पेट्रोल छोड़ने के बाद एक तरह की भूमिकाएं हुईं ऑफर

फिल्म इंडस्ट्री सबसे अधिक प्रतिस्पर्धात्मक क्षेत्र है। यहां बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक कभी भी कोई भी आपका प्रतिद्वंद्वी बन सकता है। ऐसे में शोज में कोई अहम भूमिका निभाना और अपने रोल से दर्शकों के बीच अपनी अमिट छाप छोड़ना किसी चुनौती से कम नहीं है।

क्राइम पेट्रोल फेम अनूप सोनी हाल ही में मिर्ग नामक फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते नजर आ रहे हैं। यह फिल्म 9 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। अब अभिनेता ने क्राइम पेट्रोल में अपनी भूमिका को लेकर कई दिलचस्प खुलासे किए हैं। हाल ही में, एक साक्षात्कार में अनूप ने बताया कि कैसे कास्टिंग एजेंसियों ने उन्हें लंबे समय तक क्राइम पेट्रोल में दिखाई देने के बाद इसी तरह की भूमिकाएं पेश कीं। हालांकि, एक अभिनेता के रूप में वे और भी कई सारी अलग भूमिकाएं कर सकते थे। किसी भी कलाकार को अपनी भूमिकाओं के साथ एक्सपेरिमेंट करते रहना चाहिए। अनूप ने कहा, एक अभिनेता के रूप में मेरा विश्वास है कि मैं जो भी ऑप्शन चुनता हूं, उसका मेरे दर्शक आनंद लेते हैं। मैं अलग भूमिकाएं निभाना चाहता हूं, लेकिन साथ ही मैं जानता हूं कि मुझे इंडस्ट्री में कुछ खास लोगों के साथ काम करना होगा। मेरे पास आने वाली स्क्रिप्ट मेरी पसंद की होनी चाहिए। फिलहाल, मेरा प्लान अलग-अलग लोगों के साथ काम करने का है। इंटरव्यू में अनूप सोनी से पूछा गया कि क्या उनके लिए अपनी क्राइम पेट्रोल छवि को तोड़ना चुनौतीपूर्ण था? इस पर अभिनेता ने कहा, पंद्रह साल तक मेरी दाढ़ी नहीं रही। कास्टिंग एजेंट मुझे इसी तरह की भूमिकाएँ देते थे। हालांकि मैं लड़ या बहस नहीं कर सकता था। मैं उनसे कहता था कि निर्माताओं को यह विश्वास दिलाना उनका काम है कि मैं अलग-अलग भूमिकाएं निभा सकता हूं।

बॉलीवुड में कमबैक पर बोलीं आयशा

आयशा टाकिया बॉलीवुड की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक हैं। आयशा ने फिल्म टार्जन - द वंडर कार से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। इस फिल्म में वह अभिनेता वत्सल सेठ के अपोजिट नजर आईं थीं।

इसके अलावा टार्जन- द वंडर कार में अजय देवगन भी नजर आए थे। आयशा भले ही फिल्मी दुनिया से दूर हैं, लेकिन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव हैं। हाल ही में, आयशा ने ट्रोल्स को जवाब देते हुए कहा है कि उन्हें अब फिल्में करने में कोई दिलचस्पी नहीं हैं। पूर्व बॉलीवुड अभिनेत्री आयशा टाकिया आजमी को अपने बेटे के साथ मुंबई एयरपोर्ट पर नजर आईं। अभिनेत्री की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर वायरल हो गईं और नेटिजंस ने कहा कि वह पहचान में नहीं आ रही थीं। कई यूजर्स ने प्लास्टिक सर्जरी के बाद अपना चेहरा बर्बाद करने के लिए अभिनेत्री को खूब ट्रोल भी किया। हालांकि, बाद में अभिनेत्री ने इन ट्रोल्स को मुंहतोड़ जवाब भी दिया था। आयशा ने कहा, मुझे किसी भी फिल्म में काम करने या किसी भी तरह की वापसी में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैं अपना जीवन खुशी से जी रही हूं, कभी सुर्खियों में नहीं रहना चाहती। मेरी किसी प्रसिद्धि में दिलचस्पी नहीं है। मैं किसी फिल्म में नहीं आना चाहती हूं। कृपया मेरी बिल्कुल भी परवाह न करें। इसके अलावा उन्होंने कहा, एक ऐसी लड़की को, जिसे ज्यादातर कम उम्र में देखा गया है, उससे उम्मीद करना की वह 15 साल बाद भी वैसी दिखेगी। ये लोग मानसिक रूप से बीमार हैं।